ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 06 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 272 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

हम 'अद्भुत मिजोरम' बनाने के लिए काम... पेज 10 पर






अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## गागर में सागर

### जाति सर्वेक्षण करने के प्रस्ताव को सरकार कैबिनेट में करें पारित : राजेश



**रांची।** आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी अपने राज्य में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए सभी वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया है। उसी क्रम में आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ने सोमवार को कैबिनेट में जाति सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव को पारित किया है। जिसके लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा बधाई देती है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्य में जाति सर्वेक्षण करने के प्रस्ताव को कैबिनेट में पारित करने की मांग की है। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठन बंधन के घटक दल राष्ट्रीय स्तर पर लगातार जातीय जनगणना करने की मांग कर रहे हैं कई राज्यों में सर्वेक्षण करने की घोषणा हुई है परंतु झारखंड में जातीय सर्वेक्षण अभी तक नहीं हुई है जिससे राज्य में ओबीसी समुदाय को उनके हक अधिकार में कटौती हो जा रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी सामाजिक न्याय के मसीहा के रूप में उभरे हैं वह अपने मंत्रिमंडल में पांच उपमुख्यमंत्री और जनसंख्या अनुपात में अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यक व सामान्य वर्ग के मंत्री बनाकर देश में अपना कृतिमान स्थापित किया है।

### सिल्ली पुलिस ने अवैध बालू लदा दो हाईवे को किया जब्त




**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत सिल्ली पुलिस ने रविवार को लगभग सुबह 8 बजे गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुरूलिया मार्ग में कुलसुद गांव के समीप गश्ती कर अवैध रूप से बालू लदा दो हाईवे नंबर जेएच 02 बीजे 3444 वही दूसरा हाईवे नंबर ओडी 09 पी 4106 को जप्त किया। सिल्ली थाना प्रभारी लाल जी ने बताया की अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार हाईवा रामगढ़ जिले के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। अवैध बालू को लेकर क्षेत्रो में लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है जिससे बालू माफिया हाईवे में बालू लोड कर तिरपाल से अच्छी तरह से ढक देते हैं ताकि किसी को भनक न लगे कि इस हाईवे में बालू लदा हुआ है।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल, तीनों रिम्स रेफर



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में रविवार की शाम लगभग छह बजे दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक युवती व दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना घाघरा तुको सड़क पर बाइक के असंतुलित होकर गिरने से बाइक सवार 17 वर्षीय युवती अनिमा कच्छप खूंटी टोली बेड़ो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं दूसरी घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग के पुरना पानी पोकलो ढोढ़हा पुल के समीप हुई। जिसमें सड़क पर एक कार व बाइक सवार की आमने सामने भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दोलैंचा लापुंग निवासी 16 वर्षीय नमन भगत पिता दिनेश भगत व 18 वर्षीय उज्ज्वल भगत पिता जयेंद्र भगत गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को स्वजनों ने ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सुमित्रा कुमारी ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से तीनों को रिम्स रेफर कर दिया।

### बेड़ो के जामटोली पहाड़ पर भगवान भोलेनाथ का मनेगा 16वां वर्षगांठ

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव के महावीर चौक के समीप रविवार को शिव मंदिर निर्माण सह कार्तिक पूर्णिमा मेला समिति के अध्यक्ष मुकेश गोप की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी हरिहरपुर जामटोली पहाड़ में इस वर्ष भी आगामी 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान भोलेनाथ का 16वां वर्षगांठ उत्सव व मेला धूमधाम से लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 24 घंटा का अखंड हरि कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### जतरा मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत : सन्नी टोप्पो

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हांतु में 64 वां ऐतिहासिक दो दिवसीय वार्षिक 21 पड़हा जतरा का रविवार को समापन हो गया। इसके पूर्व शनिवार की रात को इस दो दिवसीय ऐतिहासिक जतरा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर मेला व रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जतरा मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इस विरासत को बचाए रखना हम सबों का दायित्व है। पूर्वजों से मिली इस विरासत को हम सभी आदिवासी मूलवासी को मिलजुल कर बचाना है। जिस तरह आज हमारे हातु गांव में 64 साल से सभी जाति धर्म मिलजुलकर इस जतरा को लगाते आ रहे हैं। उसी प्रकार हमें आगे भी संगठित होकर रहने की जरूरत है। तभी जाकर हमारी संस्कृति और विरासत बची रहेगी। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व मुखिया बुधराम बाडा ने कहा कि हम सभी मिल जुल कर एक जुट रहने की जरूरत है।आज जतरा को बचाने के लिए सभी जाति धर्म के लोग ऊपर आए हैं तभी हमारे पड़हा समाज बचा है। इस मौके पर संस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों ने भरपूर लुत्फ उठाया। जतरा में पूर्व मुखिया ने मांदर बजा कर ग्रामीणों को झूमाया। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद सईम हुसैन, सचिव तसवा उरांव, कोषाध्यक्ष अनवर हुसैन, पंचायत समिति बेरोनिका एक्का, पूर्व मुखिया बुधराम बाडा, इक्कीस पाड़हा राजा महादेव कुजुर, संदीप उरांव, बिमल भगत, रंजन गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, प्रदीप राम, सैफ हुसैन, सद्दाम हुसैन सहित समस्त ग्राम वासी लगे हुए थे।

### जेलर ने की आय से अधिक कमाई, एसीबी जांच शुरू

# अश्विनी तिवारी के आईआर में आरोप की पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने धनबाद के तत्कालीन जेल अश्विनी तिवारी के खिलाफ पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अश्विनी पर पद पर रहते हुए ज्ञात स्त्रोत से अधिक आय अर्जित करने का आरोप है। एसीबी ने अश्विनी तिवारी के खिलाफ एक अगस्त 2022 को आईआर दर्ज किया था। आईआर जांच में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप प्रथमद्दष्टया सही पाए गए, जिसके बाद एसीबी ने मंत्रिमंडल निगरानी व सचिवालय विभाग से पीई का आदेश मांगा था। विभागीय अनुमति बनने के बाद एसीबी ने पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है आरोप :** जेलर अश्विनी तिवारी पर आरोप है कि पद पर रहते हुए उन्होंने आय से अधिक कमायी की। साल 1985 में तिवारी की बहाली जेल में बतौर क्लर्क हुई थी। पहले वह चास जेल में पोस्टेड रहे। क्लर्क रहते हुए चास मंडल कारा के प्रभार में वह साल 2004 तक रहे। इसके बाद उनकी तैनाती धनबाद जिले में हो गई थी। आरोप है कि पद पर रहते हुए तिवारी ने दिल्ली तक में फ्लैट की खरीद की, वहीं चास समेत कई शहरों में अचल संपत्ति में निवेश किया। चास में ही करोड़ों के मकान के निर्माण की बात भी सामने आयी है। एसीबी ने पाया है कि अश्विनी तिवारी ने अपने बेटे का एडमिशन कनाडा में कराया था, तब भी 15 लाख नकदी उसके बैंक खाते में जमा कराए गए थे।

**शूटर अमन सिंह के मददगार के तौर पर पहचान के बाद किया गया था निलंबित :** धनबाद में जेलर के पद पर रहते हुए अश्विनी तिवारी को तत्कालीन जेल आईजी मनोज कुमार ने मई 2022 में निलंबित किया था। धनबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ समीर से अमन सिंह ने धनबाद जेल से रंगदारी मांगी थी। जांच के क्रम में यह बात सामने आयी थी कि डॉ समीर से जिस वक्त रंगदारी मांगी गई थी, उस वक्त सीने में दर्द की शिकायत कर वह जेल अस्पताल में चला गया था। जेल अस्पताल से ही उसने डॉ समीर को फोन कर रंगदारी मांगी थी। जेल आईजी ने जब जेल के सीसीटीवी फूटेज की जांच की, तो पता चला कि जेल अस्पताल में एक ऐसा एरिया था, जिसे सीसीटीवी की पहुंच से दूर रखा गया था। उसी जगह पर जाकर अमन ने फोन लगाया था। मामले में जेलर अश्विनी तिवारी के मिलीभगत का मामला जेल आईजी ने पाया था, इसके बाद 13 मई 2022 को तत्कालीन जेल आईजी ने अश्विनी तिवारी को निलंबित किया था। निलंबन के बाद ही एसीबी ने भी आसूचना के आधार पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने से जुड़ा आईआर दर्ज दिया था।

# 17 को बुंडू में सीपीएम की विराट उलगुलान रैली

**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

रविवार के दिन बड़ा मुरी स्थित सीपीआईएम पार्टी कार्यालय में संतोष कुम्हार की अध्यक्षता में जीबी की बैठक हुई। इस बैठक में सिल्ली मुरी लोकल कमिटी के सभी ब्रांच सचिव तथा पार्टी सदस्य उपस्थित रहे ।रांची जिला के जिला सचिव कामरेड सुखनाथ लोहार पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित रहे तथा उन्होंने कहा कि आगामी दिनांक 17 नवंबर 2023 को बुंडू में हो रहे विराट उलगुलान रैली एवं जनसभा में सिल्ली मुरी से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज करने को कहा, उन्होंने आगे कहा कि इसराइल और फिलिस्तीन की लड़ाई को अभिलंब बंद करवाने के लिए भारत सरकार को संयुक्त राष्ट्र संघ में हस्तक्षेप करने को कहा तथा अमेरिका और इंग्लैंड की उपनिवेशवाद की मानसिकता को उजागर करने के लिए लोगों को गोल बंद होने की जरूरत बताई। उनसे पहले कामरेड अरुण महतो ने कहा कि भारत सरकार की जन विरोधी नीति, महंगाई और भ्रष्टाचार तथा 2024 के चुनाव से पहले भारत सरकार की गंदी नियत उजागर करने को कहा। इसी क्रम में किसान सभा के कॉमरेड दिवाकर सिंह मुंडा ने कहा कि सिल्ली मुरी में हमारे विचारधारा को मानने वाले लोगों की कमी नहीं है बसरते हम पहुंच नहीं पाने के कारण उन्हें हम गोलबंद नहीं कर पा रहे हैं इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस जीबी बैठक में लोकल कमिटी सचिव कामरेड अमर महली, कामरेड चितरंजन महतो, जितेंद्र महतो, कामरेड सदानंद सोनार, कामरेड विजय सिंह मुंडा, कामरेड रवि पद बेदिया एवं कामरेड दीपक सोनार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार की नई शिक्षा नीति में सक्रिय भूमिका निभाएं : कंचन

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में विगत शनिवार को प्रोजेक्ट रेल के तहत साप्ताहिक जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। लापुंग प्रखंड में चल रहे प्रोजेक्ट रेल के तहत साप्ताहिक जांच परीक्षा के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रोजेक्ट रेल तथा सप्ताहिक जांच परीक्षा के संदर्भ में आवश्यक जानकारी ली। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी. में औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा की प्रक्रियाओं को जाना और समझा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक और अजप्टा के जिला अध्यक्ष सलीम सहाय तिग्गा ने प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना तथा जेसीईआरटी के क्रियाकलापों के संदर्भ में जानकारी दी और बताया कि प्रोजेक्ट रेल के तहत प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग कक्षाओं में अलग-अलग विषयों की परीक्षा ली जा रही है। इसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का वर्गवार संख्या विभागीय रिपोर्ट लिंक के माध्यम से दी जाती है। उधर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरटोली डाडी. में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने एसएमसी के सदस्यों को सरकार की नई शिक्षा नीति, एफ एल एन कार्यक्रम तथा प्रयास के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा विद्यालय तथा छात्र-छात्राओं के विकास में उल्लेखनीय कार्य करने की नसीहत दी। इस मौके पर संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता, हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सलीम सहाय तिग्गा, सहायक शिक्षिका एनी एक्का, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तेतरटोली के प्रधान शिक्षक सुरेन्द्र गोप, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# आदिवासी समुदाय के लोगों ने करम मिलन समारोह का आयोजन किया

**नवीन मेल संवाददाता। सोनाहातू**

लोहरा करमाली समाज समन्वय समिति पारमजाड़ेया के तत्वावधान में रविवार को करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पूरे पंचपरगना क्षेत्र के लोहरा करमाली समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिप सदस्य मंजु सिंह मुंडा उपस्थित थे। कार्यक्रम में बुन्डू, तमाड़, राहे, आनगाड़ा, अंड़की, सिल्ली के अलावे रांची सहित कई जगहों से महिला पुरुष अपने आदिवासी परिधान के साथ पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ करम डाली पर पाहन द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। पूजा करने के पश्चात लोहरा करमाली समाज के महिला पुरुषों ने भादो गीत पर झुमने लगे इस दौरान आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ रही। समाज के लोगो ने कार्यक्रम में आये अतिथियों का सॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रथम बर्ग से दशम बर्ग के छात्र एवं छात्राओं को बेग व कलम कॉपी देकर सम्मानित किया गया सोनाहातू प्रखंड के परमजाड़ेया गांव जहां सिर्फ लोहरा समाज के लोगो का ही निवास है। और अपने समाज की ओर से हर बर्ष करम मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सचिव मनसा लोहरा ने कहा कि हमारा समाज पहले भी आदिवासी थे आज भी है और कल भी आदिवासी ही रहेंगे। किंतु कुछ राजनीतिक चाल चलने के कारण लोगों को परेशानियां हो रही है। मौके पर सोनाहातू प्रमुख बिक्टोरिया देवी, तेलवाडीह मुखिया प्रतिनिधि एवं पूर्व मुखिया फनी भूषण सिंह मुंडा पूर्व प्रमुख रमेश लोहरा, उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझू, पसंस गंगावाला देवी, एवं सोमाडीह के ग्राम प्रधान, समाज के केन्द्रीय सचिव मनसा लोहरा, कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रह्लाद लोहरा, हाराधन लोहरा, साहेब लोहरा, दिलीप लोहरा रामदास लोहरा, आंनद लोहरा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर भड़की जिप अध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने आनंदमयी नगर में ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से स्वीकृत करीब दो करोड़ की लागत से बनने वाले 3.15 किमी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की आधारशिला रखी। योजनास्थल पर लगे शिलापट्ट में नाम न होने पर गुस्से से लाल जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कनीय अभियंता राजीव रंजन को खरी-खोटी सुनायी। भगत ने इसकी शिकायत राज्य सरकार से किये जाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों पर आदिवासी महिला के साथ भेदभाव, प्रोटोकॉल का उल्लंघन, दबाव में काम करने व औपचारिकता मात्र के लिये समारोह में आने का न्योता देने का आरोप लगाया। मौके पर प्रमुख संगीता तिर्की, मुखिया महेश्वरी देवी व सुषमा तिर्की व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सीपी सिंह ने की थी अनुशंसा :** सरकार ने राज्य के विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र से तीन-तीन सड़कों का प्रस्ताव अनुशंसा सहित मांगा था। रांची विधायक सीपी सिंह के क्षेत्र में ऐसी सड़कें नहीं है। जिप अध्यक्ष निर्मला भगत कि पहल पर सीपी सिंह ने रातू प्रखंड की तीन सड़कों की अनुशंसा की, जिसमें 3.15 किमी आनंदमयी नगर,1.25 किमी सुंडील और द्वारिकापुरी में 3.5 किमी शामिल है। इसमें सिर्फ आनंदमयी नगर को स्वीकृति मिली है।

### छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी एक 16 वर्षीय नाबालिग लाला उरांव ने शनिवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। स्वजनों ने बताया कि लाला उरांव संत जॉन्स प्लस टू स्कूल नवाटांड़ में पढ़ाई करता था। लाला उरांव रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। इसके बाद लाला ने साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।वहीं घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस संदर्भ में एक यूडी केस का बेड़ो थाना में मामला दर्ज किया गया है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बेड़ो थाना के एएसआई अक्षय कुमार सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। साथ ही मामले की जानकारी लिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।

# व्यवसाईयों की सुरक्षा की गारंटी दे सरकार और प्रशासन : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



किशोरगंज चौक पर स्थित प्रीति स्वीट्स के मालिक और उनके कर्मचारी के साथ हुई मारपीट की घटना पर सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों से भी बात कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और अविलंब गिरफ्तारी करने को कहा है। सांसद ने कहा कि राजधानी रांची की स्थिति यह हो चुकी है कि व्यावसायी सुरक्षित नहीं है। जहां तहां गोलियां चल रही हैं। अब मजमा लगाकर व्यवसाईयों को पीटा भी जा रहा है। अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि व्यवसायियों की सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी तो निश्चित रूप से शहर की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। राज्य सरकार और प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीरता बरते और मजमा लगाने वाले ऐसे सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। किसी भी कीमत पर दहशत और भय का माहौल कायम नहीं रहे। यह सुनिश्चित करना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सांसद ने कहा कि सरेआम किशोरगंज चौक पर किसी व्यवसायी के साथ मारपीट की घटना हो जाती है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां से झारखंड की पूरी सरकार गुजरती है। यदि इस रास्ते का आलम यह है तो शहर के दूसरे क्षेत्र का हालत क्या होगी, इसका अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। सांसद ने कहा कि असमाजिक तत्वों की हरकत से व्यवसायियों में भय का माहौल है। कल से ही बड़ी संख्या में रांची शहर से व्यावसायी फोन कर रहे हैं। उनकी स्पष्ट मांग है कि उनकी सुरक्षा की गारंटी दी जाए। ऐसे सामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस बात की चिंता सरकार और प्रशासन को करनी चाहिए। उन्हें इस बात की गारंटी व्यवसायियों को देनी चाहिए कि हर कीमत पर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## गुरू महाराज के जनसेवा को 51 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

# हजारों श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण कर सुख व स्मृद्धि की प्रार्थना की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रं) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 117 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 118 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं गुरु महाराज के परम शिष्यों के सौजन्य से किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान सह संयोजक ओम प्रकाश सरावगी पवन पोद्दार (ताउ) विष्णु सोनीने अपने पुत्र मनीष सोनी संग वहां के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 118 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 118 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद में कचोडी, पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु टमाटर मिश्रित सब्जी एवं केसरीया जलेबी का वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे मे समाज के लोग बढ़-चढकर अपनी भागेदारी निभा रहे है ।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढंती जा रही है। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,विशाल जालान, अंजनी अग्रवाल ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार (ताउ) विष्णु सोनी,नन्द किशोर चौधरी, सुरेश चौधरी ज्ञान प्रकाश शर्मा,सुधा सुल्तानिया, अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### लोगों को लुभा रहे बच्चों के पेंटिंग्स और उत्पाद

**रांची।** चाईल्ड आर्टिस्ट प्रदर्शनी के तहत लर्निंग फोर अर्निंग कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के पेंटिंग्स और उत्पाद को लोगों ने काफी सराहा और बड़ी संख्या में दर्शकों ने इसका अवलोकन किया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के आशीष पांडे ने बताया कि इस आयोजन में आए बच्चों को एक्सएलआरआई की ओर से डिजीटल मार्केटिंग के बारे में बताया गया तथा बच्चों की एक टीम को ओरमांझी जू की सैर करायी गयी और वहां उन्होने लाईव शो भी देखा। शनिवार को कुल 56 पेंटिंग की बिक्री हुई जिसकी कीमत एक लाख से ज्यादा है। उद्घाटन के दिन 80 हजार के पेंटिंग की बिक्री हुई थी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अपर सचिव अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि यहां बच्चों में उत्साह तो है ही आम लोगों में उससे ज्यादा उत्साह है और काफी संख्या में लोग इनके पेंटिंग्स और उत्पादों को सराह रहे हैं।

# प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह है ध्वस्त : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में सिस्टम धराशाई हो गया है। संवैधानिक मशीनरी भी ध्वस्त हो गई है। जेल से सरकार चल रही है। जेल में बंद सत्ता के दलाल ईडी के अधिकारियों के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। प्रतुल ने कहा ऐसी खबरें मीडिया में लगातार आ रही है कि सत्ता के शीर्ष में ऑपरेट करने वाले जेल में बन्द दलालों के खिलाफ जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ,गैंगस्टरों का सहयोग लिए जाने का षड्यंत्र हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये बहुत ही विचलित और चिंतित करने वाली घटना है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह भी आरोप लग रहा है कि एक महिला के जरिए ईडी के अधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर उन्हें परेशान करने की कोशिश हो रही है। ऐसे भी हेमंत सरकार का फर्जी मुकदमों में लोगों को फसाने का लंबा रिकॉर्ड रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जेल के अधिकारियों पर यह संगीन आरोप लगा है कि उन्होंने कैदियों के द्वारा दलालों के खिलाफ शिकायत करने वाले पत्रों को दबा दिया। जांच के दायरे में इसे भी लाया जाए। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार को जवाब देना चाहिए कि ईडी के द्वारा हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार की जांच करने के दौरान दोषी पाए गए अफसर के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दर्जनों पत्र 18 नवंबर 2022 से 26 सितंबर 2023 के बीच राज्य सरकार को लिखा था।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



हम 'अद्भुत मिजोरम' बनाने के लिए काम... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 06 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 272 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## शमी का तहलका, जडेजा का जादू

### भारत ने साउथ अफ्रीका को 243 रन से हराया, दर्ज की लगातार 8वीं जीत



**एजेंसी। कोलकाता**

भारत ने चिर-प्रतिद्वंदी दक्षिण अफ्रीका को एकतरफा मुकाबले में 243 रनों के बड़े अंतर से रौंद दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी खेली। इस शतक के साथ ही विराट ने सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे रिकॉर्ड की बराबरी की। श्रेयस अय्यर ने भी 77 रनों की पारी खेली। 327 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रोटियाज बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिए और पूरी टीम 27।1 ओवर में मात्र 83 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। और 243 रनों से हार गई। भारत की ओर से स्टार स्पिनर रविंद्र जडेजा ने सबसे ज्यादा 5 विकेट झटके। मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव को भी 2-2 सफलता हाथ लगी। भारत की वर्ल्ड कप 2023 में यह लगातार 8वीं जीत है और टीम इंडिया टूर्नामेंट में अभी अजेय है।

## भारत ने एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप जीता

### जापान को 4-0 से हरा हासिल किया खिताब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय टीम का जबरदस्त परफॉर्मेंस भारतीय महिला हॉकी टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप जीत लिया। हजारों दर्शकों के बीच भारतीय महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जापान को हरा दिया। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम अजेय रही। मैच की शुरूआत से ही भारतीय टीम जापान पर हावी रही। हालांकि जापान को कई मौके मिले, लेकिन उसे वह गोल में तब्दील नहीं कर पाई। भारतीय टीम ने एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप जीत लिया है। फाइनल मैच में भारतीय टीम ने जापान ने 4-0 से दी शिकस्त।

**चाइना ने कोरिया को दी मात**

झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में कोरिया को हराकर चाइना ने तीसरा स्थान हासिल किया। रविवार को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुकाबला खेला गया। इसमें एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता चाइना ने कोरिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के पहले 3 मिनट में चाइना ने गोल कर कोरिया पर दबाव बनाना शुरू किया। चाइना की यी चेन ने कोरियन डिफेंस को भेदकर शानदार फील्ड गोल किया। पहले हाफ में 1-0 की लीड को चाइना बरकार नहीं रख पायी। कोरिया ने पलटवार करते हुए 38वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-1 से बराबरी की। कोरिया की सुजीन एन ने गोल किया। मुकाबले के 47वें मिनट में चाइना की टायंटियन लिओ ने शानदार फील्ड गोल कर मुकाबले में 2-1 की लीड ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### फाइनल मैच देखने पहुंचे सीएम हेमंत, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



**रविवार** को हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला रांची के मरांग गोमके स्टेडियम में खेला जा रहा है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन, इंटरनेशनल हॉकी और हॉकी इंडिया के पदाधिकारी हुए शामिल हुए। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने भारतीय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## गागर में सागर

### चाईबासा में 3 आईईडी बम बरामद



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में तीन आईईडी बम बरामद कर निरोधक दस्ते के सहयोग से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। नक्सलियों के खिलाफ रविवार को चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका और रेंगडाहातु जंगली व पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों ने पांच-चांच किलोग्राम के इन आईईडी बमों को बरामद किया। उल्लेखनीय है कि दस अक्टूबर से पुलिस और सीआरपीएफ जवान टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेंगडा, पाठतोरब, गोबुरु, लुईया एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र तथा गोइलकेरा थाने के कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरु, तिलायबेड़ा, बोयपाईससाग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। सूचना है कि भाकपा माओवादी नक्सली नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांड़े, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्वनी का दस्ता कोल्हान के जंगलों में भ्रमणशील है।

### रांची में ज्वैलरी शोरूम से 20 लाख के चांदी की चोरी

**रांची।** लालपुर में चांदी के सिल्वर कॉलोनी ज्वेलर्स से बीस लाख रुपये के चांदी की चोरी की घटना हुई है। घटना शनिवार की देर रात हुई, हालांकि घटना की जानकारी रविवार को हुई। चोर अपने साथ लाखों के कीमती गहने और चांदी की मूर्ति ले गए। प्रतिष्ठान में धनतेरस और दीपावली को लेकर बड़ा कलेक्शन मंगवाया गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चोरों के द्वारा शोरूम का शटर काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। सिल्वर कॉलोनी के आसपास जेवर के बड़े शोरूम हैं। ऐसे स्थान पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोरों ने सनसनी फैला दी है। प्रतिष्ठान को धनतेरस को लेकर आकर्षक रूप से सजाया गया था, लेकिन इसी बीच चोरों ने इस घटना को अंजाम दे दिया। कीमती चांदी के गहने और मूर्तियों की चोरी हुई है। फिलहाल स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। उसके बाद ही यह पता चल पाएगा कि कितने की चांदी गायब हुई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि 20 लाख से ज्यादा की चांदी के गहने चोरों के द्वारा चोरी की गई है।


### राजधानी में गोलीबारी, खलारी में सीसीएलकर्मी की गोली मार कर हत्या

**रांची।** रांची के खलारी थाना क्षेत्र में एक सीसीएलकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस वारदात को अपराधियो ने उस समय अंजाम दिया गया जब सीसीएलकर्मी खलारी से पिपरवार की तरफ लौट रहे थे। हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद खलारी पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

**क्या है पूरा मामला :** मिली जानकारी के अनुसार खलारी - पिपरवार बार्डर के पास रणविजय सिंह नाम के व्यक्ति की रविवार को गोली मार कर हत्या कर दी गई है। छानबीन के क्रम में यह जानकारी मिली है कि रणविजय सिंह चतरा स्थित पिपरवार के सीसीएल कार्यालय में काम किया करते थे। था। रविवार को 50 वर्षीय रणविजय सिंह खलारी से पिपरवार की तरफ लौट रहे थे। उसी दौरान अज्ञात अपराधियों के द्वारा ने पहले रणविजय को रोका और फिर गोली मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा रणविजय को अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**औरंगाबाद से भी जुड़ा हो सकता है विवाद :** मामले को लेकर रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि सीसीएल में ओवरमैन का काम करने वाले रणविजय का रांची - चतरा बार्डर पर गोली मार कर हत्या कर दी गई है।रणविजय चतरा के पिपरवार में ही रहा करते थे और नौकरी भी करते थे।हत्या किन वजहों से हुई है और इसमे कौन से अपराधी शामिल है इसकी जांच की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि रणविजय बिहार के औरंगाबाद के रहने वाले थे। जानकारी यह भी मिल रही है कि उनका औरंगाबाद में भी कुछ मामलों को लेकर विवाद चल रहा था।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



भारत - 326/5 (50 ओवर)

द. अफ्रीका - 83/10 (27.1 ओवर)

**आज का मैच**

बांग्लादेश बनाम श्रीलंका से, दिल्ली में (2 बजे से)

### जगुआर के पुलिसकर्मियों ने हेमंत सोरेन का जताया आभार

## 'सभी मेरे लिए एक समान'

**सीएम हेमंत सोरेन बोले**

- सरकार सभी वर्ग के लिए काम कर रही है
- 'हमारी जितनी जिम्मेदारी है, उतनी आपकी भी है'
- आप राज्य की जनता की सेवा करें, सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड जगुआर में कार्यरत पुलिसकर्मियों को 7वें पीआरसी के मद्देनजर विशेष सुविधा/भत्ता को पुनरीक्षित करने के प्रस्ताव को राज्य मंत्रिपरिषद से मंजूरी मिली है। जिसे लेकर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है। रविवार को ढोल- नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय पहुंचकर उन्होंने सीएम हेमंत का जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएएस हो या चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी हमारे लिए सभी एक समान हैं। यह सरकार सभी को एक नजरिये से देखती है। आप सभी सरकार के आंख, नाक और कान हैं। आप राज्य की जनता की सेवा करें। सबके हितों का ध्यान सरकार रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हित में सरकार काम कर रही है। उनकी समस्याओं को यथासंभव दूर कर रही है। उनके चेहरे पर खुशी लाने का प्रयास लगाकर जारी है। मैं यह तो दावा नहीं कर सकता कि सभी चीजें सही हो गई हैं, लेकिन इसकी शुरूआत जरूर है। मुझे पूरी उम्मीद और आशा है कि हमारी सरकार पूरी व्यवस्था को व्यवस्थित करेगी।

**मुख्यमंत्री अपनी कार्यशैली से हमारे दिलों तक पहुंचे हैं**

इस अवसर पर झारखंड चतुर्थ वर्गीय पुलिस कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि हेमंत सरकार जो कहती है, वह करती है। आप अपने कार्यों से हमारे दिलों में पहुंचे हैं। इस अवसर पर झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ, झारखंड जगुआर के अध्यक्ष जीतराम स्वांसी, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार रवि, शाखा मंत्री विकास, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह छेत्री, संगठन मंत्री समीर महतो, मुख्यालय अभिषेक तिवारी और कार्यालय मंत्र आशीष रंजन समेत संघ के तमाम सदस्य मौजूद थे।

## ईडी के अफसर पर हमले के लिए प्रेम प्रकाश रच रहा था साजिश

### अमन साहू गैंग के एक गुर्गे से साधा था संपर्क



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय के असिस्टन्ट डायरेक्टर रैंक के एक अफसर पर हमले की तैयारी में था बिरसा मुंडा कारा में बंद प्रेम प्रकाश। इस घटना को अंजाम देने के लिए उसने पहले एक नक्सली से संपर्क साधा था पर नक्सली ने हमला करने से इंकार कर दिया। इसके बाद जेल में बंद प्रेम प्रकाश ने अमन साहू गैंग के एक गुर्गे से संपर्क किया था। पर इसकी भनक ईडी अफसरों को लग गयी जिसके बाद ईडी के अधिकारियों को सीआरपीएफ के अंगरक्षक मुहैया कराया गया। साथ ही अफसरों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सीआरपीएफ हाउस गार्ड भी प्रदान किया गया। जानकारी के मुताबिक प्रेम प्रकाश ने ईडी के अफसरों को फंसाने के लिए दो युवतियों से भी संपर्क किया गया था। जो अप्रैल में उनसे मिलने जेल भी पहुंची थी। बता दें कि ईडी ने बीते शुक्रवार को बिरसा मुंडा कारा में छापेमारी कि थी। जहां से ईडी द्वारा मुलाकाती रजिस्टर की फोटोकोपी ली थी। साथ ही जेल मे बंद कुछ बंदियो ने भी प्रेम प्रकाश के खिलाफ शिकायत की थी। प्रेम प्रकाश को ईडी ने साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन में गत वर्ष 25 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जानकारी के मुताबिक जेल में उसके नाम का धौंस चलता है। गौरतलब है कि ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## 22 नवंबर को मनेगा झारखंड विस का 23वां स्थापना दिवस

### सेना-पुलिस के उत्कृष्ट जवानों, शहीदों के आश्रितों, शिक्षकों, टॉपर्स को मिलेगा सम्मान



### राज्यपाल, सीएम, नेता प्रतिपक्ष समेत कई विधायक होंगे शामिल

**अब तक के सर्वश्रेष्ठ विधायक**

| वर्ष | सर्वश्रेष्ठ विधायक | वर्ष | सर्वश्रेष्ठ विधायक |
|---|---|---|---|
| 2001 | विशेश्वर खां | 2012 | रघुवर दास |
| 2002 | हेमलाल मुर्मू | 2013 | लोबिन हेंब्रम |
| 2003 | राजेंद्र प्रसाद सिंह | 2015 | प्रदीप यादव |
| 2004 | लोकनाथ महतो | 2016 | स्टीफन मरांडी |
| 2005 | अन्नपूर्णा देवी | 2017 | विमला प्रधान |
| 2006 | राधाकृष्ण किशोर | 2018 | मेनका सरदार |
| 2007 | पशुपति नाथ सिंह | 2020 | नलिन सोरेन |
| 2008 | इंदर सिंह नामधारी | 2021 | रामचंद्र चंद्रवंशी |
| 2010 | जनार्दन पासवान | 2022 | बिनोद सिंह |
| 2011 | माधव लाल सिंह | ---- | --------- |

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस बार भी विधानसभा के 81 में से किसी एक विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना जाएगा। 17 नवंबर को विधानसभा की चयन समिति की बैठक में सर्वश्रेष्ठ विधायक के नाम पर चर्चा होगी और सबकी सहमति के बाद नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा विधानसभा के उत्कृष्ट कर्मियों का भी चयन किया जाएगा। स्थापना दिवस के दिन उत्कृष्ट विधायक और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार भी झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को भव्य तरीके से आयोजित करने की तैयारी कर रहा है।

विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर चुके हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत सत्ता पक्ष और ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## रक्षामंत्री ने महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के लिए दी छुट्टियों को मंजूरी

### महिलाओं को पेशेवर और पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन बनाने में मदद मिलेगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अब तीनों सेनाओं में सभी रैंक की महिलाओं को मातृत्व और बच्चों की देखभाल के लिए एक समान अवकाश मिलेगा। छुट्टी के नियमों में विस्तार करने और एक समान रूप से लागू करने पर सशस्त्र बलों की सभी महिलाओं को अपने पेशेवर और पारिवारिक जीवन में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के लिए उनके अधिकारी समकक्षों के बराबर मातृत्व, बाल देखभाल और बाल गोद लेने की छुट्टियों के नियमों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियम जारी होने के साथ ही सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से छुट्टियां मिलेंगी, चाहे वह अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक में कार्यरत हों।

रक्षा मंत्रालय का यह फैसला सशस्त्र बलों में सभी महिलाओं की समावेशी भागीदारी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। छुट्टी नियमों में विस्तार देने से सशस्त्र बलों से संबंधित महिलाओं को पारिवारिक और सामाजिक मुद्दों से निपटने में काफी मदद मिलेगी। इससे सेना में महिलाओं की कार्य स्थितियों में सुधार होगा और उन्हें पेशेवर और पारिवारिक जीवन के क्षेत्रों में बेहतर तरीके से संतुलन बनाने में मदद मिलेगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का हमेशा से मानना रहा है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में अपने पुरुष समकक्षों के बराबर होना चाहिए। इसीलिए तीनों सेनाओं ने महिलाओं को सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं के रूप में शामिल करके एक आदर्श बदलाव की शुरूआत की है। महिला अग्निवीरों की भर्ती से सशस्त्र बल देश की भूमि, समुद्र और हवाई सीमाओं की रक्षा के लिए महिला सैनिकों, नाविकों और वायु योद्धाओं की बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति से सशक्त होंगे। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने से लेकर युद्धपोतों पर तैनात होने के साथ-साथ आसमान पर हावी होने तक भारतीय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### जहरीली धुंध की परत में लिपटी, सांस लेना हुआ मुश्किल

## तीन महानगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

स्विस समूह आईक्यूआर के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली, मुंबई,कोलकाता विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक हैं। देश की राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार 'गंभीर श्रेणी' में बनी हुई है। पांच नवंबर को सुबह 7.30 बजे 483 एक्यूआई के साथ दिल्ली इस सूची में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। दिल्ली में एक्यूआई- 483 बना हुआ है। पाकिस्तान का लाहौर दूसरे नंबर बना हुआ, लाहौर का एक्यूआई- 371 दर्ज किया गया है। तीसरे नंबर पर भारत का कोलकाता शहर है, जहां का एक्यूआई- 206 है। चौथे नंबर पर बांग्लादेश का ढाका शहर है, जिसका एक्यूआई- 189 है। सूची में पांचवें नंबर पर पाकिस्तान का कराची शहर शामिल है, जहां का एक्यूआई- 162 है। लिस्ट में छठे नंबर पर भारत का मुंबई शहर है, जहां का एक्यूआई- 162 है। सूची में सातवें नंबर पर चीन का शेनयांग शहर शामिल है, जहां का एक्यूआई- 159 है। आठवें नंबर पर चीन का हांगझोऊ शहर है, यहां का एक्यूआई- 159 है। आठवें नंबर पर कुवैत का कुवैत सिटी शामिल है, जहां का एक्यूआई- 155 है। सबसे अंत में 10वें नंबर पर चीन का बुहान शहर है, जहां का एक्यूआई- 152 है।

सरकारी साहबों का कहना है कि कम तापमान, हवा की कमी व पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने के कारण वायु प्रदूषण बढ़ा है। नई दिल्ली के 20 मिलियन निवासियों में से कई ने आंखों में जलन और गले में खुजली की शिकायत की। हवा का रंग गहरा भूरा हो गया है, क्योंकि कुछ निगरानी स्टेशनों में एक्यूआई 550 से ऊपर था। 0-50 का एक्यूआई अच्छा माना जाता है जबकि 400-500 के बीच कुछ भी स्वस्थ लोगों को प्रभावित करता है और मौजूदा बीमारियों वाले लोगों के लिए खतरा है। दिल्ली के चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों के लगातार खांसने, सांस लेने में परेशानी और तेजी से सांस लेने की शिकायतें आ रही हैं। बुजुर्ग व मरीजों में यह दिक्कत होने लगी है। साँस , दमे व हृदय के रोगियों की भी समस्या बढ़ गई है। इसकी वजह हैं सूक्ष्म कण पदार्थ, जिसे पीएम 2.5 के रूप में जाना जाता है, उसकी सांद्रता 523 मिलीग्राम प्रति घन मीटर थी। जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों से 104.6 गुना अधिक है। जो मानव बाल की तुलना में लगभग 30 गुना पतले होते हैं और फेफड़ों के माध्यम से रक्त प्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इसके कारण दमा, हार्ट अटैक आदि के मामले बढ़ने लगे हैं।

### देश के जाने-माने सर्जन की जानलेवा चूक

## ...और दो टुकड़ों में बंट गया पूरा शरीर



**एजेंसी। आगरा**

देश के एक जाने-माने सर्जन को चलती ट्रेन से उतरने की जल्दबाजी उस समय भारी पड़ गई जब कोच के फुटरेस्ट पर रखा उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म व ट्रेन के बीच गिरते हुए पटरी पर चले गए। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उनके शरीर के दो हिस्से हो गए। इंस्पेक्टर जीआरपी आगरा कैंट ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस की सूचना पर लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ। लाखन सिंह गालब के परिजन भी स्टेशन पहुंच गए हैं। दरसअल, लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ। लाखन सिंह गालब रविवार तड़के राजामंडी स्टेशन पर अपनी बेटी को ट्रेन में बैठाने आए हुए थे। 5 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली महाकौशल एक्सप्रेस राजामंडी स्टेशन पहुंची हुई थी। डॉ। गालब अपनी बेटी को महाकौशल एक्सप्रेस में बिठाने गए। बेटी हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। एसी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# सोहराई परब कार्यक्रम में जा रही पिकअप वैन पलटी, 15 लोग घायल, छह की हालत गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** कसमार थाना क्षेत्र स्थित मंजुरा में कब्रिस्तान के सामने मुख्य सड़क पर ग्रामीणों से भरी पिकअप वैन असंतुलित होकर पलट गयी. सभी जरीडीह प्रखंड के टोंडरा से डहरें सोहराई परब कार्यक्रम में शामिल होने बगोदर जा रहे थे,. इस हादसे में पिकअप वैन में सवार 15 लोग घायल हो गये. आनन-फानन में सभी को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया. 15 में से छह की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व स्थानीय जिप सदस्य अमरदीप महाराज कसमार सामुदायिक अस्पताल पहुंचे और घायलों का



हालचाल जाना. विधायक की पहल से गंभीर रूप से घायल मरीजों को रिम्स व मेडिका रेफर किया गया. देवेंद्र महतो के सिर में गंभीर चोट लगी है. उन्हें निजी वाहन से मेडिका रांची ले जाया गया. वहीं गणेश महतो का हाथ व नेहरू महतो का पैर टूट गया है. साथ ही लुटु महतो व कामेश्वर महतो के पैर व कमर और मंगर महतो के सिर में चोट लगी है. इसके अलावा अभिषेक महतो, गणपति महतो, रघुनाथ महतो, सुरेश कुमार महतो, परमेश्वर महतो, रथुराम महतो, कोलेबर महतो, सुरेश महतो, मनोज महतो को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही कसमार सीएचसी में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी.

# कोयला चोरों को पकड़ने दौड़े जवान की ट्रेन की चपेट में आकर मौत, मचा कोहराम



नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा।** जिले के एसपी माइंस चितरा रेलवे साइडिंग से आज 5 नवंबर की सुबह सुबह एक दुखद खबर है, जहां रेलवे साइडिंग से कोयला चोरी रोकने के लिए दौड़ा होमगार्ड का जवान ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई. इस घटना से रेलवे साइडिंग में मातम का माहौल है. वहीं, सूचना मिलते ही साइडिंग के कर्मचारी, सदर थाना पुलिस व जीआरपी घटनास्थल पहुंच गई है. मामले की छानबीन कर रही हैं. इधर, होमगार्ड जवान की मौत से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. मृतक का नाम 45 वर्षीय उदित सिंह बताया जा रहा है, जो बिंदापाथर थाना क्षेत्र के खुट्टाबांध गांव निवासी हैं. मृतक उदित सिंह अपने पीछे तीन बेटा व पत्नी का परिवार छोड़ चले गए. तीनों बेटे घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक पिता को देखकर फूट-फूट कर रो रहे हैं. मृतक के परिजनों की मांग है कि 25 लाख मुआवजा के साथ-साथ एक नौकरी भी दी जाए. वहीं, मौके पर तैनात होमगार्ड जवान एवं उनके परिजनों का आरोप है कि रात में निगरानी के लिए उन्हें लाइट और बेहतर टॉर्च की भी व्यवस्था नहीं दी गई है. वहीं, घटना की सूचना पर जामताड़ा थाना पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया है. इधर, साइडिंग इंचार्ज द्वारा घटना के संबंध में कुछ ज्यादा नहीं बता पा रहे हैं. उनका कहना है जो घटना घटी है, उसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है.

## गागर में सागर

### जमशेदपुर में को-ऑपरेटिव कॉलेज के पास चला अभियान, दर्जन भर दुकानों को हटाया गया



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत को-ऑपरेटिव कॉलेज के पास से जिला प्रशासन व जुस्को की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अस्थाई दुकानों को हटाया गया. लगभग 10 से 12 दुकानों को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. ये दुकानें पिछले कई दिनों से अस्थाई तौर पर संचालित थीं. जानकारी मिलने पर जुस्को की टीम और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए इन दुकानों को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया. हालांकि, इस अभियान के दौरान किसी तरह का कोई भी विरोध का सामना टीम को नहीं करना पड़ा है. लगभग 10 से 12 अस्थाई दुकानों को हटाया गया है.

### दिवाली के पूर्व संध्या पर आयोजित की जाएगी 'एक दिया शहीदों के नाम'



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद,जमशेदपुर एग्रिको में आयोजित मासिक मिलान के दौरान अध्यक्ष अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने कहा कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका नियोजन है जिससे उनकी जीवन शैली समाज के साथ गतिमान हो सके. कार्यक्रम का आरम्भ भारतमाता के स्मरण और शहीदों एवं शहीद परिवार को नमन के साथ हुआ. संगठन गीत कुन्दन सिंह ने प्रस्तुत किया. इसके बाद परिचय सत्र अवधेश कुमार के नेतृत्व में हुआ. परिचय सत्र के बाद गत माह का कार्यक्रम समीक्षा और आय व्यय का विवरण दीपक शर्मा ने प्रस्तुत किया. आयोजित बैठक का मुख्य उद्देश्य दिवाली के पूर्व संध्या पर शहीद स्थल गोलमुरी में एकत्रित हो ह्यप्रथम दीप वीर शहीदों के नामह्ल का आयोजन हुआ. आयोजित बैठक में यह सुनिश्चित किया गया,की दिवाली के शुभ अवसर पर संगठन की छोटी टोली शहीद परिवारों से मिलकर अपनी शुभकामनाएं प्रसित करेगी. रमेश प्रसाद ने मातृशक्ति को पूर्व सैनिकों की सुविधा के बारे में जानकारी देने का प्रस्ताव रखा. आयोजित मासिक बैठक में आने वाले कार्यक्रम,नौसेना दिवस एवं विजय दिवस समारोह पर भी चर्चा की गई. संगाठन के दया भूषण एवं कुंदन सिंह ने उपस्थित पूर्व सैनिकों का जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने की सामाजिक सेवा किया. धन्यवाद ज्ञापन हवलदार मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया. भारत माता की जय और पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिंदाबाद के उदघोष के साथ बैठक संपन्न हुआ.

# शिव मंदिर की तीन मूर्तियां तोड़ी लोगों का फूटा गुस्सा, रोड जाम

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो ।** जिला स्थित बेरमो अनुमंडल के ललपनिया में एक बार फिर असामाजिक तत्वों ने सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साज़िश की है. जिला अंतर्गत ललपनिया थाना क्षेत्र के छरछरिया झरना स्थित एक समुदाय के पूजा स्थल की तीन मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. शिव मंदिर में स्थापित तीन मूर्तियों को खंडित किए दिए जाने के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है. आक्रोशित लोगों ने गोमिया ललपनिया मुख्य सड़क को जाम कर मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.



### धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ के बाद घंटों रहा सड़क जाम

बोकारो। बेरमो अनुमंडल के लालपनिया लुगु पहाड़ के तलहटी स्थित असामाजिक तत्वों ने धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ कर दी. इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क जाम कर दिया. प्रशासन ने सूझबूझ के साथ मामले को नियंत्रित किया. 6 घंटे बाद सड़क जाम हटा. बता दें कि रविवार की सुबह करीब सात बजे कुछ लोग स्नान करने के लिए पहुंचे थे. इसके बाद छरछरिया के निकट चट्टान पर धार्मिक स्थल पर छेड़छाड़ किया. पुजारी राहुल तिवारी उन असामाजिक तत्वों को रोकने के लिए गए तो उसे जान से मारने के लिए बदमाशों ने तलवार निकाल लिया. तब तिवारी भाग कर दूसरी जगह छिप गए. इसके अलावा अन्य लोगों को भी उन्होंने सूचना दी. जानकारी मिलते ही ललपनिया पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक असामाजिक तत्व वहां से निकल चुके थे. थोड़ी ही देर में सैकड़ों की संख्या में लोग छरछरिया में जमा हो गए. करीब 6 घंटे तक सड़क जाम रहा.

### क्या है मामला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झरना में नहाने आए कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नहाने के बाद हथौड़ी से मारकर मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया. ये लोग जमशेदपुर नंबर की गाड़ी से नहाने आए हुए थे. इस दौरान घटना को अंजाम देकर ऊपर पहाड़ी की ओर जाकर रुके हुए हैं. मामले में गोमिया अंचल इंस्पेक्टर महेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर गंभीरता से ले रही है. लोग धैर्य रखें. मामले में सख्त कार्रवाई करके गिरफ्तारी भी की जाएगी. वहीं, लोगों से अपील की है कि इस सड़क को जाम नहीं कर आवागमन जारी रहने दें. पुलिस कार्रवाई कर रही है.

# प्रिंस खान, अमन सिंह सहित अन्य संगठित अपराधियों की संपत्ति की जांच करेगी झारखंड सीआइडी

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के डीजी अनुराग गुप्ता ने राज्यभर के सीआईडी अधिकारियों को संगठित अपराधियों की संपत्ति खंगालने का आदेश जारी किया है. जारी आदेश के बाद सभी जिलों के अधिकारियों ने संगठित अपराध से जुड़े लोगों की संपत्ति की तलाशी शुरू भी कर दी है. झारखंड सीआईडी की टीम भी धनबाद के गैंगस्टर प्रिंस खान, अमन सिंह सहित संगठित अपराधियों की संपत्ति की खंगाल रही है. डीजी अनुराग गुप्ता ने अधिकारियों को संवेदनशील घटनाओं की भी जानकारी तुरंत सीआईडी कंट्रोल रूम को देने को कहा है. इसके अलावा हत्या, लूट, अपहरण जैसी घटनाओं की भी जानकारी वरीय अधिकारियों को देनी है. जेल में बंद सक्रिय अपराधी लगातार मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं, ऐसे नंबरों की पहचान कर उसकी जांच करने का भी आदेश दिया है. वहीं डीजी अनुराग गुप्ता ने पोक्सो मामले में पुलिस के अनुसंधान को बिना प्रभावित किये उसकी जांच करने और पुलिस को परामर्श देने का आदेश दिया है.



### कार्रवाई के बाद भी प्रिंस खान का सिंडीकेट नहीं हुआ बंद

बता दें कि धनबाद पुलिस ने खुलासा किया था कि प्रिंस खान के पास कैसे पैसा पहुंच रहा है. इस मामले में पुलिस ने प्रिंस के दस सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था. इसके बाद भी प्रिंस खान का सिंडीकेट बंद नहीं हुआ है. इसको देखते हुए डीजी अनुराग गुप्ता ने अधिकारियों को प्रिंस खान, अमन सिंह सहित अन्य संगठित अपराधियों की संपत्ति खंगालने का जिम्मा सौंपा है.

# शैक्षिक विकास में एआई जरूरी : डॉ. पाटिल

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नेशनल लेवल ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम रविवार को संपन्न हो गया. कार्यक्रम के अंतिम दिन दो सत्रों में टीचर रिफ्रेशर कोर्स के बारे में विद्वतजनों ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी. इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)- 2020 के लिए शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवीन तकनीकी-शैक्षणिक कौशल विकास से अवगत कराया गया. समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. गौरीशंकर तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों को भी सीखने का मौका है. यह एनईपी-2020 को बढ़ावा देगा. साथ ही शिक्षकों व विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा. गेस्ट आफ ऑनर विनोबा भावे




विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. बंशीधर प्रसाद रूखैयार ने कहा कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एनईपी-2020 के लिए काफी उपयोगी है. गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के ऐसे कार्यक्रम से देश-विदेश के शिक्षक और शिक्षार्थी लाभान्वित हुए हैं. यह काफी सराहनीय पहल है. वहीं, कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने बच्चों में सुधार के लिए सकारात्मक भूमिका निभाते हुए अभिभावकों और शिक्षकों को आत्मचिंतन करने की सलाह दी. साथ ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इस पर गौर फरमाने की अपील की. कार्यक्रम में मंच संचालन गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज की आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. बसुंधरा कुमारी और समन्वय सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि व डॉ. रीतू कुमारी ने किया.

### ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर विषय पर कार्यशाला

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला और प्रशिक्षण का समापन हो गया. मौके पर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं किसानों को प्रमाण पत्र दिये गये. साथ ही आईसेक्ट विश्वविद्यालय और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों के उपयोग को आसान बनाने को लेकर काम करने वाली कंपनी टेक्नोग्राउंड के बीच एमओयू हुआ. आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ, कृषि विभाग के डीन डॉ अरविंद कुमार और टेक्नोग्राउंड के संस्थापक रोशन कुमार, विनित प्रकाश, ऋतुराज, धीरज कुमार की मौजूदगी में एमओयू हुआ. कृषि विभाग डीन एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ अरविंद कुमार ने सभी प्रतिभागियों के बीच क्वीज प्रतियोगिता कराई।

### हजारीबाग : यमुनिया नदी के तट पर सूर्य मंदिर के तोरण द्वार निर्माण के लिए भूमि पूजन

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़-गोमिया सड़क स्थित उत्तर वाहिनी यमुनिया नदी के तट पर निमार्णाधीन सूर्य मंदिर के तोरण द्वार निर्माण स्थल पर रविवार को भूमि पूजन किया गया. इसका निर्माण सांसद मद से 10 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से होगा. मौके पर चेड़रा पंचायत के मुखिया सह भाजपा नेता निर्मल कुमार, आनंद राम, मोहन बरनवाल, चमारी साव, नवल किशोर बर्मा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेश भगत, विनोद सिंह, प्रयाग सोनी, शंकर गोस्वामी, अजय कुमार, शेखर सुमन, अनुज कुमार, भीम पांडेय, छोटी लाल, अनुभव भारती समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### हत्या मामले में फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार



**हजारीबाग।** हत्या के मामले में दो माह से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चरही थाना क्षेत्र के जिलपिया निवासी सूरज कच्छप के रूप में की है. इस संबंध में चुरचू थाना प्रभारी इंदरदेव रजवार ने बताया कि करगी के लुकिया निवासी राजू गंझू की बीते 10 अगस्त को बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी. 29 अगस्त को इलाज के दौरान रिम्स में उसकी मौत हो गई थी. परिजनों ने आरोपी सूरज के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था, तब से वह फरार चल रहा था. इस बीच गुप्त सूचना पर फरार अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया.

## लोगों में खुशी

### विशेष प्रमंडल ने किया कार्य शुरू

# शीघ्र ही नये लुक में दिखेगा बोकारो सदर अस्पताल

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो ।** सदर अस्पताल बोकारो का जीर्णोद्धार होगा. इस पर काम शुरू हो गया है. 90 लाख रुपए खर्च करने के बाद अस्पताल का स्वरूप एक बार फिर बदला-बदला सा नजर आएगा. इसके लिए न केवल डीपीआर तैयार की गई है, बल्कि विशेष प्रमंडल द्वारा काम भी शुरू कर दिया गया है. जल्द ही अस्पताल अब नए लुक में दिखेगा. इस आशय की जानकारी अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने दी.



### क्या-क्या मिलेंगी सुविधाएं

बोकारो सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि अस्पताल के स्वरूप को बदलने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के विशेष प्रमंडल ने प्रयास से शुरू कर दिया है. शीघ्र ही अस्पताल नए लुक में दिखेगा. अस्पताल में पेवर ब्लॉक, मरीज के अभिभावकों के लिए वेटिंग हॉल, शौचालय, फायर सेफ्टी के लिए पानी स्टोरेज, 1 लाख लीटर का टैंक, 3 लिफ्ट, सौ मीटर लंबी नालियां इत्यादि का निर्माण किया जाएगा. साथ ही आधुनिक संसाधनों से लैस सुलभ शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा. ताकि मरीजों के परिजनों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो. पहले फेज में 100 मी लंबी नालियां बनाई जाएंगी, इसके लिए भूमि पैमाइश भी की गई है. उन्होंने कहा कि विशेष प्रमंडल द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है. आशा है कि शीघ्र ही आधुनिक संसाधनों से लैस अस्पताल में इलाज शुरू हो जाएगा. हालात को देखते हुए बर्न यूनिट को भी हाईटेक करने का काम शुरू किया गया है.

# कांग्रेस नेता ने मंत्री के समक्ष किया शक्ति प्रदर्शन, लोस चुनाव में मांगी दावेदारी

नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियां कर रही हैं. वहीं, कांग्रेस में अब दावेदारी का दौर भी शुरू हो गया है. कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं इंटक नेता विजय खान शक्ति प्रदर्शन करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के दरबार पहुंचे और अपनी दावेदारी प्रस्तुत की. लंबे काफिले के साथ पहुंचे विजय खान अब लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, जहां उनके द्वारा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की गई और कांग्रेस आलाकमान के नाम अपना दावेदारी पत्र सौंपा गया. मंत्री ने सभी कांग्रेसी नेताओं के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया है.



**क्या कहते हैं विजय खान**

वहीं, अपने दावेदारी के संबंध में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेसी नेता विजय खान ने कहा कि पिछले 34 साल से कांग्रेस की मैं सेवा कर रहा हूं. यूथ कांग्रेस से शुरू हुआ सफर आज प्रदेश कांग्रेस तक पहुंच गया है. जहां मैं 9 वर्ष तक कांग्रेस का जिला अध्यक्ष भी रहा. ऐसे में मुझे संगठन का पूरा अनुभव है. अगर कांग्रेस आलाकमान मुझे मौका देता है तो मैं कांग्रेस की झोली में पूर्वी सिंहभूम लोकसभा सीट अवश्य डालने का प्रयास करूंगा.

## गागर में सागर

### छात्र क्लब पर्यावरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को दी बधाई




**रांची।** महापर्व धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा के शुभ अवसर पर छात्र क्लब पर्यावरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सह प्रभारी (आजसू) कांके प्रखंड की ओर से रविवार को रातू के थाना प्रभारी सपन कुमार महता को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया और बधाई दी गई। इस मौके पर समाजसेवी राजू साव, रंजीत खलखो, अमन तिवारी एवं थाना के दीनबंधु दुबे, चंद्रनाथ उरांव आदि मौजूद थे, साथ ही थाना प्रभारी सपन कुमार महता को सोमवार को राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली रातू रांची में वृक्षारोपण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उक्त पौधरोपण कार्यक्रम में मिस इंडिया एस नेक्सट टॉप मॉडल ग्लैमर क्वीन 2023 रश्मि बेसरा एवं क्षेत्र के माननीय जन प्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहेगें।

### तमाड़ में हथियार के साथ दो अपराधी पुलिस ने खदेड़कर पकड़ा

**रांची।** राज्य में अपराधियों का तांडव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन यह लोग लूट और चोरी के मामले में सक्रिय रहते हैं। तमाड़ थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में एमन पूर्ति और कृष्ण मुंडा उर्फ रवि शामिल है। इनके पास से एक देसी पिस्टल, 16 जिन्दा गोली और एक बल यामाहा आर वन फाइव बरामद किया गया है। एसएसपी रांची को गुप्त सूचना मिली थी की विजयगिरी पथ पर एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध लोग शनिवार रात में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर तमाड़ थाना के नेतृत्व में आईआरबी 5 केम्प के पदाधिकारियों एवं जवानों के सहयोग से रात में गश्ती किया गया। इसी क्रम में मध्य रात्रि पुलिस ने विजयगिरी पथ पर एक मोटरसाइकिल को आते हुए देखा। पुलिस ने मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। मोटरसाइकिल सवार पुलिस को सामने देख भागने लगे। पुलिस और आईआरबी के जवानों ने मोटरसाइकिल सवार को खदेड़कर पकड़ा। पकड़ने के बाद मोटरसाइकिल सवार दो युवक एमन पूर्ति, डिमनिया थाना तमाड़ और कृष्णा मुंडा, कुंदी थाना मुरहु की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का 6 जिंदा गोली, 9 एमएम का 10 जिंदा गोली बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए मोटरसाइकिल को भी जब्त कर थाना लें आयी। पुलिस दोनों युवको से गहन पूछताछ के बाद जेल भेजा गया।

## अग्रवाल युवा सभा ने दिवाली फन फिएस्टा 2.0 का किया आयोजन

# आगे भी इस तरह का कार्यक्रम किया जायेगा : सौरव





**कार्यक्रम में महा तंबोला का खेल भी खिलाया गया जिसमें बंपर पुरस्कार 31000 एवं द्वितीय 15000 रखा गया था।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल युवा सभा, रांची द्वारा लगातार दूसरी बार दीपावली के शुभ अवसर पर अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के बीच दिपावली मिलन का आयोजन दिवाली फन फिएस्टा के नाम से किया गया। यह आयोजन शनिवार रात स्वागतम बैंक्वट, सहजानंद चौक, रांची में शाम 7 बजे से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्री गणेश जी महाराज एवं श्री अग्रसेन जी महाराज के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में बड़े से लेकर बच्चों तक के मनोरंजन के लिए काफी व्यवस्थाएं थी। बच्चों के लिए किड्स जोन और गेम जोन की व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी को लुभाने के लिए कई प्रकार के झूले और गेम्स लगाए गए थे। साथ ही लाइव म्यूजिक बैंड का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महा तंबोला का खेल भी खिलाया गया जिसमें बंपर पुरस्कार 31000 एवं द्वितीय 15000 रखा गया था। 600 टिकट पर लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार 31, द्वितीय 21 एवं तृतीय 11 चांदी के सिक्के पुरस्कृत किए गए। फायर शो कार्यक्रम भी रखा गया जिसमें पटाखों की रोशनी से पूरा आसमान गुलजार हो गया, सभी बच्चे एवं बड़े पटाखे की रोशनी को देखकर आनंदित हो गए। कार्यक्रम में सभी के लिए खानपान की भी पूरी व्यवस्था निःशुल्क की गई थी। संस्था के अध्यक्ष सौरव बजाज ने कहा कि हमारी संस्था की और से यह एक फैमिली प्रोग्राम थी, जिसमें सभी अग्रवाल बंधुओं को साथ देखकर हम सभी बहुत आनंदित हैं और आगे भी हम इसी तरह अपने सदस्यों और उनके परिवार वालों के लिए आने वाले दिनों में मनोरंजन के कई कार्यक्रम करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सोनित अग्रवाल, रौनक झुनझुनवाला नीरज अग्रवाल एवं हर्ष जालान ने अहम भूमिका निभाई। साथ ही संस्था के बाकी सभी युवा सदस्यों ने उनका पूर्ण सहयोग किया। यह सारी जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित बजाज ने दी।


## आरपीएफ ने तस्करी के आरोपित को पकड़ा, 11 किलो गांजा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक तस्कर को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम नीरज सिंह है। वह बिहार के सारण का रहने वाला है। उपनिरीक्षक आरपीएफ पवन कुमार ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 13352 एलेप्पी एक्सप्रेस में गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को संदेहास्पद अवस्था में कुछ सामानों के साथ पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि बैग में जांच करने पर 11 किलो गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा का बाजार मूल्य लगभग दो लाख पैंतीस हजार बताया जा रहा है। आरोपित के गुनाह स्वीकारने पर उसे आरपीएफ पोस्ट मुरी ले जाया गया। इसके बाद राजकीय रेल पुलिस मुरी को सुपुर्द किया गया।

### छत्तीसगढ़ चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी मिलेगा अवकाश



**रांची।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। दो दिनों बाद वहां होने वाले इस चुनाव को देखते झारखंड के कामगारों को भी सवैतनिक अवकाश दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड ने 30 अक्टूबर को निर्देश जारी किया था। राज्य के श्रम, नियोजन विभाग ने रविवार को बताया है कि छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव के दिन झारखंड के कामगारों को भी अवकाश मिलेगा। वैसे कामगार जो छत्तीसगढ़ के वोटर हैं और छत्तीसगढ़ से सटे झारखंड के सीमावर्ती जिलों के विभिन्न प्रतिष्ठानों, दुकानों में काम करते हैं, उन पर यह सुविधा लागू होगी। श्रम विभाग के मुताबिक 7 और 17 नवंबर के लिए यह विशेष व्यवस्था होगी। दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम 1953 से आच्छादित सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत छत्तीसगढ़ के कामगारों को अधिनियम की धारा 12-ए के तहत इन तिथियों (7 और 17 नवंबर) को सवैतनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा के नेतृत्व में काम करने वाली सरकार बनाएं : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/छत्तीसगढ़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने छत्तीसगढ़ के केशकाल विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ टेकाम के पक्ष में बहिगांव और मुरवेल में जनसभाओं को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आप केवल प्रत्याशी नहीं चुनने जा रहे, बल्कि एक सरकार चुनने जा रहे। इसलिए पूरी सावधानी के साथ ठोक बजाकर आप सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार की गर्त में डूबा दिया। कांग्रेस पार्टी का यह पुराना इतिहास है। कांग्रेस की सरकार को जनता को सेवा से कुछ भी लेना देना नही।कांग्रेस की सरकार कमाने के लिए होती है जबकि भाजपा की सरकार काम करने के लिए बनती है। उन्होंने कहा कि जनता में जब अवसर दिया तो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने अलग छत्तीसगढ़ राज्य का सपना साकार किया। भाजपा की प्रदेश सरकार ने कई लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई लेकिन भूपेश बघेल सरकार ने राज्य को घोटाले का राज्य बना दिया। अब तो महादेव ऐप घोटाले में यह साफ हो गया कि घोटाले के तार दुबई से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आजाद भारत में सर्वाधिक सम्मान भाजपा की सरकारों ने दिया है। अटल की सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। नरेन्द्र मोदी सरकार में आठ आदिवासी समाज के मंत्री है जो एक रिकॉर्ड है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कार्य किए। गैस सिलेंडर देकर गरीब माताओं बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। इज्जत घर बनाकर सूर्योदय से सूर्यास्त की चिंता दूर की। आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, 5 किलो मुफ्त अनाज योजना, जनधन योजना से गरीबों को जोड़ा। उन्होंने जनता से छत्तीसगढ़ में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने के लिए कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील की।

# परिसीमन आयोग और आरक्षण के मुद्दे पर महासम्मेलन 26 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में परिसीमन आयोग और आरक्षण को लेकर 26 नवम्बर को पुराने विधानसभा भवन में राज्यस्तरीय महासम्मेलन होगा। राज्य में परिसीमन आयोग के तहत विधानसभा की सीटें 81 से बढ़ाकर 150 करने और विधान परिषद का गठन करने, जातिगत जनगणना किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने रविवार को कहा कि कार्यक्रम में राज्य के सभी जिलों सहित दिल्ली, यूपी, बिहार से अनेक लोग और राजनेता पहुंचेंगे। महासम्मेलन में महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण शामिल करने, राज्य के सात जिलों में ओबीसी को शून्य आरक्षण करने का आदेश को निरस्त कर बाकी जिलों की तरह अविलंब बहाल करने, पूर्व सरकार की ओर से शामिल अन्य भाषाओं की तर्ज पर 16 भाषाओं को द्वितीय राजभाषा में पुनः बहाल करने, मदरसा शिक्षा बोर्ड का गठन करने सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। श्री यादव ने कहा कि हमारी जो मांगें हैं वह सरकार पूरा करे। नहीं तो इसस और आगे का भी सोचा जायेगा। जिस तरह से ओबीसी को अब आरक्षण मामले में काफी पीछे धकेल दिया है, उसे सरकार आरक्षण के मुद्दे पर विचार करे। क्योंकि ओबीसी इस मामले में काफी पिछड़ चुका है।

### अवैध बालू लदे तीन हाइवा को पुलिस के किया हवाले

**रांची।** बुंडू टोल प्लाजा के निकट बीती रात आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने तीन अवैध बालू लदा हाईवा को पकड़ा। सीओ पवन कुमार ने तीनों हाइवा को पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं, बुंडू पुलिस की सूचना पर खनन विभाग द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासन व खनन विभाग की मिलीभगत से अवैध बालू का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। चार वर्षों से बालू घाट की नीलामी नहीं हुई है। लेकिन, माफियाओं द्वारा नदियों से लगातार बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। बालू माफिया पश्चिम बंगाल के चालान पर बालू की ढुलाई करवा रहे हैं। 400 सीएफटी के चालान पर आठ सौ सीएफटी बालू हाईवा में लाद कर रांची में बेचा जा रहा है।

# कैला महतो की पुण्यतिथि मनाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड युवा विकास मंच के बैनर तले स्व कैला महतो का 17 वां पुण्य तिथि रिंग रोड कैला महतो चौक गागी मोड़ कांके में मनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंच की अध्यक्ष राजेंद्र महतो व संचालन महासचिव राजकुमार महतो ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर रणधीर चौधरी अध्यक्ष कुरमी विकास परिषद एवं पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. अमर कुमार चौधरी मुख्य वक्ता, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, विशिष्ट अतिथि लोक अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहु, सुषमा देवी जिला परिषद सदस्य कांके, सरिता देवी जिला परिषद सदस्य ओरमांझी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कांके पूर्वी मीना देवी, किशोर महतो आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष विश्व सेवा परिषद राहुल राज,अतिथि नंदलाल महतो, माजा महतो, बनीता मेहता, सावित्री देवी, बसंती देवी, उर्मिला देवी, अनूप महतो, अधिवक्ता महेंद्र महतो,सोनालाल महतो, दिनेश महतो राजेश मुखिया,सचिन गोस्वामी, पुरुषोत्तम दास गोस्वामी, सुनीता सरपंच,बलराम महतो, राजेन्द्र ओहदार, दशमी देवी सरीता देवी, रामबिलास महतो प्रवीण कुमार नितेश कुमार सिद्धार्थ कुमार मुतुकलाल महतो प्रभात भूषण महेंद्र महतो तुलसी महतो जयप्रकाश महतो शामिल थे।

### प्रदर्शनी में छात्राओं की पेंटिंग 10 हजार में बिकी, आर्डर भी मिला

**रांची।** राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में तीन से रविवार तक राज्यस्तरीय कला एवं शिल्प प्रदर्शनी और बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें 24 जिलों के सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा तैयार शिल्प कला और रचनात्मक सामग्रियों की प्रदर्शनी और बिक्री की गई। प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम में रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके की छात्रा रितिका कुमारी और गायत्री कुमारी द्वारा बनाई गयी मनमोहक पेंटिंग को दस हजार रुपये में खरीदा गया। इतना ही नहीं, इन बच्चियों की प्रतिभा को देखते हुए इन्हें और 7 पेंटिंग बनाने का आर्डर भी मिल गया है। राज्य के सरकारी स्कूल के प्रतिभावान बच्चों की कला को शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के पहल से मंच देने का कार्य किया जा रहा है।

## उत्साह का माहौल : दिवाली पर घर को दें नया लूक

# सजावट से घर की खूबसूरती में लगेंगे चार चांद

**शशि भूषण शर्मा, रांची**



दिवाली का त्योहार आने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं और यकीनन इसके लिए कई लोगों ने घर की साफ-सफाई भी शुरू कर दी होंगी। वैसे इस मौके पर घर की सजावट पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए आप दीये और लाइट्स के अलावा कम बजट में कई चीजों का इस्तेमाल करके अपने घर की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं। चलिए फिर आज दिवाली पर घर सजाने के लिए कुछ बेहतरीन तरीके जानते हैं।

**रंगोली बनाएं :** रंगोली से घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। सजाने के लिए यह सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है. इस दिवाली भी आप घर की दीवारों या फर्श पर ब्यूटीफुल रंगोली बना सकते हैं. रंगोली के आसपास फूलों और दियों को रखने से इसे गजब का लुक मिलेगा. आप चाहें तो मल्टी कलर का यूज भी कर सकते हैं, इससे रंगोली और घर दोनों खूबसूरत लगेंगे।

**इस तरह सजाएं दीवारें :** दिवाली का त्योहार रोशनी का है और ऐसे खास मौके पर लाइट्स और शीशे की सजावट करना तो बनता है। इसके लिए आप अपने घर की दीवारों पर लाइट वाली लड़ियां लगाएं। यह हर घर में आसानी से उपलब्ध होती है। इसके अलावा आप घर की दीवारों की सजावट शीशे से भी कर सकते हैं। इसमें जब दीयों और अन्य लाइट्स की रोशनी का प्रतिबिंब नजर आता है और घर और भी अधिक खूबसूरत लगता है।

**घर पर बनाएं शुभ-लाभ हैंगिंग :** इस दिवाली अपने हाथ से शुभ-लाभ हैंगिंग बनाकर अपने घर की खिड़की-दीवारों पर लगाएं। आप इसे कम बजट में घर पर आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर 2 गोले बनाकर कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें। इसके बाद उसके किनारों को मोती, शीशे या गोटे से सजाकर इसे रिबन से ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए।

**फूलों से करें सजावट :** दिवाली पर आप फूलों का इस्तेमाल करके भी घर को सजा सकते है। हालांकि, इसके लिए आपको आर्टिफिशयल फूलों की बजाय असली फूलों का ही इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि असली फूलों से घर की सजावट ज्यादा अच्छा लगती है, साथ ही इसकी खुशबू से घर महकता भी रहता है। इसके लिए घर के सभी कमरों के किनारों और दरवाजों और खासतौर पर मंदिर को भी फूलों से सजाएं।

दिवाली पर मेहमानों के लिए ये मीठे व्यंजन भी बनाएं।

**दीये और मोमबत्ती :** दीवाली पर हर घर में दीये जलाए जाते हैं. दिवाली पर आप घर को सजाने के लिए प्लेन दीये को कलर कर सकते हैं. इसके अलावा आप रंगीन दीये और मोमबत्ती भी खरीद सकते हैं. ये आपके घर को खूबसूरत लुक देंगे।

### विद्या विकास पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार दिवस का आयोजन

**रांची।** तेजी से विकास की ओर बढ़ते हुए विद्या विकास पब्लिक स्कूल (वीवीपीएस) में, शनिवार को वार्षिक पुरस्कार दिवस, ह्वउन्नयन 2023ह्व का आयोजन किया गया। इसमें पिछले सत्र के सफल शैक्षणिक टॉपर्स को सम्मानित किया गया और उनकी सराहना की गई। ये प्रतिभाशाली छात्र अन्य सभी के लिए प्रेरक प्रेरणाएं निर्धारित करते हैं और हम ऐसी कई अन्य उपलब्धियां देखने के लिए उत्सुक हैं। वीवीपीएस एक ऐसा नाम जिसने बहुत कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में अपना स्थान बनाया है। अपने छात्रों और समाज की बेहतरी के लिए काम करने की प्रतिबद्धता के साथ, स्कूल विश्वास का पर्याय बन गया है। कराटे, क्विज, कविता पाठ में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना और जिला और राज्य स्तर पर विभिन्न खेल आयोजनों में स्थान हासिल करना इस बात का प्रमाण है कि छात्रों को सही प्रशिक्षण और अनुभव मिल रहा है। उन्नयन 2023 के इस शुभ अवसर पर न्यायाधीश बीबी मंगलमूर्ति, अध्यक्ष, झारखंड रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण, पूर्व न्यायाधीश झारखंड उच्च न्यायलय, मुख्य अतिथि थे।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया मेडिकाना नर्सिंग होम का उद्घाटन, कहा

# जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मेडिकाना नर्सिंग होम का पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व अंजुमन अध्यक्ष इबरार अहमद द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मेडिकाना नर्सिंग होम की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए इसे जनपद के विकास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बिजुपाड़ा और आसपास के लोगों को बेहतर इलाज की व्यवस्था मिल सकेगी। रविवार को बिजुपाड़ा खलारी रोड स्थित सिब्ना उरांव कांप्लेक्स में मेडिकाना नर्सिंग होम का विधि विधान के साथ पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व अंजुमन अध्यक्ष इबरार अहमद द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। विशिष्ट अतिथि इबरार अहमद ने कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत ज्यादा जरूरत है। जब हमें अपने घर के नजदीक ही बेतहरीन मेडिकल सुविधाएं मिलने लगती हैं, तो हमारी काफी समस्याओं का समाधान हो जाता है।

संचालक डॉ तलहा और डॉक्टर हनीफ ने बताया कि नर्सिंग होम में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ओटी है। जहां पर सभी तरह के ऑपरेशन की व्यवस्था है। साथ ही कुशल चिकित्सको द्वारा मरीजों के लिये ओपीडी की भी व्यवस्था हैं।अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये सभी तरह की जांचों एव उपचार के लिये बेहतर व्यवस्था है। मरीजों को भर्ती करने के लिये आधुनिक व्यवस्थाओ से लैस यह नर्सिंग होम है। चौबीसों घण्टे मैटरनिटी के लिये कुशल चिकित्सकों के अलावा दक्ष स्टाफ की तैनाती रहेगी। इस नर्सिंग होम में 10 बेड, इमरजेंसी वार्ड है। नर्सिंग होम में सभी टॉप डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। जिनमे महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमृता कुमारी जमशेदपुर, एमडी मेडिसिन डॉक्टर आरिफ तौहीद रांची, बच्चा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर इमरान रांची, एमएस रिम्स डाक्टर अरविंद कुमार, एमडी एस एम एस डॉक्टर अमित कुमार, डॉक्टर सैयद हेदायतुल्ला एमडी पीजीडीएफएम, बच्चा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विश्वनाथ भ्रमाचारी, एमडी रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर इश्तियाक अहमद, डॉक्टर स्वाती लाल अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा इको, इसीजी, एक्सरे, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, नेबुलाइजेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य झामुमो सरोज देवी, डॉक्टर ताल्हा, मो हनीफ, मुफ्ती रहमत, मो शकील, मुगीर अंसारी, सिबना उरांव, भोनू सिंह, बिरसा उरांव, युनुस अंसारी, शाकिर अंसारी, समाजसेवी मतिउर्रहमान, अमजद हुसैन, सिंगतुल्लाह, हाजी नवाब, खालिद समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन पर भाजपा की बैठक, 10 हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आगामी 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के पुनीत अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातू खूंटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन के उपलक्ष में झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री जी का आगमन खूंटी में हो रहा है इसे लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह है, सिमडेगा से 10000 भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।खूंटी में एक विशाल जनसभा को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे साथ ही विकसित भारत यात्रा रथ को रवाना करेंगें। वही बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि झारखंड के लिए गौरव का छन है की प्रधानमंत्री आ रहे है।आजाद भारत में आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की सुधि नहीं ली,पर पीएम नरेंद्र मोदी आ रहे है। पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि झारखंड के तमाम जनजाति एवं मूल वासियों सभी जनता के लिये ये हर्ष का विषय है कि तमाम तरह की व्यवस्तताओं के प्रधानमंत्री का आगमन भगवान बिरसा मुंडा के उद्गम स्थल पर हो रहा है।कार्यक्रम में मंच संचालन महामंत्री दीपक पुरी एवं धन्यवाद ज्ञापन कोषध्यक्ष अनूप प्रसाद ने किया।मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर, श्रद्धानन्द बेसरा, भोला साहू, मनोज साय, प्रणव कुमार ,सुजान मुंडा, डॉ महेंद्र भगत, मंत्री तुलसी कु साहु ,राकेश रविकांत ,सो मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, कृष्णा बड़ाईक, श्रीलाल साहू ,अजय सिंह, बसंत मांझी हीरा राम ,संजय शर्मा ,कृष्णा ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, नीरज बड़ाईक ,नवीन सिंह ,मोहन बड़ाईक ,नरेंद्र बड़ाईक, शिवराज बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष मानकी लाल, सत्यनारायण प्रसाद, मनिंदर बिंदिया, घनश्याम सिंह, कामेश्वर सिंह ,ओमिन सिंह ,तपेश्वर साहू ,अशोक इंदवार, सुरजन प्रधान ,विजय महतो ,प्रदीप जायसवाल, विद्या बड़ाईक ,अनिरुद्ध सिंह, सावित्री देवी ,पिंकी प्रसाद, नंदिनी दास ,कंचन रानी एक्का, रनधीर कुमार, गजानंद बेसरा ,संजय केशरी ,रामचन्द्र सिंह, नारायण दास ,बेद प्रकाश ,रवि वर्मा, संटू गुप्ता ,बासुदेव तिर्की ,चंदन लाल, फणीभूषन साहा, दयाराम मेहर ,नवीन बड़ाईक मौजूद थे।

## गागर में सागर

### कोडरमा : गुमो के तीन वार्डों में 10 दिनों से जलापूर्ति ठप



**कोडरमा।** झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गुमो के वार्ड नंबर 20, 21 व 22 में करीब 10 दिनों से जलापूर्ति ठप पड़ी हुई है. इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब हो कि आगामी पर्व-त्योहार को लेकर लोग अपने-अपने घरों की साफ-सफाई में जुटे हैं. लेकिन, जलापूर्ति ठप होने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है. बता दें कि झुमरी तिलैया, गुमो, कोडरमा समेत शहरी क्षेत्रों में निर्बाध जलापूर्ति के लिए ग्राम उरवां में इंटकबेल लगाया गया था. लेकिन, 10 दिनों में शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति योजना की स्थिति काफी दयनीय है.

### थाली-दीया सजाओ प्रतियोगिता संगम व वंदना को प्रथम पुरस्कार



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत थाली-दीया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें कक्षा एक से पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में संगम कुमारी व वंदना कुमारी को प्रथम, अमन कुमार पासवान व अदीबा अहमद को द्वितीय तथा हर्षित झा को तृतीय स्थान मिला. वहीं, अपने-अपने वर्ग में अवनि सिंह व अद्रिजा विश्वास प्रथम, यशप्रीत, अंश व अनुप्रिया द्वितीय एवं मो. फहद, शशांक व अंशिका तृतीय, प्रथम पायल, द्वितीय नैतिक, तृतीय साक्षी, प्रथम उज्ज्वल कुमार व अर्णव कुमार, द्वितीय मयंक कुमार व तन्मय, तृतीय तन्मय कुमार, प्रथम सुलव कुमार, द्वितीय मधु कुमारी और खुशी कुमारी को तृतीय स्थान मिला. कार्यक्रम कामिनी सहाय, अल्का सिंह व सीमा जैन की देखरेख में संपन्न हुआ. प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों द्वारा सजाअ ेगई थाली-दीया की काफी सराहना की. उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में पर्व-त्योहारों की समझ विकसित होती है.

### कोडरमा में 40 लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण

**कोडरमा।** योगिया टिल्हा जयनगर प्रखंड पंचायत भवन परिसर में उज्ज्वला योजना के तहत 40 लाभुकों के बीच घरेलू गैस कनेक्शन दिये गये. इस दौरान मुखिया इरफान अंसारी और पथिक समिधा जयनगर के प्रोपराइटर सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने 40 लाभुको को उज्वला योजना को लाभ दिया. मौके पर मुखिया इरफान अंसारी ने कहा कि वैसे सभी परिवार जिनके राशन कार्ड में नाम है. उन्हें एक-एक गैस कनेक्शन उज्वला योजना के तहत मुफ्त दिया जा रहा है. वहीं सुरेंद्र भाई मोदी ने सभी लोगो को गैस सुरक्षा की दृष्टिकोण से इसका इस्तेमाल करने के तरीके बताएं. उन्होंने लाभुकों से कहा कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी. मौके पर उप मुखिया रहीम अली, सकलदेव सिंह, शहंशाह खान समेत पंचायत के सभी वार्ड सदस्य और लाभुक मौजूद रहे.

## बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पहुंची सिमडेगा

# कस्तूरबा गांधी-आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, मिली लापरवाही

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव एवं सदस्य सुनील कुमार वर्मा शनिवार को सिमडेगा पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमडेगा और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद इन्होंने समाहरणालय में बाल संरक्षण से जुड़े पदाधिकारों और स्कूल प्रबंधकों के साथ बैठक किये। इस दौरान उन्होंने जिले में बाल संरक्षण, बाल कल्याण और बीपीएल बच्चों के स्कूलों में नामांकन को लेकर समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और स्कूल प्रबंधकों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मीडिया से बात करते हुए बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय और आंगनबाड़ी में निरीक्षण के दौरान कई कमियां पाई गई। उन्होंने बताया की कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चियों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहां जेनरेटर नही होने से बिजली कटने पर काफी दिक्कत हो रही है, साथ हीं वहां कमरों में खिड़की भी नही है, एवम वाशरूम की भी समस्या है। जिस कारण वहां बच्चियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ हीं उन्होंने बताया कि निरीक्षण किए गए आंगनबाड़ी की स्थिति काफी दयनीय है। आंगनबाड़ी का भवन काफी जर्जर है। जिस कारण बच्चों को हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने इन सभी समस्याओं को अविलम दूर करने का निर्देश दिया है। साथ हीं उन्होंने बताया की जिले की एक बच्ची को आयोग द्वारा मथुरा से रेस्क्यू किया गया है। जिसे रविवार को रांची और उसके बाद सिमडेगा लाया जाएगा। उसके यहां रहने की व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिया गया है। साथ हीं उन्होंने सिमडेगा बाल कल्याण के रिक्त पदों जल्द भरने की बात कही।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, डीएसपी मुख्यालय पतरस बरवा, सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो, बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाइक, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, बीडीओ सिमडेगा, स्कूलों के प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।



### नगर अपना का 22 वां स्थापना दिवस मना

**सिमडेगा।** संस्था नगर अपना का रविवार को 22वा स्थापना दिवस पर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में धूमधाम के साथ मनाया गया।सर्व प्रथम संस्था के समर्थको के द्वारा पारंपरिक भेष में नगर के मुख्य मार्ग पर आभार यात्रा निकाला गया। जिसका अगवाई संस्था के अध्यक्ष चन्दन कुमार दे तथा सस्थापक सदस्य कुंवर गोप के द्वारा किया गया।आभार यात्रा के बाद अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न टोले वासियों के द्वारा पारंपरिक वेशभूषा एवं अलग-अलग प्रकार के गीत संगीत में नृत्य प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का आरंभ संस्था के अध्यक्ष तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि कुंवर गोप के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन मनोज सिन्हा मनु के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यो के द्वारा उत्साह के साथ परिश्रम किए गए।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मतियास लकड़ा, नथालियन लकड़ा, सचिन कछुआ, बेंजामिन, रोशन, असीम, राजेश, फ्लैबियस, हर्मन लकड़ा, बिरसा, गणेश साहू, प्रफुल, जेम्स, तथा अनेकों महिला सदस्यो का युगदान रहा।

## डुबकी चर्च में आयोजित नवाखानी पर्व में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सुंदरपूर भुडूटोली स्थित डुबकी चर्च में रविवार को नवाखानी पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि ईश्वर की असीम कृपा से बारिश होती है और हम धरती से अन्न उपजाते हैं। आज का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारे परिश्रम का फल हमें मिला है। विधायक ने अन्न के उपज का कुछ हिस्सा गरीबों के लिए रखने की अपील करते हुए कहा भूखे को भी खाना खिलाएं। अन्न का कुछ अनाथ एवं गरीबों को दान करें। कोशिश करें कि हमारे साथ साथ आसपड़ोस में भी कोई भी भूखा न रहे। उन्होंने कहा कि हमें हर साल इसी तरह फसल से अनाज की प्राप्ति हो। अन्नदाता के प्रति कृतज्ञ होकर उन्हें याद करें। मनुष्य तो केवल प्रयास करता है। लेकिन उस प्रयास को सफल बनाने में ईश्वर की कृपा होती है। नवाखानी का पर्व अच?छी फसल की उपज के लिए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। मौके पर मसीही धर्मावलंबियों ने धान, मुंगफली,कंद, उरद सहित कई सब्जियां की उपज का पहला दाना को डालिया में सजा कर ईश ?वर को समर्पित किया। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी लोगों को पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा नवाखानी पर्व ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट करने का दिन है। पर्व के माध्यम से हम ईश्वर के प्रति आभार प्रकट करें। उन्होंने अन्न का कुछ हिस्सा गरीबों के लिए भी रखने का अपील की। मौके पर मिस्सा पूजा बलिदान भी चढ़ाया गया। कार्यक्रम में प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा,पूनम लकड़ा आदि उपस्थित थे।



### बोलबा ईंद मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन, बारिश-अच्छी फसल की कामना की

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार टाँड़ के पास बीती रात ईंद मेला के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया। इस मौके पर गाँव के पहान माधव सेनापति की अगुवाई में ईंद पूजा किया गया ।इसके साथ ही छत्र उठाने के बाद इंद्र देव एवं ग्राम देवता से अच्छी बारिश एवं अच्छी फसल की कामना की गई । वही दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच का उदघाटन पंचायत प्रतिनिधि समाज सेवी एवं गण्य मान्य लोगों ने एक साथ मिलकर दीप जलाकर, नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया ।इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक, मुखिया बिनोद बड़ाईक एवं श्यामसुन्दर बड़ाईक के द्वारा ईंद मेला के इतिहास के बारे बताया गया कार्यक्रम में शंकर सन्यासी, शिवनंदन बड़ाईक, बिमला देवी , शिवानी कुमारी, सखी यादव, सुकांति कुमारी, डांसर रोहिणी कुमारी के साथ सभी कलाकरों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत करके श्रोताओं रातभर झूमने और नाचने के लिए मजबूर कर दिया । इस मौके पर माधव सेनापति, बिरंजित प्रधान, इंददेव सिंह, भानुप्रताप सिंह, हीरालाल प्रधान, अजय जायसवाल, परमानंद बड़ाईक, रमेश दास, बजरंग बड़ाईक, मुन्ना बड़ाईक, ललन सिंह, जमुना प्रसाद, रंजीत शाह एवं अन्य लोगो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया ।

### किलेसेरा बरघाट में मन्दिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन, निकाली गयी कलशयात्रा

**बोलबा।** प्रखण्ड के किलेसेरा बरघाट गांव में शिव मंदिर निर्माण को लेकर रविवार को भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर बाबा उमाकांत महाराज की अगवाई कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया । कलशयात्रा शंख नदी से जल लेकर भारी संख्या में गांव के महिला पुरुष मन्दिर निर्माण स्थल तक बाजा-गाजा के साथ भगवान की जयकारा लगाते हुए पहुँचे पूज्य बाबा उमाकान्त महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया इस मौके पर बाबा उमाकान्त महाराज ने बताया कि धर्म समाज सभ्यता संस्कृति जीवित रहे । मनुष्य भौतिक बात को छोड़कर आध्यत्मिक विचार धारा की ओर जाने के लिए प्रेरित किए इस मौके पर ललन सिंह रामचंद्र साहू, धनीराम बेहरा,लक्ष्मण बेहरा ,दिलीप बेहरा, शंकर बेहरा, चक्रधर महानांदिया, पलटन पातर, दिलीप नायक, जयंती देवी, विमला देवी, अम्बिका देवी, बिरसी पहान एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

### वनदुर्गा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के मां वनदुर्गा मन्दिर परिसर में रविवार को नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।इस मौके पर बाबा राम ट्रस्ट जयपुर सोगाडा के मुख्य बाबा द्वारा विधिवत पूजन अर्चन के बाद शिविर का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात सभी चिकित्सकों को कलम उपहार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात सभी रोगियों का जांच के कर दवाई एवं चश्मा वितरण किया गया। शिविर में 450 लोगों का आंख जांच के साथ चश्मा वितरण हुआ । 300 लोगों को अन्य जांच हुई। शिविर में चार नेत्र डॉक्टर आरके शर्मा जयपुर एवं सर्वेश्वरी समूह के सदस्य एवं वन दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य संघ की अहम भूमिका रही।

### सिमडेगा सीओ ने अवैध बालू के खिलाफ की कारवाई, दो ट्रैक्टरों को किया जब्त

**सिमडेगा।** जिले में लगातार धड़ल्ले से नदियों में बालू का उठाव जारी है। जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह के निर्देश पर सिमडेगा सदर सीओ इम्तियाज अहमद के द्वारा रविवार की सुबह अवैध बालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टरों को जप्त करते हुए सिमडेगा थाना को सुपुर्द किया। उन्होंने गरजा स्थित शंख नदी से अवैध बालू का उठाव कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा ,जबकि दूसरा तामड़ा के पालामाड़ा नदी से अवैध बाल उठाओ कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया। दोनों ही ट्रैक्टरों को सदर थाना में सुपुर्द करते हुए उनके विरुद्ध अवैध खनन का मामला दर्ज की गई ।वहीं सीओ ने कहा कि लगातार अभियान चलता रहेगा और जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### 32 वी एस के बागे मेमोरियल महिला हॉकी टूर्नामेंट का समापन, समसेरा टीम बनी विजेता

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत संत जेवियर उच्च विद्यालय बरवाडीह में आयोजित 32 वी एस के बागे मेमोरियल महिला हॉकी टूनार्मेंट का फाइनल मैच रविवार को समसेरा बनाम गंगुटोली के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी के प्रतिनिधि रावल लकड़ा, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि श्याम लाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन, स्वर्गीय एस के बागे के पुत्र संजीव बागे, उनकी धर्मपत्नी माधुरी बागे के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात खेल मैदान में बॉल को हिट कर फाइनल मैच की शुरूआत की गयी। जहां समसेरा बनाम गंगुटोली के बीच कांटे की टक्कर हुई जिसमे समसेरा की टीम खिताब जीतकर अपना कब्जा जमाया।

## लुत्फ उठाया

## झाखंड बंगाली समिति का विजया सम्मेलन

# देर रात गीत-संगीत-नृत्य से झूमते रहे दर्शक




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बंगाली समिति का विजया सम्मेलन समेत 2 खबरें देर रात तक गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों से झूमते रहे दर्शक ड्डह्मीे: झारखंड बंगाली समिति कोडरमा शाखा के तत्वावधान में विजया सम्मेलन संपन्न हुआ. शनिवार देर रात तक चले कार्यक्रम में संगीत, नृत्य और श्रुति नाटक का दर्शकों ने खूब आनंद लिया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व में हुए चित्रांकन प्रतियोगिता, आवृत्ति प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष डॉ ओमियो कुमार विश्वास ने रविंद्र नाथ टैगोर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया. चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के नंदिनी कुमारी, द्वितीय सेक्रेड हार्ट स्कूल की छात्रा हर्षिका सोनी और तृतीय स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल के जनक कुमार साव को मिला. रविंद्र नाथ टैगोर की कविता ह्वसुख-दुखह्व पर आवृत्ति प्रतियोगिता में प्रथम अद्रिजा विश्वास, द्वितीय अंतरा मुखर्जी और तृतीय स्थान अहाना साहा को मिला.

### विजेताओं को दिये गये पुरस्कार

नेताजी सुभाष और आजाद हिंद फौज विषय पर हुए भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पिऊ विश्वास, द्वितीय राजसी दास और तृतीय स्थान अनिकेत बनर्जी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में समाज के वयोवृद्ध पुरोहित भूतनाथ मजूमदार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजे गये.. सांस्कृतिक कार्यक्रम में रविंद्र संगीत, आधुनिक संगीत के साथ-साथ रविंद्र नृत्य लोक नृत्य से लोगों में आनंद की धारा बहती रही. देर रात तक चले कार्यक्रम में एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए.

# डीसी ने क्षेत्र भ्रमण कर किया पुनरीक्षण कार्यक्रम निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के निमित्त विशेष रविवार को कैम्प दिवस के अवसर पर पुनरीक्षण कार्यो से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं कार्य की प्रगति के अनुश्रवण हेतु कोलेबिरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा प्रखण्ड के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा मृत मतदाताओं से संबंधित लक्ष्य मे भरे गये प्रपत्र, ब्लैक एंड व्हाइट एवम न्यू ?न गुणवता वाले फोटो के लक्ष्य एवम लक्ष्य के विरूद्ध प्रपत्र-8 तथा नये मतदाताओं के निबंधन के लक्ष्य के विरूद्ध प्रपत्र-6 के संकलन एवं प्रविष्टियों से संबंधित जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि अभी तक प्रपत्र-7 एवं प्रपत्र-8 से संबंधित संकलन एवं प्रविष्टि शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है, इसे यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया ।उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा को निर्देश दिया गया कि प्रत्येंक दिन कुछ मतदान केन्द्रों का भ्रमण करेंगे तथा बीएलओ सुपरवाईजर के साथ बैठक करते हुए कार्यो को ससमय निस्पादन करेंगे ।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा राजेन्द्र प्रसाद सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा मनीष कुमार,बीडीओ विरेन्द्र किंडो एवं अन्य उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### बीडीओ ने किया डंडई प्रखंड के रोजगार सेवकों को इधर से उधर

**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू ने शनिवार देर शाम प्रखंड भर के रोजगार सेवकों को इधर से उधर कर दिया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्य के त्वरित निष्पादन हेतु बदली किए गए रोजगार सेवकों में दिनेश कुमार रवि, सुनील प्रसाद, अनिल केरकेटा, दामोदर कुमार, प्रमोद प्रजापति, अशोक राम, संजीव कुमार, बृजमोहन कुमार राम व विनय कुमार चौबे शामिल हैं। डंडई पंचायत के रोजगार सेवक को लवाही पंचायत के लिए बदली की गई है, जबकि तसरार पंचायत के रोजगार सेवक को सोनेहारा पंचायत, झोतर पंचायत के रोजगार सेवक को रारो पंचायत, पचोर पंचायत के रोजगार सेवक को करके पंचायत, सोनेहरा पंचायत के रोजगार सेवक को डंडाई पंचायत, करके पंचायत के रोजगार सेवक को जरही पंचायत, लवाही पंचायत के रोजगार सेवक को झोतर पंचायत, रारो पंचायत के रोजगार सेवक को पचोर पंचायत, जरही पंचायत के रोजगार सेवक को तसरार पंचायत के लिए बदली की गई है। पत्र में उक्त रोजगार सेवकों को तुरंत प्रभाव से नए पंचायत में काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### तेली महासंगठन की प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन, नन्हक साह की प्रतिमा लगेगी



**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय तेली महासंगठन की प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन हुआ। दीनदयाल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से 35 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता सेनानी नन्हक साह की प्रतिमा प्रखंड कार्यालय के समीप लगाई जायेगी। बैठक में सर्वसम्मति से मनोरंजन प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, विजय कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, मुंगा साह को सचिव, मणिलाल गुप्ता को उपसचिव, अलखदेव कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता को संगठन मंत्री, मनीष कुमार गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी, विनोद प्रसाद गुप्ता को सूचना मंत्री, दीनदयाल प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव कुमार गुप्ता, परशुराम गुप्ता एवं वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता को संरक्षक मंत्री, राम भजन गुप्ता को संयोजक, नेमचंद साह को प्रवक्ता, अजय कुमार गुप्ता को अप सूचना मंत्री बनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव का नतीजा तैलिक समाज ही तय करेगा। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, बालेश्वर साह, रामाटन साह आदि मौजूद थे।

### चंद्रवंशी महासभा ने की शोकसभा



**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व सरपंच सह समाजसेवी बिरझन वर्मा, गढ़वा निवासी भीखम चंद्रवंशी, नगर उंटारी निवासी सुनील चंद्रवंशी व मोहनलाल चंद्रवंशी के निधन पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी महासभा के अनुमंडल इकाई द्वारा रविवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में चंद्रवंशी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष रमेश चंद्रवंशी, सचिव गोपाल चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नंदू चंद्रवंशी, संरक्षक गोपीचंद चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी, कोलझिकि मुखिया सुरेश भंडारी, अविनाश कुमार, हलीवंता ग्राम निवासी अशोक चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बिरेंद्र चंद्रवंशी, गिरिजा चंद्रवंशी, रंजू चंद्रवंशी, आशिष चंद्रवंशी, विवेक विभूति, पूजा देवी, परी देवी आदि उपस्थित थे।

### मंदिर नवनिर्माण के लिए कमेटी गठित

**रमना।** दुर्गा मंदिर नवनिर्माण को लेकर सिलिदाग पंचायत के जयभवानी संघ के तत्वधान में दुर्गा मंडप में बैठक की गई, जिसमें पूजा कमेटी सदस्यों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मंदिर नवनिर्माण कमेटी का गठन किया गया। बैठक का संचालन पूजा कमेटी अध्यक्ष उमेश कुमार ने किया। मंदिर निर्माण हेतु उपस्थित 45 लोगों ने सहयोग राशि देने की घोषणा की। मुखिया पति दिलीप ठाकुर की तरफ से 51 हजार रुपये, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नागिन (नागेंद्र) सिंह ने 11 हजार व अन्य ने 5100 से लेकर 2100 रुपये सहयोग की घोषणा की। सभा में प्रमोद सिंह, प्रदीप, अमित मेहता, विकास, राजू मौर्या, अशोक नेता, अजीत सिंह, लालेश सिंह, राजकुमार ठाकुर, दीपक पासी, राकेश सिंह, सुजीत कुशवाहा, उपेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, सुनील पासी, सुरेंद्र पासवान आदि उपस्थित थे।

---

### श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस अधिकारी बोले, आरक्षी संजीव दुबे के प्रयास से प्रशासन की बनी अलग छवि

# खरौंधी : एक थाना ऐसा, जहां होती है गरीब बच्चों की निःशुल्क पढ़ाई



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

थाना परिसर में रविवार को श्रीबंशीधर नगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने 240 गरीब छात्र-छात्राओं के बीच कॉपी, कलम सहित शिक्षण सामग्री का वितरण किया। इसके पश्चात केशरी, पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, चालक आरक्षी संजीव दुबे ने उपस्थित सभी बच्चों के साथ थाना परिसर में मिष्ठान भी खाया।

इस मौके पर केशरी ने कहा कि खरौंधी थाना के चालक आरक्षी संजीव दुबे ने थाना परिसर में गरीब छात्रों को निशुल्क शिक्षा देकर मिसाल पेश की है। इनके सार्थक प्रयास ने पुलिस प्रशासन की एक अलग छवि बनाई है। ये संजीव दुबे के प्रयास से संभव हुआ है। गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा महादान के बराबर है। आरक्षी संजीव दुबे के इस प्रयास में प्रशासन पूरी तरह साथ है। उनके इस कार्य से पुलिस एवं पब्लिक से संबंध अच्छा बनेगा। साथ ही इससे बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा थाना परिसर में पढ़ाई के लिये एक शेड का निर्माण कराया जायेगा ताकि बच्चों को गर्मी, ठंडी तथा बरसात के दिनों में पढ़ाई में कोई परेशानी नहीं हो और सभी मौसम में नियमित पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित की जा सके। बच्चों की पढ़ाई दो शिफ्ट में कराई जाएगी, जिसमे प्रथम शिफ्ट में वर्ग 1 से 5 के बच्चे एवं दूसरे शिफ्ट में वर्ग 6 से 8 के बच्चे होंगे। इसके साथ ही खरौंधी थाना परिवार के सभी कर्मी पढ़ाई में सहयोग करेंगे। इस दौरान नितेश प्रजापति, चंदन कुमार यादव, रमा कुमारी, रेखा कुमारी, अंजू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सपना कुमारी, आयुष कुमार, नितेश कुमार, गोरखनाथ चौधरी सहित खरौंधी थाना के सभी पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

# दशहरा बीता फीका, अब मजदूरों को दीपावली; छठ की सताने लगी चिंता

### मनरेगा के तहत काम करने वालों को तीन माह से नहीं मिली मजदूरी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा में काम कर रहे प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से अब उनका मोहभंग हो रहा है। पिछले तीन माह से मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूर प्रखंड कार्यालय से बैंक का चक्कर काट रहे हैं। मजदूरी बकाया होने के कारण मजदूरों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ऐसे में मजजूर अब परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। इसकी जानकारी होने के वावजूद जवाबदेह अधिकारी मौन हैं।

दशहरा में मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ, जिस कारण दशहरा पर्व भी फीका बीता। संभवतः अब दीपावली, छठ पूजा भी फीका रहने की संभावना मजदूरों द्वारा जताई जा रही है। मनरेगा मजदूरों को 1530 रुपये सप्ताहिक मजदूरी का भुगतान होता है। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली साप्ताहिक राशि 162 रुपये का भुगतान मजदूरों के खाते में तत्काल हो जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली साप्ताहिक मजदूरी की राशि 1368 रुपये का भुगतान नहीं हो रहा है। इससे प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजनाओं में काम करने वाले 8374 मजदूरों के 11 करोड़ 42 लाख 9121 रुपये बकाया हैं। इसमें मुकुंदपुर पंचायत में 3247 मजदूरों के 4179516 रुपये, केतार पंचायत में 1157 मजदूरों के 1588062 रुपये, बलीगढ़ पंचायत में 1357 मजदूरों के 1788852 रुपये, लोहरगाड़ा पंचायत में 109 मजदूरों के 1805706 रुपये, पाचाडुमर पंचायत में 1663 मजदूरों के 23511217 रुपये, परसोडीह पंचायत में 369 मजदूरों के 663738 रुपये और परती कुशवानी पंचायत में 472 मजदूरों के 677160 रुपये शामिल हैं। मजदूरों द्वारा आम बागवानी, मेडबंदी, टीसीबी, तालाब, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता, रैनवाटर हार्वेस्टिंग और पीएम आवास योजना में कार्य किया गया है। इस संबंध में प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार ने कहा कि प्रखंड से मजदूरों के भुगतान के लिए एफटीओ स्टेट को भेजा गया है। यहां से समस्या नहीं है। मजदूरी भुगतान स्टेट से मजदूरों के खाते में होता है।

## धमकी देना बंद करें भानु ये रघुवर राज नहीं, जनता की चुनी सरकार है : धीरज

**झामुमो के प्रवक्ता बोले, अपनी हरकतों से बाज नहीं आएंगे तो झामुमो उनकी ईंट से ईंट बजा देंगे, उन्हें अपना क्षेत्र छोड़कर भी भागना पड़ेगा**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही जनता के चुने हुए किसी भी जनप्रतिनिधि या किसी को भी डराना, धमकाना बंद करें। वे यह नहीं भूलें कि यह रघुवर राज नहीं, बल्कि झारखंड की जनता की चुनी हुई हेमंत सोरेन की सरकार है। सच सामने आने पर भानु तिलमिला रहे हैं। यदि वे अपनी गुंडागर्दी की हरकतों से बाज नहीं आएंगे तो झामुमो उनकी ईंट से ईंट बजा देगा। उन्हें अपना क्षेत्र छोड़कर भी भागना पड़ेगा। ये बातें झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा को विधायक भानु प्रताप शाही के इशारे पर धमकी दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहीं।

दुबे ने कहा कि भवनाथपुर जिपस रंजनी शर्मा ने जनता के बीच विकास कार्यों की सच्चाई रखी तो भानु पुरी तरह से तिलमिला उठे। वे अपने गुर्गों से सच्चाई को दबाने के लिए धमकी दिला रहे हैं। झामुमो इस कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। दुबे ने कहा कि क्षेत्र का विकास गुंडागर्दी करने एवं दूसरे के कार्यों का खुद श्रेय लेने से नहीं होता है, बल्कि विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने से होता है। विधायक भानु अपनी नाकामी को छुपाने के लिए जनता की चुनी हुई जनप्रतिनिधि को धमकी दे रहे हैं। ये तानाशाही नहीं चलेगी। जनता अच्छी तरह से जानती है कि क्षेत्र के विकास के लिए वे क्या कर रहे हैं। झामुमो पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर भानु के ऐसे कारनामों को उजागर करेगा। उन्होंने कहा कि पूरे जिले की जनता इस बात को जानती है कि हेमंत सरकार में पूरे राज्य का हर क्षेत्र में बेहतर विकास हो रहा है। रघुवर राज की तरह सिर्फ हवाबाजी नहीं हो रही है। दुबे ने कहा के भविष्य में यदि डराने, धमकाने की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो गढ़वा जिले की जनता सड़क पर उतरकर ऐसे लोगों को क्षेत्र से खदेड़ने का काम करेगी।

## हाई स्कूल खरौंधी में विधायक सांसद का किया गया सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रांगण में शनिवार को पलामू सांसद बीडी राम, विधायक भानु प्रताप शाही का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक नंद किशोर पाठक ने विद्यालय विकास के संबंध में उन्हें मांगपत्र सौंपा, जिसमें विद्यालय भवन निर्माण एवं चहारदीवारी की मांग की गई है। इस मौके पर सांसद ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय का संचालन सराहनीय कार्य है, जिसका अध्यक्ष विधायक भानु प्रताप शाही खुद हैं। उन्होंने विद्यालय विकास के लिये सांसद मद से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। साथ ही कहा कि आगे भी आवश्यकतानुसार विद्यालय को सभी सुविधा प्रदान की जायेगी। वहीं शाही ने कहा कि वह अपने विद्यालय के विकास के लिये विधायक मद से भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये देने की घोषणा करते हैं। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक, उदय प्रताप, वृजबिहारी दुबे, प्रमुख आभा रानी, शारदा महेश प्रताप देव, रामकृपाल दुबे, मुकेश तिवारी, उमेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र यादव, सुनील रौशन, आनंद चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, बुद्धनाथ गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिपस ने की पंचायत सचिवालयों को नियमित संचालित कराने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीडीसी को पत्र प्रेषित कर जिले के सभी पंचायत सचिवालयों को नियमित रूप से संचालित कराने की मांग की है। डीडीसी को सौंपे आवेदन में कहा गया है कि सरकार के निर्देशानुसार पंचायत स्तरीय कर्मियों का रोस्टर तैयार कर प्रतिदिन अनिवार्य रूप से पंचायत सचिवालय संचालित करवाना है। इस संबंध में डीसी ने कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था, परंतु अब तक डीसी के निर्देश का अनुपालन नहीं हो सका है। यह अत्यंत ही खेदजनक है। इस संबंध में जिपस ने यथाशीघ्र सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देशित करते हुए पंचायत स्तरीय कर्मियों का रोस्टर तैयार कराकर प्रत्येक कार्य दिवस को अनिवार्य रूप से पंचायत सचिवालय खुला रखने की मांग की है। साथ ही पंचायत सचिवालय के पट्ट पर सभी पंचायत कर्मियों का नाम, पद नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित कराने की मांग की है।

## पुलिस ने कंटेनर में लोड 30 भैंसों के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

थाना क्षेत्र के सोनेहरा गांव से शनिवार रात्रि कंटेनर वाहन सहित तीन गो तस्करों को गिरफ्तार कर पुलिस ने रविवार को जेल भेज दिया। जेल भेजे गए तस्करों में मोहम्मद आफाक अंसारी, श्याम कुमार और खुर्शीद अंसारी शामिल हैं। उक्त अभियुक्तों पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की प्राथमिक की दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि 30 भैंसों को लोड कर सोने हारा गांव होते गो तस्कर रमना की ओर जा रहे थे। इसकी गुप्त जानकारी ग्रामीणों द्वारा स्थानीय पुलिस पदाधिकारी तक पहुंचाई गई। जानकारी मिलते ही बिना देर किए थाना प्रभारी शाबाज अंसारी दलबल के साथ सोनेहरा गांव पहुंच गए। साथ ही ग्रामीणों द्वारा बताए स्थल पर पहुंचते ही 30 भैंसों को लोड कर जा रहे कंटेनर वाहन पर उनकी नजर पड़ गई। वहीं से कंटेनर को कब्जे में लेकर तीन तस्करों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। रविवार सुबह सभी को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह के हो रहे अनैतिक कार्यों की जानकारी बेझिझक उन तक पहुंचाएं। उसके बाद हम सभी उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगे। साथ ही कहा कि अपराधिक कार्यों के खिलाफ करवाई को लेकर पुलिस हर समय तैयार रहती है।

---

**पहल** | सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को डॉ. अंसारी सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

समाजसेवी सह रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. असजद अंसारी को रविवार को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में आयोजित सम्मान समारोह में डॉ असजद अंसारी को मुख्य अतिथि डीआरडीए निदेशक दिनेश प्रसाद सुरीन, विशिष्ट अतिथि डीएलएसए सचिव विपुल सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह व ब्लड बैंक प्रभारी डॉ बीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

इस अवसर पर समाजसेवी सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी को दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक गढ़वा जिला के सभी सरकारी अस्पताल में सबसे अधिक रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान कराने पर व दूसरा गढ़वा जिला के मात्र एक प्राइवेट हॉस्पिटल मिलाप मेडिकल सेंटर में रक्तदान शिविर आयोजित कराने पर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि डॉ असजद अंसारी रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी और मिलाप मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर भी हैं। डॉ असजद ने खुद अबतक 31 बार रक्तदान कर चुके हैं। वे रक्तदान के अलावे कंबल वितरण, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, अनाज वितरण, मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर, पाठ्य सामग्री का वितरण, विवाह में सहयोग, शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में भी कई सेवा कार्य करते रहते हैं। डॉ असजद अंसारी ने कहा कि उनके द्वारा 13 बार मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। इसके तहत 455 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड के दिनों में गरीब व असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया जाता है। अभी तक उनके द्वारा 1300 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है।

वहीं सांप्रदायिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष हरेक त्योहार के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की जाती है। शहर के साथ-साथ गांव को स्वच्छ बनाने को लेकर उनके द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। अभी तक उनके द्वारा 125 बार स्वच्छता अभियान चलाया जा चुका है। डॉ असजद अंसारी के द्वारा प्रत्येक वर्ष शिक्षा, रक्तदान व समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाता है ताकि अन्य लोग भी उनसे प्रेरणा लेते हुए शिक्षा, रक्तदान, समाज सेवा व अन्य क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने का प्रयास करें। बच्चों के बेहतर करियर चयन को लेकर उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष कॉसेलिंग का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा उनके द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने को लेकर समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। वहीं निःशुल्क दवा का भी वितरण की जाती है। वहीं पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष पौधरोपण किया जाता है। अभी तक उनके द्वारा 2500 पौधे लगाए जा चुके हैं।

## विधायक-सांसद ने किया दो सड़कों का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

राजी मुख्य बाजार से सुंडी तक एवं राजी मुख्य पथ से परसवान होते हुये सुंडी तक करीब 10 किमी तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास शनिवार को पलामू सांसद बीडी राम एवं क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से किया। उक्त सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा तथा संचालन इग्नासियुस बाड़ा ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख आभा रानी, मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, भगत दयानंद यादव, जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, मधुलता कुमारी, लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र यादव, शारदा महेश प्रताप देव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, राजेश कुमार सिंह, मुकेश चौबे, बिनोद सिंह, रामकृपाल द्विवेदी, बुद्धनाथ गुप्ता, सुनील रोशन, उपेंद्र भारती आदि उपस्थित थे।

# कनेक्टिविटी जारी रहे

***झारखंड*** में यातायात पहले से सुगम हुए हैं। यह अच्छे संकेत हैं। कारण सड़क और पुल विकास की अहम कड़ी होती है। इससे बहुआयामी विकास का रास्ता खुलता है। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, उतना ही फायदा उसे इलाके के रहने वालों को होता है। इस बात को समझते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पिछले दिनों दुमका जिले के कुमड़ाबाद में मयूराक्षी नदी पर नवनिर्मित राज्य के सबसे लंबे पुल का उद्घाटन किया। इस पुल के बन जाने के बाद विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इससे आवागमन सुलभ और आसान हो जायेगा। कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क से जुड़ जायेगें। लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इलाके का सामाजिक- आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। ऐसे ही कई राज्य में जगह हैं, जहां पुल की जरूरत है। यह देखा जाता है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी पुल और सड़क नहीं होने की वजह से लोग परेशान हैं। कई बार बीमार व्यक्ति का इलाज सड़क नहीं होने की वजह से नहीं हो पाता है। जिस कारण असमय उसकी मृत्यु हो जाती है। साथ ही बरसात के दिनों में पुल नहीं होने की वजह से काफी परेशानी होती है। जर्जर लकड़ी के पुल को पार कर बच्चे स्कूल जाते हैं। सड़क और पुल पर केन्द्र सरकार का भी पूरा समर्थन प्रत्येक राज्य को मिल रहा है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने एक बार सीएम हेमंत सोरेन से कहा था कि पैसे की कोई कमी नहीं है। आप प्रपोजल भेजें। मैं झारखंड को सड़क के मामले में पीछे नहीं रहने दूंगा। कारण लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे मान-सम्मान के साथ मिलना चाहिए। समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का सरल और सीधा रास्ता सड़क और पुल हैं। इन सुविधाओं के मिल जाने के बाद स्वतः विकास के रास्ते खुल जायेगें। सबसे पहले घोर नक्सल बेल्ट में सड़क हो जाने से नक्सल गतिविधियां पर अंकुश लगेगा। साथ ही कनेक्टिविटी बढ़ जाने से रोजगार के अवसर मिलेगें। ऐसे में देखा जाये तो देश के कई राज्य आवागमन के साधन बढ़ जाने से विकास की दौड़ में आगे हैं। साथ ही किसी भी राज्य के विकास के लिए गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी कड़ी में सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्ग, विधवा, परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन दिया जा रहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं कि कोई भी योग्य पात्र इस योजना से वंचित न रहे। लेकिन यह देखा गया है कि अधिकारी इन मामले में उदासीन रवैया अपनाते हैं। यह ठीक नहीं है। इसके लिए बार-बार निगरानी की जरूरत है। हाल के दिनों में देखा गया है कि सरकार के निर्देश के बाद भी गरीब और असहाय सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं। राज्य में कोई परिवार बेघर नहीं रहे। सभी बेघरों के अपने आशियाना का सपना पूरा हो। इसके लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है। ऐसे में जरूरत है कि लोगों को इस योजना का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जाये। सिर्फ अखबारों में विज्ञापन से काम नहीं चलेगा। इसके लिए गांवों में अधिकारियों को जाना पड़ेगा। जैसा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में किया गया था।

**कई गांव का दुमका जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क से जुड़ जायेगें। लोगों को आने-जाने में समय की बचत होगी। शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इलाके का सामाजिक- आर्थिक उत्थान होगा और पर्यटन के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। ऐसे ही कई राज्य में जगह हैं, जहां पुल की जरूरत है।**

# हादसों की खूनी सड़कों पर डरावनी रिपोर्ट





ललित गर्ग

***सड़क*** हादसों पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की की डरावनी, चिन्ताजनक एवं भयावह रिपोर्ट आई है। इसके मुताबिक, पिछले साल 4.61 लाख सड़क हादसे हुए। इन दुर्घटनाओं में 1.68 लाख लोगों ने जान गंवाई। इन आंकड़ों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि तकरीबन हर एक घंटे में 53 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। हर घंटे इनमें 19 लोगों की मौत हुई। हादसों एवं लापरवाही की खूनी होती सड़कें चिन्ता का बड़ा सबब है। सड़कों की 'दुर्घटनाओं' के कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। सच यह है कि बेलगाम वाहनों एवं यातायात कानूनों एवं नियमों की अवहेलना की वजह से सड़कें अब पूरी तरह असुरक्षित हो चुकी हैं। सड़क पर तेज गति से चलते वाहन एक तरह से हत्या के हथियार होते जा रहे हैं। उक्त रपट यह भी बताती है कि सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। इसी तरह सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस। बीते वर्ष सड़क हादसों में 66 हजार से अधिक लोगों ने इसलिए जान गंवाई क्योंकि उन्होंने सीट बेल्ट नहीं पहनी थी या फिर हेलमेट नहीं लगाया था। यह विडम्बनापूर्ण है कि हर रोज ऐसी दुर्घटनाओं और उनके भयावह नतीजों की खबरें आम होने के बावजूद बाकी वाहनों के मालिक या चालक कोई सबक नहीं लेते। सड़क पर दौड़ती गाड़ी मामूली गलती से भी न केवल दूसरों की जान ले सकती है, बल्कि खुद चालक और उसमें बैठे लोगों की जिंदगी भी खत्म हो सकती है। पर लगता है कि सड़कों पर बेलगाम गाड़ी चलाना कुछ लोगों के लिए मौज-मस्ती एवं शौक का मामला होता है लेकिन यह कैसी मौज-मस्ती है जो कई जिन्दगियां तबाह कर देती है। ऐसी दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना त्रासद है और इससे भी बड़ी त्रासदी सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना है। हर स्थिति में मनुष्य जीवन ही दांव पर लग रहा है। इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है, जो एक उम्मीद जगाता है एवं रोशनी बन रहा है। दुनिया में सर्वाधिक तेजी से उन्नत सड़कों का जाल बिछाने में भारत अग्रणी है। लेकिन सुविधाजनक एवं उन्नत होती सड़कों पर मौत की काली छाया का मंडराना सड़क विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह दाग सरकारी रिपोर्ट में ही सामने आया है, जिसके अनुसार देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे। लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। राज्यों में तमिलनाडु में 2022 में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सबसे अधिक 64,105 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जबकि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की संख्या उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 22,595 रही। सड़क दुर्घटनाओं का लगातार बढ़ना अनेक सवाल खड़े करता है। तभी सुप्रीम कोर्ट भी तल्ख टिप्पणी कर चुका है कि ड्राइविंग लाइसेंस किसी को मार डालने के लिए नहीं दिये जाते। हादसों से संबंधित कानूनी प्रावधान अभी इस कदर कमजोर हैं कि किसी की लापरवाही की वजह से दो-चार या ज्यादा लोगों की जान चली जाती है और आरोपी को कई बार थाने से ही छोड़ दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं ने कहर बरपा रखा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2009 में सड़क सुरक्षा पर अपनी पहली वैश्विक स्थिति रिपोर्ट में सड़क दुर्घटनाओं को दुनिया भर में 'सबसे बड़े कातिल' के रूप में पहचान की थी। भारत में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 78.7 प्रतिशत हादसे चालकों की लापरवाही के कारण होते हैं। वैसे एक प्रमुख वजह शराब व अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाना है। विडंबना यह है कि जहां हमें पश्चिमी देशों से कुछ सीखना चाहिए वहां हम आंखें मूंद लेते हैं और पश्चिम की जिन चीजों की हमें जरूरत नहीं है उन्हें सिर्फ इसलिए अपना रहे हैं कि हम भी आधुनिक कहला सकें। एक आकलन के मुताबिक आपराधिक घटनाओं की तुलना में पांच गुना अधिक लोगों की मौत सड़क हादसों में होती है। कहीं बदहाल सड़कों के कारण तो कहीं अधिक सुविधापूर्ण अत्याधुनिक चिकनी सड़कों पर तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहनों के कारण ये हादसे होते हैं। दुनिया भर में सड़क हादसों में बारह लाख लोगों की प्रतिवर्ष मौत हो जाती है, जिनमें भारत में सर्वाधिक मौते होती है। ट्रैफिक व्यवस्था कुछ अंशों में महानगरों को छोड़कर कहीं पर भी पर्याप्त व प्रभावी नहीं है। पुलिस 'व्यक्ति' की सुरक्षा में तैनात रहती है 'जनता' की सुरक्षा में नहीं। हजारों वाहन प्रतिमास सड़कों पर नये आ रहे हैं, भीड़ बढ़ रही है, रोज किसी न किसी को निगलनेवाली 'रेड लाइनें' बढ़ रही हैं। दुर्घटना में मरने वालों की तो गिनती हो जाती है पर वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएँ से प्रतिदिन मौत की ओर बढ़ने वालों की गिनती असंख्य है। वाहनों में सुधार हो रहा है पर सड़कों और चालकों में कोई सुधार नहीं। सन 2023 तक वाहनों का उत्पादन और मांग जिस अनुपात में बढ़ेगी, सड़कें उस अनुपात में नहीं। अतः यातायात-अनुशासन बहुत जरूरी है।

**एक्सप्रेसवे हाईवे और राजमार्गों पर ओवर स्पीडिंग जानलेवा दुर्घटनाओं को निमंत्रण देने का ही काम करती है लेकिन न तो वाहन चालक अपनी जिम्मेदारी समझने को तैयार हैं और न ही सरकारें एवं यातायात पुलिस।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने गोवर्धन पूजा की विधि व कथा*

***जो*** पुरुष यम द्वितीया को बहन के हाथ का खाना खाता है, उसे धर्म, धन, अर्थ, आयुष्य और विविध प्रकार के सुख मिलते हैं। साथ ही यम द्वितीय के दिन शाम को घर में बत्ती जलाने से पहले घर के बाहर चार बत्तियों से युक्त दीपक जलाकर दीप-दान करना भी फलदायी होता है।

**भाई दूज एवं रक्षाबंधन के बीच समानता व अंतरः** भाई दूज एवं रक्षाबंधन दोनो ही भाई व बहन के बीच मनाया जाने वाले पर्व है। दोनों में पूजा करने के नियम भी लगभग समान ही हैं। रक्षाबंधन में बहने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बँधती हैं जबकि भाई दूज के दिन माथे पर तिलक लगातीं हैं। भाई दूज पर मुख्यतया भाइयों का अपनी विवाहित बहनों के घर जाकर तिलक लगवाते हैं। जबकि रक्षाबंधन के दिन बहने अपने भाई के घर आकर राखी/रक्षासूत्र बांधती हैं।

**(समाप्त)**

### आइये सुने कथा अशोक सुंदरी की

***क्या*** आप जानते है कि कार्तिकेय और गणेश के अलावा भगवान शिव और माता पार्वती की एक पुत्री भी थी। जी हाँ, हर कोई शिव पुत्रों के विषय में जानता है किन्तु बहुत कम लोग यह जानते है कि कार्तिकेय और गणेश की एक बहन भी थी, जिसका नाम अशोक सुंदरी था और इस बात का उल्लेख पद्मपुराण में भी किया गया है। आज इस लेख के द्वारा हम आपको बताएंगे कि कौन थी अशोक सुंदरी और कैसे हुआ था उसका जन्म। अशोक सुंदरी एक देव कन्या थी जो अत्यधिक सुन्दर थी। शिव और पार्वती की इस पुत्री का वर्णन पद्मपुराण में है जिसके अनुसार एक दिन माता पार्वती ने भगवान शिव से संसार के सबसे सुन्दर उद्यान में घूमने का आग्रह किया। अपनी पत्नी की इच्छापूर्ति के लिए भगवान शिव उन्हें नंदनवन ले गये जहाँ माता पार्वती को कलपवृक्ष नामक एक पेड़ से लगाव हो गया।

(क्रमशः)

# नये भारत के विकास की नई इबारत



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी ने दूरदर्शी नीतियों, समर्पण और टीम भावना के साथ देश के लोकतंत्र को एक नई दिशा दी है। भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया। लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया। कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है। इस विकास यात्रा की झलक देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने काशी दीनदयाल हस्तकला संकुल ट्रेड सेंटर में इक्यावनवें राष्ट्रीय कंपनी सचिव सम्मेलन के संबोधन में दिखी। उन्होंने विकास की दिशा में बढ़ रहे भारत के अनेक तथ्यों का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने काशी का कायाकल्प कर दिया है। उनके इस कथन को नौ वर्ष में हुए काशी के विकास से महसूस किया जा सकता है। श्री काशी विश्वनाथधाम का भव्य निर्माण तो ऐतिहासिक है। अयोध्या में भव्य श्रीराम मन्दिर का निर्माण चल रहा है। दुनिया बाईस जनवरी की प्रतीक्षा कर रही है, जब उसका भव्य उद्घाटन होगा। उपराष्ट्रपति ने जम्मू-कश्मीर में हुए संवैधानिक सुधारों और इसके लिए हुए संविधान संशोधन का भी उल्लेख किया। साथ ही अर्थव्यवस्था में प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दशक के अंत तक भारत, जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए कहा था कि सरकारी योजनाओं के एक रुपये में से केवल पन्द्रह पैसा ही गरीबों तक पहुंचता है। लेकिन वे बस कहकर ही रह गए, समाधान की दिशा में कुछ नहीं किया। समाधान मोदी ने किया है। आज सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। इस तरह के अनेक बदलावों की कहानी मोदी सरकार के नौ सालों के कार्यकाल में लिखी गई है। विकास की कहानियां तो और भी हैं। भारत का डिजिटली लेनदेन ऐतिहासिक है। उसने दुनिया को नई दिशा दिखाई है। रिकॉर्ड सैटेलाइट्स का प्रक्षेपण अंतरिक्ष में बढ़ती शक्ति का शानदार उदाहरण है। शांति और सौहार्द का संदेश दुनिया को मुरीद बना रहा है। भारत ने दुनिया की सबसे ज्यादा सुधारात्मक कर प्रणाली जीएसटी लागू की है। उसका अभूतपूर्व फायदा आज देश देख रहा है। प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के कारण यह अमृतकाल अब गौरव काल बन चुका है। भारत के लिए दुनिया में सबसे ज्यादा सम्मान इन्हीं नौ साल में देखा गया है। इस मौके पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने उत्तर प्रदेश सरकार की विकास यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 714 सरकारी सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रहा है। नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस डिलीवरी असेसमेंट इंडेक्स के अनुसार उत्तर प्रदेश 85 प्रतिशत से अधिक के अनुपालन के साथ बड़े राज्यों के बीच पोर्टल और सेवा पोर्टल के मूल्यांकन में दूसरे स्थान पर है। 'निवेश मित्र' नामक एकीकृत पोर्टल पर उत्तर प्रदेश की एक अनुकरणीय पहल को भी शामिल किया गया है । 96 लाख से अधिक एमएसएमई वाले सभी राज्यों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश ने वाणिज्य और उद्योग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सामाजिक कल्याण तथा विकास और न्यायपालिका एवं सार्वजनिक सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है। उत्तर प्रदेश में विकास के लिए और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो काम हुआ है, वह पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक सखी और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सशक्त और समृद्ध हो रही हैं।

**भारत आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, और विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार का प्रत्येक निर्णय लोक कल्याण और राष्ट्रीय हित के अनुरूप है। दशकों से लंबित फैसलों को लागू किया।**

**विकास**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# सट्टेबाजी का खेल अकेले नहीं बघेल

***चुनावी*** राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नैया पार लगाने का दम-खम दिखाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सट्टेबाजी के बुने गये जाल में उलझते नजर आ रहे हैं। उनका दामन महादेव सट्टा ऐप की चार सौ बीसी से दागदार हो गया है। इस खेल में वह अकेले नहीं हैं। इस खेल में शामिल कुछ भारतीय अभिनेताओं और अभिनेत्रियों के चेहरे से नकाब पहले ही हटाया जा चुका है। दरअसल यह सट्टेबाजी का ऑनलाइन प्लेटफार्म है। इसका असल नाम महादेव बुक ऐप है। इसके दो प्रमुख कर्ता-धर्ता का नाम सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल है। दोनों इस्पात सिटी भिलाई के रहने वाले हैं। भिलाई को छत्तीसगढ़ में सबसे धनी लोगों का शहर माना जाता है। चंद्राकर और उप्पल अब यहां नहीं रहते। दोनों कभी जूस और टायर बेचते रहे हैं। जुआ की लत क्या लगी, दोनों रातों-रात संयुक्त अरब अमीरात यानी दुबई पहुंच गये। आज वहां महादेव ऐप के रूप में दोनों के नाम का सिक्का चलता है। इसी सिक्के की खनक से भारत की सियासत में भूचाल आ गया है। भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय के बड़े खुलासे के बाद भूपेश बघेल को घेरा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने तो खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग कर रही है। ईरानी ने कहा है कि भूपेश बघेल के खिलाफ कुछ चौंका देने वाले तथ्य देश के सामने आए हैं। असीम दास से 5.30 करोड़ रुपये से ज्यादा बरामद हुए हैं। ईरानी ने इस पर सवाल पूछे हैं कि क्या यह सत्य नहीं है कि दो नवंबर को होटल ट्राइडेंट में असीम दास से पैसा बरामद हुआ? क्या ये सत्य नहीं है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? क्या ये सत्य नहीं है कि शुभम सोनी को एक वॉयस मैसेज के माध्यम से आदेश दिया गया कि वह रायपुर जाय और बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दे? क्या यह सत्य नहीं है कि अलग-अलग बैंक खातों से 15.50 करोड़ धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत फ्रीज किया गया? क्या यह सत्य है कि असीम दास को दुबई भेजा गया था? केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि असीम दास ने कुबूल किया है कि यह पैसा महादेव ऐप के तहत अवैध सट्टेबाजी का है। साथ ही शुभम सोनी महादेव के शीर्ष प्रबंधन का हिस्सा है। इसी शुभम ने स्वीकार किया है कि महादेव ऐप के प्रमोटर्स ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 538 करोड़ रुपये रिश्वत दी। इस खेल में चंद्रभूषण वर्मा नामक अधिकारी की भूमिका भी सामने आई है। कहते हैं तिजोरियों को चाहे जितने धीरे से खोलो, थोड़ी-बहुत आवाज तो आती ही है। यहां यह भी सनद होना चाहिए कि महादेव सट्टा ऐप की हल्की आवाज से उभरी गोलमाल की पूरी एबीसीडी प्रवर्तन निदेशालय ने पढ़ ली है। निदेशालय ने इस ऐप से संबद्ध 14 आरोपितों के खिलाफ 9084 पेज की चार्जशीट इसी साल 21 अक्टूबर को अदालत में पेश की है। अदालत में इसी माह 25 नवंबर को इस पर सुनवाई होनी है। इसमें कहा गया है कि यह गोलमाल करीब छह हजार करोड़ रुपये का है। प्रारंभिक चरण में 41 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। चार्जशीट में इस ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल मुख्य आरोपित हैं। इन समेत 14 आरोपितों के खिलाफ चालान पेश किया गया है। 9084 पन्ने की चार्जशीट में आपराधिक परिवाद 197 पन्नों का है। बाकी 8887 पेज में अभिलेख हैं। आपराधिक परिवाद में सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी, सुनील धमानी, विशाल आहूजा, धीरज आहूजा, पूनाराम वर्मा, शिव कुमार वर्मा, यशोदा वर्मा और पवन नत्थानी का नाम बतौर आरोपित शामिल है। इनमें चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी और सुनील धमानी इसी केस में न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल में बंद हैं। इस खेल को और ज्यादा समझने के लिए अब इस कहानी के कुछ पीछे चलते हैं। दरअसल प्रवर्तन निदेशालय ने इस ऐप के संदर्भ में अभिनेता रणबीर कपूर को समन भेजकर तलब किया था। तब यह ऐप अचानक सुर्खियों में आया। इस पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस प्रकरण में रणबीर के अलावा श्रद्धा कपूर, हिना खान, कपिल शर्मा और हुमा कुरैशी को भी समन किया गया। इससे पहले सौरभ चंद्राकर अपनी शादी को लेकर चर्चा में आया था। दुबई में आयोजित इस शादी में चंद्राकर ने पानी की तरह पैसा बहाया। फिल्मी दुनिया के कई सितारे इसमें शामिल हुए। इस शादी में लगभग 200 करोड़ रुपये का खर्च आया।

■ मुकुंद

**भाजपा ने प्रवर्तन निदेशालय के बड़े खुलासे के बाद भूपेश बघेल को घेरा है। केंद्रीय मंत्री ने तो खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में हवाला ऑपरेटर के पैसे का प्रयोग कर रही है।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### हजारीबाग : निशि चौबे बनीं कोर्रा थाना की नई प्रभारी



**हजारीबाग।** जिले के कोर्रा थाना के प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी के निलंबन के बाद अब नए दारोगा को थाना का प्रभार दे दिया गया है. एसपी मनोज रतन चोथे ने 2018 बैच की दारोगा निशि चौबे कोर्रा थाना का नया प्रभारी बनाया है. निशि चौबे जिले के लोहसिंघना में भी बतौर थाना प्रभारी कार्य कर चुकी हैं. साथ ही जिले के कई थानों में अपनी सेवा दे चुकी हैं. बता दें कि कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रकाश कुमार पर गोलीबारी मामले में तत्कालीन कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी का नाम भूमि विवाद से जुड़ने पर डीआईजी ने उन्हें निलंबित कर दिया था.

### सरकार से शक्ति की मांग को लेकर मुखिया संघ ने की बैठक

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत भवन में प्रखंड मुखिया संघ का बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद व संचालन सचिव नेजाम अंसारी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड सरकार से मांग किया गया कि सरकार के द्वारा पंचायतों को बिहार, हरियाणा, छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों के जैसा पावर और मद यहां के मुखिया लोगों को उपलब्ध कराई जाय। ताकि सभी पंचायतों का सर्वांगीण विकास हो सके। सभी पंचायतों को 25 - 25 चापाकल लगवाने का मद उपलब्ध कराई जाय। लोगों ने उपायुक्त हजारीबाग से मांग किया कि पंचायत भवनों में सभी कर्मचारियों को उपस्थित हो कर पंचायत संबंधित कार्य का निष्पादन करने का आदेश दिया जाय। केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी जल नल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है उसकी जांच करने के उपरांत संवेदक को कार्य करने की अनुमति दी जाय। मौके पर प्रखंड के सत्रह पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

### प्रेरणा प्रिया को बनाया गया जिला वनाधिकार समिति का सदस्य



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को जिला वनाधिकार समिति का सदस्य बनाया गया है। प्रेरणा प्रिया ने बताया कि बेहतर कार्य एवं सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर सुचारू रूप से संचालित करने के कार्य के आधार पर डीसी नेंसी सहाय ने जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का सदस्य बनाया है। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद लोगों को मदद करना हमारी प्राथमिकता में है। वनाधिकार समिति में क्षेत्र के लोंगो के सवालों को रखेंगे। प्रेरणा प्रिया को वनाधिकार समिति सदस्य बनाये जाने पर सुरेश कुमार पांडेय, राजकुमार गिरी, जयराज पासवान, शिशुपाल यादव, संतोष पांडेय, रिंकु माली, शेषनाथ सिंह, दीपक पांडेय, आशीष पांडेय, रामु यादव, मुकेश कुमार, रामदेव पासवान, छत्रु ठाकुर, अजित पांडेय, संतोष मंडल, संजय भुइयां, नीलेश यादव, बिरजू नायक, पंकज पांडेय, सहदेव मरांडी, प्रकाश टुड्डू, सामेल टुड्डू ने बधाई दिया है।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्तिथ डिवाइन पब्लिक स्कूल मे अक्टूबर माह मे सत्र 2023-24 के तहत अर्द्धवार्षिक परीक्षा ली गयी थी। परीक्षा मे क्लास नर्सरी से लेकर 12वी तक की परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्राचार्या स्वाती ने रिजल्ट प्रदान किया। इस दौरान स्कूल मे अध्यन करने वाले बच्चों के अभिभावको को भी आमंत्रित किया गया।वहीं अभिभावकों तथा शिक्षकों ने बच्चो को अभिप्रेरित किया और उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा की बच्चे अच्छा प्रदर्शन करने के बारे मे अन्य बच्चो से सीखते है। परीक्षा मे अच्छा प्रदर्शन नही करने वाले बच्चे इन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों से सीख कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। विद्यालय के निदेशक डॉ. इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चो के साथ सभी शिक्षकों और अभिभावको का भी योगदान सराहनीय है ।वहीं परिणाम प्रकाशित करने मे और सफल बनाने मे परीक्षा नियंत्रक बिमल किशोर और संजय यादव का अहम योगदान रहा।

# 2.12 करोड़ से रामगढ़ जेल का होगा जीर्णोद्धार

## गृह विभाग की मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/रामगढ।** रामगढ़ जेल का जीर्णोद्धार 2.12 करोड़ की लागत से किया जायेगा. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राशि की स्वीकृति दे दी है. इस राशि से जेल का बाउंड्री वॉल और बैरक की मरम्मत का कार्य किया जायेगा. गृह विभाग ने जारी आदेश में कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेवारी संयुक्त रूप से संबंधित काराधीक्षक और एजेंसी की होगी. संबंधित एजेंसी उच्च गुणवत्ता युक्त मानक स्तर का कार्य सुनिश्चित करायेंगे. यह उनकी व्यक्तिगत जवाबदेही होगी. कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर अथवा कार्य मानक स्तर का नहीं पाये जाने पर संबंधित एजेंसी सीधे तौर पर इसके लिए उत्तरदायी होंगे. ऐसी स्थिति में उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी. संबंधित काराधीक्षक निरंतर योजनाओं की जांच करेंगे और अपनी देख-रेख में ससमय कार्य पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे.




**जाने किसमें कितना होगा खर्च :**

- पेरीमीटर बाउंड्री वॉल का मरम्मत : 59.44 लाख रुपए
- रेनोवेशन आउटर बाउंड्री वॉल : 98.68 लाख रुपए
- एसआईआरबी बैरक-1 : 48.85 लाख रुपए
- एसआईआरबी बैरक-2 : 7.85 लाख रुपए

### छठ को लेकर बैठक अजीत बने अध्यक्ष सचिव नागेश्वर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बंडासिंगा मोड़ स्थित यात्री शेड में छठ पूजा को लेकर रविवार को एक बैठक आहूत की गई। बैठक अजीत कुमार बर्नवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत कुमार बर्नवाल, सचिव नागेश्वर साव तथा कोषाध्यक्ष जागेश्वर नायक को बनाया गया तथा निर्णय लिया गया कि छठ पूजा को लेकर जठा कूदर घाट को छठ व्रतियों तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाया जाएगा साथ ही घाट तक साउंड और लाइट की व्यवस्था की जायेगी ।उपस्थित लोगों ने अपने अपने बिचार दिये तथा उक्त कार्यों के लिए सहमति जताई ।वहीं अजीत ने बताया की हम सब के सहयोग से जल्द ही घाट की साफ सफाई की जाएगी। मौके पर समाजसेवी नागेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र साव, रोहित तिवारी, मनोज साव, उत्तम नायक, महेश साव, राजेंद्र मोदी, अमित साव, राजेश कसेरा, मुन्ना तिवारी, प्रदीप साव, सुरेंद्र साव, धर्मेंद्र मोदी, किशोर साव, दामोदर नायक, महादेव पासवान समेत अन्य लोग शामिल थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति वार्ड कमेटी का गठन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति नगर परिषद क्षेत्र 29 नम्बर वार्ड के निर्मल महतो चौक कोठार के निकट रविवार को वार्ड कमेटी गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । बैठक कई अध्यक्षता किशुन महतो एवम संचालन महेश निगम ने किया। बैठक में जिला कोर कमेटी के पदाधिकारी देवानंद महतो, पाणेश्वर महतो , जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में कहा गया कि सभी को जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत हैं। वार्ड नम्बर 29 के लिए गठित कमेटी में अध्यक्ष पद के लिए किशुन चौधरी, उपाध्यक्ष महेश महतो, कैलाश महतो, सचिव हेमंत कुमार, सह सचिव चुन्नीलाल महतो, सिकंदर अंसारी, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, संगठन सचिव दिनेश महतो, अजय महतो , मीडिया प्रभारी शिवशंकर महतो, अजय चौधरी के अलावा सदस्य में राजाराम महतो, बारीक अंसारी, राजू रंजन, टालकेश्र महतो को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। जिला मिडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि भारत का संविधान 309 विधान सभा को शक्तियां देता है कई अनुसूची 07 राज्य की सूची है। देश आजाद होने के बाद भी यहां अंग्रेजों के जमाने का कानून लागू है। लेकिन जब झारखंड में 1932 आधारित स्थानीय नीति लागू करने की बात आती हैं तो इसके खिलाफ दुष्प्रचार होने लगता है।

## असामाजिक तत्वों ने होटल में लगाई आग, हजारों की संपत्ति राख



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लेंबुआ स्थित जीटी रोड किनारे थाना से महज 2सौ मीटर की दूरी पर एक झोपड़ीनुमा होटल में असामाजिक तत्वों द्वारा बीते रात आग लगाने का मामला सामने आया है। इस बाबत होटल मालिक इंद्रदेव ठाकुर,पिता टिको ठाकुर,ग्राम लेम्बुआ निवासी ने बताया कि सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली की तुम्हारा होटल पूर्ण से जल चुका है ।बताया कि होटल जलने से करीब 50हजार की संपति जलकर राख हो गई। कहा कि कोविड 19 के समय से ही होटल संचालित कर रहा था। दिन में होटल चलाते थे और रात को बंद कर सोने के लिए घर चला आता था। इस होटल से पूरा परिवार का भरण पोषण कर रहा था। घटना की जानकारी पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को मिलते ही घटना स्थल पहुंचकर मामले का जायजा लिया तथा प्रशासन से उचित जांच की मांग की । वही पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया कि थाना से महज 200 मीटर दूर होटल में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगाया जाना, कहीं ना कहीं प्रशासन की विफलता दिखती है।

### सुपरस्पेशलिटी अस्पताल आरोग्यम प्रबंधन के खिलाफ दिखा जनाक्रोश

# कैंडल मार्च निकाल मोहित को दी श्रद्धांजलि

### बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** हजारीबाग के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल आरोग्यम से डेंगू पीड़ित 14 वर्षीय मोहित का एक दिन के इलाज के बाद 1 नवंबर को रात्रि में गंभीरावस्था में रेफर की सूचना से परिजन विचलित हो गए. हजारों खर्च करने और समय बर्बाद करने के बाद आनन फानन में निजी एम्बुलेंस से रांची के लिए निकले परंतु रास्ते में ही युवक की मौत हो गई. जिसे लेकर परिजनों ने वापस आरोग्यम आकर प्रबंधन से बात करना चाहा. परंतु प्रबंधन ने उस मार्मिक पल में भी बात तो दूर दुर्व्यवहार करते हुए फौरन अस्पताल से शव ले जाने की बात कही, ऐसा नही होने पर अंजाम भुगतने की धमकी देते रहे. रात भर किसी प्रकार अस्पताल परिसर में समय बिताने के बाद सुबह को परिजन शव के साथ अपने निवास बरही आए. जहां मृतक का अंतिम संस्कार किया गया. वही आरोग्यम प्रबंधन की ओर से परिजनों पर अवैध मजमा लगाने और असामाजिक तत्वों के साथ हल्ला हंगामा करने को लेकर झूठी प्राथमिकी दर्ज करवा दी गई है. अस्पताल प्रबंधन ने पैसे की लालच में भर्ती किया. स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर आनन फानन में रेफर किया गया, जो एक गंभीर मामला है. उक्त जानकारी शनिवार की संध्या मृतक के चाचा मनोज साहू ने प्रेस वार्ता के दौरान दिया. मामले को लेकर बरही में जनाक्रोश देखा जा रहा है. युवक की मृतात्मा की शांति हेतु शनिवार की देर संध्या कैंडल मार्च भी निकाला गया. कैंडल मार्च में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, विस सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, सहायक अध्यापक संघ की प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे, प्रखंड सचिव मनोज घोष, राजकुमार केसरी आदि सहित वैश्य समाज के कई लोग शामिल थे. सबों ने प्रबंधन के इस कारवाई की निंदा करते हुए प्रशासन से उचित कारवाई की मांग किया है. अस्पताल प्रबंधन ने कहा : अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरीज को चार दिनो के ईलाज के बाद गंभीरावस्था में मरीज को 31 अक्तूबर के देर संध्या अस्पताल में भर्ती कराया गया था. रिस्क बॉन्ड भरवाने के बाद बेहतरी के लिए आईसीयू में ईलाज प्रारंभ किया गया. परंतु स्वास्थ्य में गिरावट देखते हुए अगले दिन दवा के देने के बाद देर संध्या रेफर किया गया. निजी एम्बुलेंस से रांची ले जाने के क्रम में रास्ते के मरीज की मौत हो गई. उसके बाद परिजनों ने शव अस्पताल के गेट पर रखकर अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मार पीट और तोड़ फोड़ करने लगे जो सुबह तक चलता रहा. इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई थी. सुबह में शव लेकर चले गए.

## श्री राधे राधे बुटीक-फैशन ज्वेलरी का रामगढ़ विधायक ने किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शहर कर झंडा चौक स्थित श्री राधे राधे बुटीक आइटम्स एवं फैशन ज्वेलरी का शुभ उदघाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने रविवार को विधिवत रूप से फीता काटकर किया। मौके पर संचालिका डिप्लोमा फैशन डिजाइनर लीसा अग्रवाल एवं आशा अग्रवाल ने बुके व अंग वस्त्र देकर विधायक को सम्मानित किया। उदघाटन करते हुए विधायक सुनीता चौधरी ने संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ जैसे शहर में इस तरह के आधुनिक दुकान खोलने से यहां के लोगों काफी लाभ मिलेगा। खासकर महिलाएं और युवतियां एक ही छत के नीचे आकर अपने जरूरत की सामान ले सकेंगी। वहीं, फैशन डिजाइनर की का कोर्स की हुई बुटीक की संचालीका लिसा अग्रवाल ने बताया हमारे यहां उचित दर पर फैंसी कुर्ती ,दुपट्टा सेट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी ,नाइटी , सूट, फैंसी बैग ,बेडशीट ,इनर गारमेंट्स ,लेडीज गिफ्ट आइटम एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर संजय अग्रवाल , आकाश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल संगीता अग्रवाल, सोनी गोयल,बप्पी, रेशमा, आयशा, दिव्या, रिंकी अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, अस्मीति राज,राज कुमार अग्रवाल, सहित आजसू पार्टी के विमल बुधिया , दिलीप दांगी, संजय बनर्शी , बिभन सिंह, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, पिंकी देवी, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, पवन करमाली, रिंकू करमाली उपस्थित थे।

### सोहराय जतरा मेला की तैयारी पूरी, कल से फुटबॉल टूर्नामेंट

**रामगढ़ ।** नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में सोहराय जतरा मेला के शुभ अवसर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार से किया जाएगा। कमिटी के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद रोशन कुमार ने बताया कि वर्षों से होते आ रहे सोहराय जतरा मेला सह फुटबॉल टूर्नामेंट इस बार भव्य रुप से आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं और एक महिला प्रदर्शनी मैच का भी आयोजन इस बार किया जा रहा है जो इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहेगा। उदघाटन मैच सरना स्पोटिंग क्लब एवं घुटुव इलेवन के बीच खेला जाएगा। कहा झारखंडी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक है सोहराय पर्व। उन्होंने कहा कि सोहराय आदिवासी समाज की संस्कृति में शामिल है। साथ ही समाज में सद्भावना और सामुदायिकता को भी बल मिलता है। कहा कि हम सभी को अपनी रीति-रिवाज तथा परंपरा को बचाने को लेकर बेहतर ढंग से त्यौहार मनाया जाना चाहिए।

## सानवी ऑटो मोबाइल का विधायक ने किया उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झंडा चौक स्थित सानवी ऑटो मोबाइल का 5 नवम्बर को मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने संचालक संजीव कुमार मेहता को शुभकामनाएं देते हुए कहा की सानवी ऑटो मोबाइल के आरंभ होने से ऑटो चालकों को लाभ होगा। कहा की ऑटो चालक यहां पर आकर अब ऑटो ले सकेंगे। जबकि , संचालक संजीव कुमार मेहता ने कहा की हमारे यहां ऑटो चालकों को बैट्री चालित ऑटो उचित कीमत पर मिलेगी। कहा की हमने प्रदूषण को ध्यान में रखकर बैट्री चालित ऑटो के बिक्रय का निर्णय लिया है। बताया की हमारे यहां ऑटो लेनेवालों के लिए फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर शंकर कुमार मेहता, विक्की मेहता, बालेश्वर मेहता, विमल बुधिया, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, नीरज मंडल, राजेश महतो सहित कई लोग मौजूद थे ।

## अच्छी सोच

### आरएसएस की सेवा भारती ने पड़ीरमा में बाल संस्कार केंद्र शुरू

# संस्कारी शिक्षा से ही विकास संभव : त्रिवेणी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** पड़ीरमा ग्राम अंतर्गत तुरिया टोला कोनरा में आरएसएस की सेवा इकाई सेवा भारती की ओर से रविवार को बाल संस्कार केंद्र की शुरूआत की गई. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि डा बसंत दिगम्बर आगासे स्मृति सेवा संस्थान हजारीबाग के सदस्य सह अधिवक्ता संतोष पाण्डेय और क्षेत्र सहसेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि के साथ किया. केंद्र का संचालन प्रतिदिन संध्या दो घंटे होगा. जिसमे सेवा भारती की प्रशिक्षित शिक्षिका सरिता कुमारी 3 वर्ष से 13 वर्ष के बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देंगी. उपस्थित लोगों को सबोधित करते हुए पांडेय ने बताया कि यह केंद्र विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चो के लिए सहायक होगा. क्षेत्र सेवा प्रमुख ने बताया कि आज के परिवेश में धनवान अपने बेटे बेटियो को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेज रहे है वही गरीब अपने बच्चो को संस्कार युक्त शिक्षा भी नही दे पा रहे है. बच्चो में ही शंकराचार्य तो राम तीर्थ, महात्मा बुद्ध, महावीर और विवेकानंद की विद्वता निहित है. उन्हें सही दिशा देने की आवश्यकता है. सेवा भारती ने इस निष्ठता पूर्वक आगे बढ़ाने का काम किया है. संस्कारी शिक्षा से ही व्यक्तित्व का विकास संभव है. कार्यक्रम में रजनीश पांडेय, सुबोध पांडेय, राहुल राणा, अजीत राम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय बच्चे और अभिभावक मौजूद थे.

## बेलहरा में क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन तिलैया बस्ती की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही ।** बेलहरा में क्रिकेट टूनामेंट का अंतिम और फाइनल मैच रविवार को तिलैया बस्ती और ओरपरता के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए ओरपरता की टीम ने 12 ओवर में कुल 134 रन बनाया. जबाबी पारी खेलने उतरी विपक्षी टीम ने मात्र 11 ओवर में 6 शेष रहते शानदार जीत हासिल कर टूनार्मेंट विजेता बना. मैच के अंत में विजेता टीम को जर्सी एवं कप तथा उपविजेता टीम को कप, बैट व बल्ला और तिलैया बस्ती के मुन्ना कुमार यादव को मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया. मैच अंपायर पिंटू यादव ,नीतीश कुमार और संचालनकर्ता लोकेश यादव, धनंजय सिंह आदि की निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कैयूम अंसारी शामिल हुए. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है. जहां खिलाड़ी अंतिम बॉल तक जीत के लिए संघर्ष करते है, और कई बार कामयाबी भी मिली है. यह खेल मानव जीवन में संघर्ष करने का संदेश देता है. हमे लक्ष्य प्राप्ति के लिए कभी भीं हार नही माननी चाहिए. मौके पर विकाश कुमार यादव, संजय पांडे, आनंद यादव, अदित्य यादव, विनोद, अनिल आदि कई लोग मौजूद थे.

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### मोगा में सड़क हादसा, दूल्हा समेत चार की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोगा में रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में दूल्हा समेत चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे लुधियाना-फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर गांव अजीतवाल के पास हुआ। मोगा पुलिस का कहना है कि डोली वाली कार की टक्कर एक खड़े ट्रक से हुई है। मृतकों में दूल्हा भी शामिल है। हादसे में जख्मी तीन अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। यह कार अबोहर की तरफ से आ रही थी। घायलों व मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### मथुरा मंदिर के आसपास पटाखों पर प्रतिबंध

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिला प्रशासन ने कृष्ण जन्मस्थान मंदिर और निकटवर्ती शाही ईदगाह मस्जिद के आसपास लाल और पीले क्षेत्रों में पटाखों के भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। यह फैसला दिवाली से पहले आया है। दोनों मंदिर 13.37 एकड़ में फैले रेड जोन में हैं, जबकि इसके बाहर 20 एकड़ का क्षेत्र येलो जोन है, जिसमें गोविंदनगर और जगन्नाथपुरी जैसे इलाके शामिल हैं। शहर के बाकी हिस्से को ग्रीन जोन के रूप में चिह्नित किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि कृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह की सुरक्षा के मद्देनजर पिछले साल की तरह इस साल भी मंदिर और मस्जिद के रेड और येलो जोन में पटाखों की दुकानें नहीं लगाने दी जाएंगी।

### आज 'समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार' विषय पर कार्यशाला

**नई दिल्ली।** नीति आयोग सोमवार को नई दिल्ली के होटल ताज महल में 'समृद्धि के लिए समावेशी व्यापार' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। कार्यशाला का उद्देश्य समावेशी व्यापार के क्षेत्र में घरेलू आउटरीच, स्वामित्व और परिणामों के कार्यान्वयन को बढ़ाना और व्यापक बनाना है। यह कार्यशाला नई दिल्ली में जी-20 के दौरान विभिन्न विषयों पर आयोजित होने वाली 10 फीडर विषयगत कार्यशालाओं की श्रृंखला का हिस्सा है। कार्यशाला में वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) के मानचित्रण, समावेशी, टिकाऊ और लचीले जीवीसी को बढ़ावा देने, समावेशी व्यापार, गैर-टैरिफ उपायों (एनटीएम) में पारदर्शिता, वित्त व्यापार, बाजार पहुंच, जिलों से निर्यात को बढ़ावा देने, एमएसएमई और अन्य के एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के मुद्दे पर व्यापक चर्चा होगी।

# भाजपा है तो भरोसा, विकास, बेहतर भविष्य है : मोदी



**एजेंसी। सिवनी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महाकौशल ने भाजपा की महाविजय तय कर दी है। विकास की निरंतरता के लिए मध्य प्रदेश एक स्वर से कह रहा है- भाजपा है तो भरोसा, विकास, बेहतर भविष्य है। मध्यप्रदेश का बच्चा-बच्चा कह रहा है, एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को मप्र के सिवनी जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं आज इस मिट्टी पर आकर आपके आशीर्वाद से नई ऊर्जा लेकर जा रहा हूं। आज परम पूज्य विद्यासागर महाराज के चरणों में बैठने का मुझे मौका मिला। साधना और ईश्वरीय शक्ति से जोड़ने वाले उनके विचार...मेरे लिए नई शक्ति बन गई है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में गुणा-भाग करने वाले यहां आकर देख लें कि विजय क्या होती है। सांसद ने बताया कि 30 साल बाद यहां कोई प्रधानमंत्री आया है। कोरोना के काल में मेरे मन में एक ही विचार था। इस महामारी में जो हो सकता है करूंगा देश वासियों को बचने के लिए जो करना पड़े वो करूंगा। मेरा पहला संकल्प था कि मैं किसी भी गरीब के घर का चूल्हा बुझने नहीं दूंगा। 80 करोड़ लोगों को हमने गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन देने की योजना बनाई। मध्यप्रदेश में पांच करोड़ लोगों रक मुफ्त राशन पहुंचा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गरीब कल्याण योजना एक महीने बाद पूर्ण हो रही है... मैं गरीबी को महसूस कर सकता हूं। मेरा निश्चय है कि आने वाले 5 वर्ष के लिए हम फिर मुफ्त राशन की गारंटी देंगे। मेरा निर्णय सही होगा ये आपके आशीर्वाद से दिख रहा है। 2014 से पहले कांग्रेस का एक-एक घोटाला लाखों करोड़ों का हुआ करता था। अब भाजपा सरकार में घोटाले नहीं बल्कि गरीब के राशन पर खर्च हो रहा है। घोटालेबाज कांग्रेस सरकार और गरीबों की भाजपा सरकार में यही अंतर है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी परिवारों में लखनपुर मंदिर में पूजा अर्चन कर खेती बाड़ी शुरू करने की परंपरा है। यह भूमि रानी दुर्गावती और शंकरशाह की भूमि है। कांग्रेस ने बीते सालों में देश की आजादी का श्रेय केवल एक परिवार को ही दिया है। कांग्रेस के लिए एक परिवार से बढ़कर कोई है ही नहीं। जहां कांग्रेस सरकार में होती है वहां गालियां भी एक ही परिवार के नाम पर होती हैं। कांग्रेस का घोषणा पत्र में भी एक ही परिवार दिखता है। ये भाजपा है जिसके लिए हर गरीब और पिछड़ा आदिवासी भाजपा परिवार का सदस्य है। भाजपा की सरकार के समय ही अलग मंत्रालय और बजट बनाया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक कांग्रेस के नेता आदिवासियों में जाकर झूठ फैलाने की फैक्ट्री खोल रहे हैं। भांति-भांति के भ्रम फैला रहे हैं। कांग्रेस के मुंह में आदिवासी शब्द शोभा नहीं देता है। क्या ये आदिवासी समाज भाजपा सरकार बनने के बाद आया।

## हम 'अद्भुत मिजोरम' बनाने के लिए काम कर रहे हैं : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार 'अद्भुत मिजोरम' बनाने के लिए काम कर रही है। पीएम ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से चुनावी राज्य के लोगों को संबोधित करते हुए कहा, जब से एनडीए केंद्र में सत्ता में आया है, हमने पिछले नौ वर्षों में सभी प्रकार की कमियों को दूर करने का काम किया है। यह कहते हुए कि भाजपा राष्ट्रीय राजधानी को मिजोरम ले आई, मोदी ने दावा किया कि उन्होंने कुल 60 बार उत्तर-पूर्व का दौरा किया। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि मिजोरम में प्रकृति और संस्कृति दोनों हैं, पीएम ने कहा कि इसमें पर्यटन केंद्र बनने की काफी संभावनाएं हैं। अधिक व्यापार, अवसरों और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के महत्व पर जोर देते हुए पीएम मोदी ने कहा, मिजोरम की अपनी पिछली यात्राओं के दौरान, मैंने 'परिवहन द्वारा परिवर्तन' के लिए काम करने का वादा किया था, तब से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में एक क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि सरकार बैराबी से सायरांग तक ब्रॉड गेज परियोजना को जोड़ने के लिए 8,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रहे हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने कहा, जब सड़क मार्गों की बात आती है, तो 2013-14 तक राजमार्गों की कुल लंबाई 11हजार किलोमीटर थी, हमने इसे बढ़ाकर 16 हजार किलोमीटर कर दिया। उन्होंने कहा, लगभग 4.5 लाख लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड मिले हैं और वे राज्य के 100 अस्पतालों में इन कार्डों से इलाज करा रहे हैं। मिजोरम के किसान राज्य के विकास का आधार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर स्तर पर किसानों को सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, वे सीधे अपने बैंक खातों में राशि प्राप्त कर- के पीएम किसान निधि से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, हम महिला सशक्तिकरण के मामले में बहुत स्पष्ट हैं और हमारा काम हमारे रुख को दशार्ता है।

## मोदी ने चंद्रगिरि में जैन मुनि विद्यासागर से लिया आशीर्वाद

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के आस्था के केंद्र डोंगरगढ़ पहुंचकर माता बम्लेश्वरी के दर्शन करने के बाद चंद्रगिरि में जैन मुनि विद्यासागर से आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को एक्स पोस्ट के जरिए इस फोटो साझा करते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर धन्य महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी सुबह माता बम्लेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ डॉ रमन सिंह भी थे। कार्यक्रम के मद्देनजर पूरे मंदिर क्षेत्र की दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए थे। सुरक्षा कारणों से लोगों ने मंदिर क्षेत्र में मीडिया का प्रवेश निषेध किया गया है।



## राहुल गांधी ने बाबा केदार के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**एजेंसी। देहरादून**

कांग्रेस नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी रविवार को केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा केदार के दर्शन कर पूजा अर्चना की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज हेलीकाप्टर से केदारधाम पहुंचे। उन्होंने बाबा के धाम में पूजा-अर्चना कर पुजारियों से भेंट मुलाकात की। यह राहुल गांधी की निजी यात्रा बताई जा रही है। राहुल गांधी ने अपनी इस उत्तराखंड दौरे पर पार्टी पदाधिकारियों से भेंट का कोई कार्यक्रम नहीं रखा है। उनकी इस यात्रा को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। वह कहां रुकेंगे, कहां रहेंगे? इस बात की भी जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल राहुल गांधी मंगलवार को केदारनाथ से दिल्ली के रवाना होंगे।

## कांग्रेस ने मप्र में नया चोला पहनकर झूठी गारंटियां दी : अनुराग

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने आए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस झूठी है, मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गारंटियां दे रही है। ठाकुर ने संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी झूठी है उसकी गारंटियां भी झूठी हैं। कांग्रेस फेल उसकी गारंटियां भी फेल। कांग्रेस ने हिमाचल में सात गारंटियों में से एक को भी पूरा नहीं किया। न 1500 रुपए बहनों के खाते में अभी तक आए न दूध का दाम 100 रुपए लीटर किया गया। मध्यप्रदेश में अब चुनाव है तो कांग्रेस नया चोला पहनकर नई गारंटियां दे रही है। किसानों का कर्ज माफी की गारंटी पूरी नही की गई, युवाओं को रोजगार नहीं दिया गया। जनता समझदार है वो कांग्रेस के झांसे में नहीं आएगी। ठाकुर ने आगे कहा कि कमलनाथ सरकार ने 15 महीने के शासनकाल में एक भी गारंटी को पूरा नहीं किया। राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में आकर कहा था सभी किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। दो लाख का कर्ज माफ की गारंटी को पूरा नहीं किया गया। बेरोजगारी भत्ता देने की गारंटी भी फेल हो गई। यहां तक कि कांग्रेस ने प्रदेश में कन्यादान योजना तक में 51 हजार रुपए देने का वादा तक पूरा नहीं किया। भाजपा की नीतियों की तारीफ करते हुए ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कई सार्थक कदम भाजपा सरकार ने उठाए। युवाओं को लर्निंग के साथ अर्निंग के तौर पर मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ युवाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना काल में केवल एक ही बात की चिंता की, कोई गरीब भूखा नहीं सोए। अब आने वाले पांच साल तक और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने की घोषणा शनिवार को छत्तीसगढ़ में की है। उज्वला योजना हो या किसानों के बैंक खाते में सीधे रुपए आने का, इसका फायदा मध्यप्रदेश की जनता को भी बड़े स्तर पर मिल रहा है। ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण कर रही है, उन्हें आर्थिक तौर पर मजबूत बना रही है, वहीं राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में महिला अत्याचार चरम पर है। राजस्थान में महिला उत्पीड़न के कांग्रेस के शासनकाल में दो लाख से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। महिलाओं का राजस्थान में तिरस्कार किया जा रहा और मध्यप्रदेश में पुरस्कार दिया जा रहा। लाड़ली बहना योजना हो या लाडली लक्ष्मी योजना, कई योजनाएं मध्यप्रदेश में महिलाओं को मजबूत कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में तो अब यह कहावत चल पड़ी है कि भ्रष्टाचार करो भू-पे करो। प्रदेश में 508 करोड़ का महादेव ऐप सट्टा घोटाले ने वहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सारी पोल खोलकर रख दी है।



## सीतामढ़ी जिले में तालाब में डूबने से तीन की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्री फुलवरिया गांव में रविवार को तालाब में डूबने से दो लड़कों और एक लड़की की मौत हो गई। तीनों मनी के पास स्थित पोखर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान तालाब के गहरे पानी में चले गए। मृतकों में बर्री फुलवरिया गांव की रहने वाली सोनी कुमारी, सोनिया कुमारी और आदित्य कुमार है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तीनों को निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी। एक साथ तीन बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


## छग के सुकमा में आईईडी प्लांट करते समय विस्फोट, एक नक्सली की मौत

**एजेंसी। रायपुर/सुकमा/ कांकेर**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आईईडी प्लांट करते वक्त उसमें विस्फोट होने से एक नक्सली की मौत हो गई। वहीं, राज्य के कांकेर जिले के अंतागढ़ इलाके में सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जवानों ने नक्सलियों के एक कैंप को ध्वस्त कर दिया। इस मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के घायल होने की भी खबर है। अधिकारियों के मुताबिक सुकमा जिले के मुकरम और मकार्गुड़ा के बीच नक्सलियों द्वारा आईईडी प्लांट करते वक्त हुए विस्फोट में एक नक्सली की मौत हो गई। इस मामले में विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। वहीं, राज्य के कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जिले में मुठभेड़ होने की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक डीआरजी और बीएसएफ की संयुक्त टीम तड़के सुबह अंतागढ़ इलाके में सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जवानों का दावा है कि इस मुठभेड़ में गोली लगने से कई नक्सली घायल हो गए।

**अयोध्या** | श्रीराम जन्मभूमि के सुग्रीव किला परिसर में हुआ आयोजन

# 5 लाख मंदिरों के लिए अक्षत कलश रवाना



**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठापना के मद्देनजर रविवार को "पूजित अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम" का आयोजन किया। देश के चुनिंदा 101 कार्यकर्ताओं ने पूजन के बाद अक्षत कलश को विजय मंत्र के साथ ग्रहण किया और इसे लेकर अपने-अपने प्रांत के लिए रवाना हुए। पीतल के प्रत्येक कलश में भरे पांच किलो अक्षत को पहले पांच लाख मंदिरों में पहुंचाया जाएगा। फिर इन्हें घर-घर जाकर अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन को आमंत्रित किया जाएगा। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक पीतल के कलश में भरे पांच किलो पूजित अक्षत का वितरण देश के हर गांव के हर घर में होना है। इसके माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या स्थित नवीन श्रीराम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। श्रद्धालुओं को एक तरह का यह न्योता है।

कार्तिक कृष्ण पक्ष (05 नवंबर) को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में सुग्रीव किला के पास आयोजित कार्यक्रम में देश के लगभग सभी प्रदेशों के चुनिंदा कार्यकर्ता बुलाये गये थे। इनको अक्षत से भरे पीतल के पूजित कलश को सौंपा गया। कलश लेते और उसे ले जाते समय सभी 101 कार्यकर्ता विजय मंत्र "श्रीराम जय राम, जय जय राम" का जाप कर रहे थे। देशभर के 45 प्रांतों के कार्यकर्ता अयोध्या पहुंचे थे। यहां पहुंचे 101 कार्यकताओं को पूजित कलश सौंपा गया, जिसे वह अपने प्रांतो में लेकर रवाना हुए। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक अयोध्या में पूजित अक्षत को पहले देश के पांच लाख मंदिरों में पहुंचाया जाएगा। यहां पूजन होने के बाद उस क्षेत्र के हर घर में पूजित अक्षत को पहुंचाकर श्रद्धालुओं और आमजन को श्रीराम मंदिर के दर्शन को आमंत्रित किया जाएगा। श्रद्धा और विश्वास के इस अक्षत और कलश को ग्रहण करने वालों में कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक के कार्यकर्ता शामिल रहे। इस दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, उडुप्पी स्थित पेजावर मठ के स्वामी और तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी विश्वप्रसन्न जी महाराज, अनिल मिश्र, महंत दिनेन्द्रदास, सांसद लल्लू सिंह, मनोज कुमार, विहिप के राजेंद्र सिंह पंकज, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

### अक्षत में मिलाया गया है

अक्षत यानी अखंडित सफेद चावल को गाय के घी और हल्दी से रंगा गया है। इसका पूजन पहले अयोध्या में बने अस्थाई श्रीराम मंदिर में हुआ। फिर नूतन मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त पूजित अक्षत कलश वितरण हुआ। वहां से पंक्तिबद्ध रूप में बढ़ते हुए 101 लोगों का यह दल समारोह स्थल पहुंचा। यहां से दल पूजित अक्षत कलश लेकर अपने-अपने प्रांतों और विभागों के लिए रवाना हुए।

### क्या है शास्त्रीय मत

अक्षत का भाव पूर्णता से जुड़ा हुआ है यानी जिसकी क्षति न हुई हो। इसलिए जब भी देवी-देवता को अक्षत चढ़ाते हैं तो उनसे कामना करते हैं कि जीवन में कभी भी किसी भी चीज की कमी न हो। इसलिए पूजा में हमेशा अक्षत ही चढ़ाए जाने चाहिए। इसके साथ ही अक्षत का सफेद रंग शांति को दशार्ता है जो जीवन में सुख शांति लाने का काम करता है। शास्त्रों के अनुसार कभी भी चावल को अकेले नहीं चढ़ाना चाहिए।

## FILMY हलचल

### मेकर्स ने जारी किए 'डंकी' के दो शानदार पोस्टर्स, सभी किरदारों की दिखी खास झलक




**शाहरुख** खान के जन्मदिन के खास मौके पर रिलीज हुए डंकी ड्रॉप 1 के पहले टीजर ने यकीनन फैंस का दिल खुश कर दिया था। फिल्म की प्यारी कहानी ने लाखों दर्शकों के दिलों को छू लिया। वास्तविक जीवन के अनुभवों से प्रेरित, डंकी प्यार और दोस्ती की एक गाथा है जो इन विभिन्न कहानियों को एक साथ लाती है, और मजेदार और दिल तोड़ने वाले जवाब देती है। निमार्ताओं ने आज डंकी के पोस्टर लॉन्च किए, जिसमें शाहरुख खान, तापसी पन्नू, विक्रम कोचर, अनिल ग्रोवर और विक्की कौशल जैसे पांच किरदारों को एक साथ दिखाया गया है। पोस्टर खुशी को दशार्ते हैं। यह पोस्टर दोस्ती और चुनौतियों के बारे में हैं, जिनसे वे अपने सपनों को हासिल करने के लिए एक साथ गुजरते हैं। जिओ स्टूडियोज, रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित। अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा लिखित, डंकी इस दिसंबर में रिलीज होने वाली है।

### आलिया ने बेटी राहा का चेहरा छिपाने की बताई वजह


**आलिया** भट्ट और रणबीर कपूर बॉलीवुड के सबसे क्यूट कपल्स में से एक हैं। दोनों के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर हमेशा वायरल होते रहते हैं। दोनों पिछले साल नवंबर में माता-पिता बने हैं। आलिया ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम राहा है, लेकिन आलिया-रणबीर ने अभी तक बेटी की एक भी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर नहीं की है। आलिया ने खुलासा किया है कि वह राहा की पहली तस्वीर कब शेयर करेंगी। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने मीडिया कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उस वक्त उनसे पूछा गया था कि फैंस राह की पहली झलक देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पर आलिया ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं अपनी बेटी का चेहरा छिपाती हूं। मुझे अपनी बेटी पर बहुत गर्व है। शुरूआत में हमने तय किया था कि राहा का चेहरा नहीं दिखाएंगे। क्योंकि हम नए माता-पिता थे और वह एक साल की भी नहीं थी। हमें नहीं लगता कि उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होनी चाहिए।

### जोरदार तरीके से शुरू हुई 'टाइगर-3' की एडवांस बुकिंग, 12 नवंबर को रिलीज होगी



**बॉलीवुड** एक्टर सलमान खान और कैटरीना कैफ की 'टाइगर-3' इस वक्त चर्चा में है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। 'टाइगर-3' में दर्शकों को सलमान के साथ कैटरीना का एक्शन लुक भी देखने को मिलेगा। यशराज फिल्म्स ने 'टाइगर-3'की एडवांस बुकिंग आज यानी 5 नवंबर से खोल दी है। एडवांस बुकिंग शुरू होने के कुछ ही देर में फिल्म ने 1 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। सैक्निल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक 90 लाख टिकट 2ऊ के लिए बेचे गए हैं, जबकि बाकी टिकट क्टअ 4ऊ के लिए बेचे गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में 'टाइगर-3' की एडवांस बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है, जिसे यूके, यूएई और यूएसए में अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। बताया जा रहा है कि मेकर्स 11 नवंबर को अमेरिका और कनाडा में 'टाइगर-3' रिलीज करेंगे। 'टाइगर-3' यशराज फिल्म्स की 'स्पाई यूनिवर्स' की पांचवीं फिल्म है। इस फिल्म में सलमान, कैटरीना कैफ के साथ इमरान हाशमी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में देश में बिजली की खपत 9.4 % बढ़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बिजली खपत अप्रैल-अक्टूबर, 2023 में सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत बढ़कर 984.39 अरब यूनिट (बीयू) रही है। पिछले वित्त वर्ष के पहले सात माह में बिजली खपत 899.95 अरब यूनिट रही थी। आर्थिक गतिविधियों बढ़ने और मौसम की परिस्थितियों की वजह से बिजली का उपभोग बढ़ा है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, व्यस्त समय में अधिकतम बिजली की मांग अप्रैल-अक्टूबर, 2023 में लगभग 242 गीगावाट रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 215.88 गीगावाट रही थी। देश में बिजली खपत अक्टूबर में लगभग 22 प्रतिशत बढ़कर 138.94 अरब यूनिट रही। इसकी वजह त्योहारों के साथ आर्थिक गतिविधियों में तेजी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल समान महीने में बिजली की खपत 113.94 अरब यूनिट थी, जबकि अक्टूबर, 2021 में यह 112.79 अरब यूनिट थी। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, पिछले दो महीनों में बिजली खपत में भारी वृद्धि हुई है। अक्टूबर 2023 में टाटा पावर-दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के परिचालन वाले क्षेत्र में बिजली की खपत लगभग 10.16 प्रतिशत बढ़कर 84.5 करोड़ यूनिट हो गई, जबकि अक्टूबर, 2022 में यह 76.7 करोड़ यूनिट थी। उन्होंने कहा, मुख्य रूप से इस वर्ष सर्दियों की शुरूआत में देरी के कारण मांग अधिक बनी हुई है। अक्टूबर महीने में त्योहारी गतिविधियों ने भी मांग में वृद्धि में योगदान दिया है। हालांकि, प्रवक्ता ने कहा कि इस साल हल्की गर्मी के कारण अप्रैल-मई के दौरान बिजली की खपत पिछले साल की समान अवधि की तुलना में काफी कम थी। प्रवक्ता ने बताया कि अत्यधिक आर्द्र परिस्थितियों के कारण जुलाई से मांग बढ़ने लगी थी। बिजली मंत्रालय ने अनुमान लगाया था कि गर्मियों के दौरान देश की बिजली की मांग 229 गीगावाट तक पहुंच जाएगी।

## गागर में सागर

### टाटा स्टील नीदरलैंड सरकार से चाहती है वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन से फाइनेंसिंग हासिल करने के बाद टाटा स्टील अपने परिचालन को कॉर्बन-मुक्त करने की योजना को इंप्लीमेंटेशन करने के लिए नीदरलैंड सरकार से वित्तीय सहायता चाहती है। टाटा स्टील ने अक्टूबर 2021 में टाटा स्टील-यूके और टाटा स्टील-नीदरलैंड को टाटा स्टील-यूरोप से दो स्वतंत्र कंपनियों के रूप में अलग करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने कहा कि नीदरलैंड में हम जल्द ही रेग्यलटोरी और फाइनेंशियल सपोर्ट के लिए वहां की सरकार को एक डिटेल्ड डिस्कार्बोनाईजेशन का प्रस्ताव देंगे। बता दें, टाटा स्टील-नीदरलैंड उत्सर्जन और स्वास्थ्य मानकों को लेते हुए अपने परिचालन को कॉर्बन-मुक्त करने के तौर तरीकों पर गहनता से काम कर रही है। टाटा स्टील ने बयान में कहा कि दोनों पक्ष इस परियोजना की डिटेल्ड शर्तों और नियमों पर चर्चा करेंगे। इसमें कहा गया है कि टाटा स्टील का निदेशक मंडल उचित समय पर इस परियोजना को मंजूरी देने को लेकर विचार करेगा।

### माइक्रो फरहान कंप्यूटर दिवाली और त्योहारों के मौसम पर ग्राहकों को धमाकेदार छूट



**रांची।** माइक्रो फरहान कंप्यूटर शॉप नंबर एम मेजानाइन फ्लोर रोशपा टावर रांची में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शॉप के निदेशक मोहम्मद अफसर ने कहा कि रांची में 15 साल से लोगों के बीच विश्वसनीय सेवा उपलब्ध करा रहा है। हमारे यहां नया, पुराना कंप्यूटर, लैपटॉप ,कंप्यूटर की सभी एसेसरीज और कंप्यूटर, लैपटॉप की सर्विसिंग सुविधा के साथ होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरा का इंस्टालेशन भी होता है। इस त्योहार सीजन में ग्राहकों के लिए बेहतरीन ऑफर लेकर आए हैं। नया डेस्कटॉप 7999 में 1 साल के वारंटी के साथ ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। 7990 में पुराना लैपटॉप और 22000 में नया लैपटॉप ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। हर खरीदारी पर कई सारे गिफ्ट दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दुकान पर मल्टी ब्रांड लैपटॉप ,कंप्यूटर उपलब्ध है। इस मौके पर मोहम्मद सलमान, मोहम्मद गुड्डू, मोहम्मद शाद,मोहम्मद फैजान समेत कई लोग मौजूद थे।

### रिलायंस केजी गैस के लिए 'ऑयल इंडेक्सेशन' पर लौटी, खरीदारों की तलाश

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और ब्रिटेन की उसकी साझेदार बीपी पीएलसी ने केजी गैस की कीमत तय करने के लिए 'ऑयल इंडेक्सेशन' को फिर से अपनाया है। इससे कच्चे तेल की तेजी का लाभ लेने में मदद मिलेगी। ऑयल इंडेक्सेशन के तहत गैस की कीमत कच्चे तेल के दाम से जुड़ी होती है। केजी बेसिन भारत में निजी क्षेत्र द्वारा संचालित सबसे बड़ी गैस क्षेत्र है। रिलायंस और बीपी ने एक निविदा में पहली दिसंबर, 2023 से बंगाल की खाड़ी में केजी-डी6 ब्लॉक से प्रतिदिन 40 लाख मानक घन मीटर गैस के लिए खरीदारों से बोलियां मांगी हैं। निविदा दस्तावेज के अनुसार, कंपनी चाहती है कि उपयोगकर्ता ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत के अनुसार मूल्य उद्धृत (कोट) करें। कंपनी ने इस साल मई में अंतरराष्ट्रीय गैस बेंचमार्क जेकेएम के अनुसार गैस बेची थी।

### एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस के साथ इंटरलाइन साझेदारी की है। यह साझेदारी एयर इंडिया के ग्राहकों को अलास्का एयरलाइन के नेटवर्क पर यूएसए, मैक्सिको और कनाडा के 32 गंतव्यों से न्यूयॉर्क जेएफके, नेवार्क-न्यू जर्सी, वाशिंगटन डीसी, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को और वैंकूवर गेटवे से निर्बाध यात्रा का लाभ उठाने की अनुमति देगी।

## भारत में सीमेंट सेक्टर पर मार्केट स्टडी शुरू करेगा कम्पटीशन कमीशन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने बताया है कि अब वह सीमेंट क्षेत्र पर पूरे भारतीय बाजार का अध्ययन शुरू करने वाला है। इसका उद्देश्य भारत के सभी क्षेत्रों में सीमेंट बाजार के कामकाज और प्रतिस्पर्धा की स्थिति के बारे में तथ्यों का पता लगाना है। इसके साथ ही प्रतिस्पर्धा की स्थिति के बारे में तथ्यों का पता लगाना और व्यापक समझ विकसित करना है। आवास और बुनियादी ढांचे के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट, सीमेंट, कई अन्य उद्योगों के साथ जुड़ा हुआ है, जिससे अर्थव्यवस्था के समग्र विकास पथ को प्रभावित करने की क्षमता है। सीसीआई के अनुसार, अध्ययन में विभिन्न क्षेत्रों में सीमेंट क्षेत्र में उभरती बाजार संरचना की जांच करना, बाजार के रुझानों का अध्ययन करना, सीमेंट मूल्य निर्धारण को समझना, क्षेत्र की समग्र समझ के लिए सभी प्रासंगिक हितधारकों तक पहुंचना और प्रतिस्पर्धा में बाधाओं की पहचान करना और प्रवर्तन और वकालत प्राथमिकताओं का पता लगाना शामिल है। आयोग के अनुसार बाजार अध्ययन, सीमेंट क्षेत्र से संबंधित आयोग के समक्ष किसी भी मामले की कार्यवाही से स्वतंत्र है। अध्ययन माध्यमिक अनुसंधान और हितधारक परामर्श का एक संयोजन होगा। गुणात्मक और मात्रात्मक जानकारी माध्यमिक और प्राथमिक स्त्रोतों से एकत्र की जाएगी।

## दिवाली एसबीआई, पीएनबी समेत कई बैंक दे रहे ग्राहकों को होम लोन पर तगड़े ऑफर्स



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में इस समय त्योहारों का सीजन चल रहा है। अगले कुछ दिनों में धनतेरस, दिवाली, भाई दूज और छठ जैसे कई त्योहार मनाए जाएंगे। इस दौरान लोग जमकर घर और गाड़ी खरीदते हैं। ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए कई बड़े बैंक अपने ग्राहकों को होम लोन पर तगड़ा ऑफर्स लेकर आते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे बैंकों के बारे में बता रहे हैं। इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा जैसे बैंकों के नाम शामिल हैं। इन सभी बैंकों दिवाली 2023 में होम लोन पर फेस्टिव ऑफर्स शुरू किया है। धनतेरस और दिवाली के मौके पर भारतीय स्टेट बैंक ने एक स्पेशल फेस्टिवल ऑफर्स लेकर आया है। यह यह स्पेशल ऑफर 1 सितंबर, 2023 से 31 दिसंबर, 2023 के बीच वैलिड है। एसबीआइ ग्राहकों को इस स्पेशल कैंपेन के जरिए ब्याज दर पर तगड़ी छूट दे रहा है। ग्राहकों को क्रेडिट स्कोर के अनुसार 0.65 फीसदी यानी 65 बेसिस प्वाइंट्स तक अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। पंजाब नेशनल बैंक भी अपने कस्टमर्स को होम लोन पर तगड़ा ऑफर दे रहा है। अगर आप इस धनतेरस और दिवाली पर बैंक से होम लोन लेते हैं तो बैंक 8.40 फीसदी की शुरूआती दर पर होम लोन ऑफर कर रहा है। इसके साथ ही बैंक प्रोसेसिंग फीस और डॉक्यूमेंटेशन पर भी किसी तरह का चार्ज नहीं ले रहा है। होम लोन प्राप्त करने के लिए आप पीएनबी की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800 1800/1800 2021 पर कॉल करके भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवाली के मौके पर फिलिंग ऑफ वेस्टिवल विथ बॉब नाम का स्पेशल कैंपेन लॉन्च किया है। इस कैंपेन को 31 दिसंबर, 2023 तक वैलिड है।

### एफपीआई ने नवंबर के तीन कारोबारी सत्रों में शेयरों से 3,400 करोड़ रुपए निकाले

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला नवंबर में भी जारी है। पश्चिम-एशिया में तनाव तथा बढ़ती ब्याज दरों के बीच एफपीआई ने नवंबर के पहले तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 3,400 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की है। इससे पहले एफपीआई ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजारों से 24,548 करोड़ रुपए और सितंबर में 14,767 करोड़ रुपए निकाले थे। एफपीआई मार्च से अगस्त तक इससे पिछले छह माह के दौरान लगातार शुद्ध लिवाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने शेयर बाजारों में 1.74 लाख करोड़ रुपए डाले थे। हालांकि, आगे चलकर एफपीआई का बिकवाली का सिलसिला थम सकता है, क्योंकि अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नरम रुख की वजह से बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी थमी है।

## भारत ने पहली बार रक्षा उद्योग में दी 100 फीसदी एफडीआई को मंजूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने पहली बार रक्षा उद्योग में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को मंजूरी दे दी है। स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है। यह मंजूरी हरियाणा में फैक्टरी की स्थापना करने के लिए दी गई है। इस फैक्टरी में एंटी आर्मर, एंटी टैंक, बंकर और कार्ल-गुस्ताफ एम4 रॉकेट लॉन्चर का भी निर्माण किया जाना है। भारतीय सेना पहले से ही कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट का इस्तेमाल कर रही है। इन रॉकेट लॉन्चरों का यूक्रेन-रूस युद्ध में जमकर इस्तेमाल हो रहा है। भारत ने अभी तक रक्षा उद्योग में 74 फीसदी तक एफडीआई की अनुमति दी है। हालांकि 2015 में एफडीआई मंजूरी के नियमों में ढील दी गई थी, लेकिन अब तक कोई भी विदेशी कंपनी रक्षा क्षेत्र में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति नहीं ले पाई थी। यह पहला मौका है, जब स्वीडिश कंपनी साब ने रक्षा परियोजना में भारत का पहला 100 फीसदी एफडीआई हासिल किया है। सूत्रों ने कहा कि 500 करोड़ रुपये से कम मूल्य के एफडीआई प्रस्ताव को पिछले महीने मंजूरी दे दी गई थी। साथ ही स्वीडन के साब को एक नई फैक्टरी स्थापित करने की अनुमति दी गई है, जो कार्ल-गुस्ताफ रॉकेट का निर्माण करेगी। दरअसल, हरियाणा में एक फैक्टरी स्थापित करने के लिए भारत में नई कंपनी 'साब एफएफवी इंडिया' पंजीकृत की गई है। इसमें कार्ल-गुस्ताफ एम4 लॉन्चर सिस्टम की नवीनतम पीढ़ी का निर्माण किया जाना है। इस फैक्टरी में कार्ल-गुस्ताफ प्रणाली के लिए साइटिंग तकनीक और कार्बन फाइबर वाइंडिंग सहित उन्नत प्रौद्योगिकियां शामिल होंगी। हालांकि, कंधे से दागे जाने वाले रॉकेट पहले से ही भारतीय सशस्त्र बलों के उपयोग में हैं और स्थानीय उत्पादन शुरू होने के बाद इन्हें निर्यात भी किया जा सकता है।

## विदेश

## नेपाल सरकार भूकंप पीड़ितों की सहायता के लिए कर रही प्रयास



**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल के अधिकारियों ने रविवार को भूकंप से प्रभावित लोगों को तुरंत सहायता पहुंचाने की कोशिश की। नेपाल में शुक्रवार देर रात को आए विनाशकारी भूकंप में कम से कम 157 लोगों की मौत हो गई। हिमालयी राष्ट्र के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में विनाशकारी भूकंप के निशान दूर से ही दिखाई दे रहे हैं। भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 500 किमी पश्चिम में जजरकोट जिले में शुक्रवार आधी रात से ठीक पहले दर्ज किया गया था। भूकंप के कारण पहाड़ी क्षेत्र में सैकड़ों घर नष्ट हो गये, कई लोगों को शनिवार की रात खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ी। इस त्रासदी में मारे गए कुल 157 लोगों में से अब तक 120 के शव परिवार वालों को सौंप दिए गए हैं।भूकंप में लगभग 253 लोग घायल हो गए, जो 2015 के बाद से देश में सबसे विनाशकारी है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भूकंप से बचे लोगों के लिए एक विशेष राहत पैकेज पर निर्णय लेने के लिए कैबिनेट बैठक कर रहे हैं। सरकार ने शनिवार को कहा कि वह पश्चिमी नेपाल, विशेषकर जजरकोट और पश्चिमी रुकुम जिलों में आए विनाशकारी भूकंप के मद्देनजर राहत, बचाव कार्यों तथा राहत वितरण और अन्य रसद के प्रबंधन के लिए विदेशी मदद लेने की जल्दी में नहीं है। आपदा के बाद नेपाल के निकटतम पड़ोसियों, भारत, चीन और अमेरिका ने रसद के साथ सहायता की पेशकश की है। वहीं, देश में बचाव दल भेजकर पीड़ितों की तलाश की है। प्रचंड ने शनिवार को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के बाद कहा, 'हमने विदेशी सहायता स्वीकार करने पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।'भूकंप के बाद का भयावह दृश्यभूकंप के बाद का भयावह दृश्यउन्होंने कहा कि उन फैसलों के लिए रविवार सुबह कैबिनेट की बैठक होगी।

## इजरायल ने शरणार्थी शिविर में बम गिराया, 33 लोग मारे गए



**तेल अवीव।** इजरायल ने रविवार तड़के केंद्रीय गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हवाई हमला किया। जिसमें कम से कम 33 लोग मारे गए। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह हमला अमेरिका की ओर से इजरायल से मानविय आधार पर संघर्ष विराम करने के आग्रह के बाद किया गया है। फिलिस्तीनियों ने शनिवार को कई घातक हमलों की सूचना दी। बताया जा रहा है कि गाजा में हमास-संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल-हामास युद्ध में फिलिस्तीनी मौत का टोल 9,448 तक पहुंच गया। कब्जे वाले वेस्ट बैंक में, हिंसा और इजरायल के छापे में 140 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। लगभग 1,100 लोगों ने संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र, इजराइल और कतर के बीच एक स्पष्ट समझौते के तहत बुधवार से राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी छोड़ दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायली युद्धक विजबियों ने रविवार तड़के केंद्रीय गाजा में मगजी शरणार्थी शिविर पर हवाई हमला किया।

### फिलिस्तीन समर्थकों ने तोड़े राष्ट्रीय स्मारक

**वाशिंगटन।** इजराइल और हमास आतंकियों के बीच 7 अक्टूबर से भीषण जंग जारी है। इस युद्ध में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9,448 हो गई है। इजराइल में 1,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है। दोनों देशों के बीच छिड़ी जंग से दुनिया में हलचल मची हुई है। इस जंग में अमेरिका ने इजराइल को समर्थन दिया है जिसके बाद फिलिस्तीन नागरिक यूएस के विरोध में आ गए हैं। इसी बीच अमेरिका में रहने वाले ने फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका के राष्ट्रीय स्मारकों को तोड़ दिया है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने एंड्रयू जैक्सन की मूर्ति, द जनरल मार्क्विस डी लाफायेट की मूर्ति, बेंजामिन फ्रैंकलिन की मूर्ति सहित अमेरिका के राष्ट्रीय स्मारकों को तोड़ दिया है।

### अमेरिका में 28 जनवरी को होगा अगला जनमत संग्रह

**वाशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी भारत के खिलाफ कनाडा, ब्रिटेन में अपनी गतिविधियों को बढ़ाने के बाद अब अमेरिका में अपने पैर पसारने के प्रयास कर रहे हैं । अमेरिका में सैन जोस, कैलिफोर्निया के आईटी उद्यमी, वक्ता, कार्यकर्ता सुखी चहल ने बताया कि सिख फॉर जस्टिस के संयोजक अवतार सिंह पन्नू ने आज कैलिफोर्निया के युवा सिटी गुरुद्वारा के मंच से घोषणा की कि खालिस्तान जनमत संग्रह का अगला चरण 28 जनवरी, 2024 को सैन फ्रांसिस्को में होगा। सुखी चहल ने कहा कि यह एसएफजे द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में इस तरह का बकवास जनमत संग्रह कराने का प्रयास करने का पहला उदाहरण है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोगों के कार्यों का मेहनती मुख्यधारा के सिख समुदाय पर नकारात्मक परिणाम हो सकता है। गौरतलब है कि कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार से मिल रहे लगातार समर्थन के बाद भी उनका जनमत अभियान बुरी तरह से फेल हो रहा है।

**बड़ा निवेश** — भारत ने एक बार फिर चीन को दिया बड़ा झटका

## यूएई भारत में 50 अरब डॉलर का निवेश करेगा



**यह निवेश इस बात के संकेत हैं कि दुनियाभर के देश भारत की तेज रफ्तार से भाग रही इकॉनमी को देख उसका साथ दे रहे हैं**

एजेंसी। यूएई। भारत ने एक बार फिर चीन को ऐसा बड़ा झटका दिया है कि ड्रैगन तिलमिला उठेगा। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत में 50 अरब डॉलर का निवेश करने की बात कही है। यूएई अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत में 50 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान कर सकता है। और वअए के इस फैसले से चीन का गुस्सा बढ़ना तय माना जा रहा है। यूएई ने तेजी से बढ़ रही भारत की इकॉनमी पर भरोसा करते हुए इस बड़े निवेश 50 बिलियन डॉलर यानी 4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश की बात कही है । चीन जो अपन इकॉनमी को मजबूत करने के लिए विदेशी निवेश को तरस रहा है और भारत को मिल रहे इस निवेश से परेशान हो सकता है। दरअसल, कोविड के बाद से चीन की हालात खराब है। चीन अपनी गिरती इकॉनमी को संभालने में जुटा हुआ है। रियल एस्टेट से मिले झटके ने चीन की इकॉनमी की नींव को हिला कर रखा दिया है। चीन की कंपनियां दिवालिया हो रही है तो वहीं विदेशी कंपनियां साथ छोड़ रही है। इकॉनमी में जान फूंकने के लिए चीन विदेशी निवेश की ताक में है, लेकिन वअए के इस ऐलान से बड़ा झटका लगा है। यह निवेश इस बात के संकेत हैं कि दुनियाभर के देश भारत की तेज रफ्तार से भाग रही इकॉनमी को देख उसका साथ दे रहे हैं। भारत और वअए के बीच रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं। वअए से आने वाले इस निवेश से भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और इंफ्रा को काफी मजबूती मिलेगी। भारत की इकॉनमी और मजबूत होगी। बता दें कि मौजूदा समय में वअए और भारत के बीच नॉन ऑयल बाइलेटरल ट्रेड 100 अरब डॉलर का हो चुका है। बता दें कि वअए में की कुल आबादी में से भारत के लोगों की संख्या करीब 30 फीसदी है। दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते का नतीजा है कि वअए ई भारत में अपना निवेश और बढ़ा रहा है।

## पेज एक के शेष

### भारत ने एशियन महिला ...

ली और प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया। **बैड लाइट के कारण दो बार रूका खेल :** चाइना और कोरिया के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच के दौरान दो हाई मास्ट लाइट खराब हो गए। सही तरीके से लाइट काम नहीं करने के कारण दो बार कुछ समय के लिए मैच प्रभावित हुआ। फाइनल मुकाबले से पहले दोनों हाई मास्ट लाइट को बंद कर तकनीकी समस्या को ठीक किया गया। इससे पहले 30 अक्टूबर को भारत और चाइना के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान भी हाई मास्ट लाइट के चलते लगभग 5 मिनट तक खेल प्रभावित हुआ था।

### ईडी के अफसर पर ...

रांची भूमि घोटाला केस में अब तक ईडी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और कारोबारी बिष्णु अग्रवाल सहित प्रेम प्रकाश को मिलकर कुल 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। केस की जांच पिछले एक साल से चल रही है। पिछले साल ईडी ने नवंबर में कारोबारी बिष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर छापा मारा था। इसी वर्ष 13 अप्रैल को ईडी ने पूर्व रांची डीसी और तात्कालीन समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन के जमशेदपुर स्थित घर के अलावा, रांची, सिमडेगा और हजारीबाग के कई ठिकानों पर छापा मारा था।

### 22 नवंबर को...

विपक्ष के कई विधायक शामिल होंगे। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। पिछली बार की तरह इस बार भी देश के किसी नामी हस्ती को बुलाया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि इस बार भी भव्य तरीके से विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। झारखंड विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक और उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। देश की सुरक्षा में लगे सेना और पुलिस के जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। सेना और पुलिस के शहीद जवानों के आश्रितों को भी सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों और मैट्रिक-इंटर की परीक्षाओं के टॉपर सहित देश और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

### रक्षामंत्री ने महिला ...

महिलाएं अब सशस्त्र बलों में लगभग हर क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ रही हैं। 2019 में भारतीय सेना में सैन्य पुलिस कोर में सैनिकों के रूप में महिलाओं की भर्ती के माध्यम से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की गई है।

### ...और दो टुकड़ों...

कोच में बेटी को बिठाने के दौरान ही ट्रेन चल पड़ी। ट्रेन चलने पर डॉ। गालब जल्दबाजी में कोच के गेट पर उतरने के लिए पहुंच गए। इसी दौरान जल्दबाजी में उतरते समय कोच के फुटरेस्ट पर रखा उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच से पटरी पर गिर गए। यह सारा वाकया स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। फुटेज में दिख रहा है कि एक शख्स उन्हें गिरता देख दौड़कर बचाने के लिए दौड़ा, लेकिन वह पहुंचता तब तक देर हो चुकी थी। इस दर्दनाक हादसे में डॉ गालब की मौत हो गई। उनके शरीर के दो हिस्से हो गए।

# कोहली ने बर्थडे पर रचा इतिहास

## सचिन से 175 पारियां कम खेलकर जड़ा रिकॉर्ड, 49वां वनडे शतक

**एजेंसी। कोलकाता**

विराट कोहली ने आज एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह आधुनिक समय के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक क्यों हैं। क्योंकि आज उन्होंने महान सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतक के महारिकॉर्ड की बराबरी कर ली, वो भी उनसे 175 कम पारियों में। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 के 37वें लीग मैच में भारत के पूर्व कप्तान स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने शानदार शतक जड़ा। इस शतक के बदौलत विराट ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के 49 वनडे शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। विराट ने सचिन के एक ऐसे महारिकॉर्ड की बराबरी की है, जिसे हासिल करना एक समय पर नामुमकिन जैसा लगता था। लेकिन रन मशीन के नाम से दुनिया भर में मशहूर विराट ने ऐसा कर दिखाया है।

विराट के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अपने आदर्श सचिन से 175 कम पारियों में ही यह कीर्तिमान हासिल किया है। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 463 वनडे मैचों की 452 पारियों में 49 शतक जड़े थे। वहीं कोहली ने 259 वनडे मैचों की 251 पारियों में ही 49 शतक ठोंककर तेंदुलकर के महारिकॉर्ड की बराबरी कर ली। भारत के कप्तान रोहित शर्मा 31 शतकों के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

खचाखच भरे ईडन गार्डन्स में, कोहली ने रविवार को अपने 35वें जन्मदिन पर अपना ऐतिहासिक 49वां एकदिवसीय शतक बनाया। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (326/5) का स्कोर बनाया। ईडन गार्डन्स का विराट के साथ विशेष जुड़ाव है क्योंकि उन्होंने 2009 में श्रीलंका के खिलाफ इसी मैदान पर अपना पहला वनडे शतक भी बनाया था।

यह सिर्फ कोहली और उनकी आभा ही थी जो स्टेडियम में छा गई और हजारों दर्शक इतिहास के साक्षी बने। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जिस तरह की निरंतरता उन्होंने दिखाई है, उसे देखते हुए क्रिकेट प्रेमियों के लिए विराट कोहली का शतक कोई नई बात नहीं है। लेकिन 49वां शतक हमेशा कोहली के लिए एक विशेष स्थान रखेगा क्योंकि उन्होंने महान मास्टर ब्लास्टर के साथ अपना नाम भी दर्ज करा लिया है। पारी के बाद कोहली ने कहा कि यह बल्लेबाजी के लिए मुश्किल विकेट था। कोहली ने कहा, '10वें ओवर के बाद गेंद ने पकड़ना और घूमना शुरू कर दिया, यह धीमी हो गई और फिर मेरी भूमिका मेरे आसपास खेल रहे अन्य लोगों के साथ गहरी बल्लेबाजी करने की थी। टीम प्रबंधन ने मुझे यही बताया था'।

इस शतक के साथ उन्होंने खुद को सफेद गेंद वाले क्रिकेट में एक अलग मुकाम साबित करते हुए एक विशेष उपलब्धि हासिल की।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | +2.456 |
| सा. अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 12 | +1.376 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.924 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.398 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.036 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.330 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.162 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.398 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.504 |

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 40 | 24 | 6 | 2 |
| शुभमन गिल | 23 | 24 | 4 | 1 |
| विराट कोहली | 101 | 121 | 10 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 77 | 87 | 7 | 2 |
| के एल राहुल | 8 | 17 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार यादव | 22 | 14 | 5 | 0 |
| रवींद्र जाडेजा | 29 | 15 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त :** 26, **कुल :** 326/5 (50ओवर)

**विकेट पतन:** 1-62, 2-93, 3-227, 4-249, 5-285 . डीआरएस

**गेंदबाजी :** लुंगिसानी एनगिडी 8.2-0-63-1, मार्को यानसन 9.4-0-94-1, कगिसो रबाडा 10-1-48-1, केशव महाराज 10-0-30-1, तबरेज शम्सी 10-0-72-1, एडन मारक्रम 2-0-17-0

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 5 | 10 | 1 | 0 |
| तेम्बा बवूमा | 11 | 19 | 1 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 13 | 32 | 1 | 0 |
| एडन मारक्रम | 9 | 6 | 2 | 0 |
| हाइनरिक क्लासन | 1 | 11 | 0 | 0 |
| डेविड मिलर | 11 | 11 | 2 | 0 |
| मार्को यानसन | 14 | 30 | 1 | 0 |
| केशव महाराज | 7 | 11 | 1 | 0 |
| कगिसो रबाडा | 6 | 26 | 0 | 0 |
| लुंगिसानी एनगिडी | 0 | 3 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी | 4 | 4 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त :** 02, **कुल :** 83/10 (27.1 ओवर)

**विकेट पतन:** 1-6, 2-22, 3-35, 4-40, 5-40, 6-59, 7-67, 8-79, 9-79, 10-83 . डीआरएस

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 5-0-14-0, मोहम्मद सिराज 4-1-11-1, रवींद्र जाडेजा 9-1-33-5, मोहम्मद शमी 4-0-18-2, कुलदीप यादव 5.1-1-7-2

### मैक्सवेल और मार्श की वापसी पर ग्रीन ने कहा

# जो चयन हो रहा है उससे पूरी तरह सहमत हूं

**एजेंसी। अहमदाबाद**

यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 33 रनों की जीत में 52 गेंदों में 47 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने के बावजूद, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने कहा कि वह पूरी तरह से ठीक है अगर उन्हें भविष्य के मैचों में ग्लेन मैक्सवेल और मिशेल मार्श की वापसी के लिए रास्ता बनाना है। मैक्सवेल को गोल्फ के दिन चोट लगने के कारण शनिवार के मुकाबले से बाहर कर दिया गया था, जबकि मार्श निजी कारणों से पर्थ वापस घर चले गए, जहां उनके नाना रॉस का शुक्रवार को निधन हो गया। अब उनके मंगलवार को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच से पहले रविवार को मुंबई में ऑस्ट्रेलिया की टीम में फिर से शामिल होने की उम्मीद है।

हम मैदान पर सर्वश्रेष्ठ टीम चाहते हैं और दुर्भाग्य से मैं चूक रहा हूं। हम कुछ बेहतरीन क्रिकेट खेल रहे हैं, लगातार पांच जीत रहे हैं, इसलिए हमें कुछ सही करना होगा। मुझे लगता है कि वे (मैक्सवेल और मार्श) सीधे वापस आ गए हैं। हम मिच और फिर मैक्सी को वापस लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं, मुझे लगता है कि यह आठ दिवसीय प्रोटोकॉल है (जो अफगानिस्तान मैच के दिन समाप्त होता है) इसलिए मुझे लगता है कि वह जाने के लिए बिल्कुल तैयार है। मुझे पता है कि मेरे पास कुछ है।"

क्रिकेट.कॉम.एयू ने ग्रीन के हवाले से कहा, मेरे सामने काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। अगर मैं टीम के अंदर और बाहर रहूं तो कोई समस्या नहीं है। जो



चयन हो रहा है, मैं उससे पूरी तरह सहमत हूं। ग्रीन के लिए 2023 बहुत व्यस्त रहा - फरवरी-मार्च में भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में खेलना, उसके बाद मुंबई इंडियंस के लिए पहला आईपीएल 2023 अभियान, विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल जीत, एशेज, द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला और अब पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच।

वैश्विक प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से आराम दिए जाने पर, ग्रीन ने जोर देकर कहा कि कठिन 2023 ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है। मुझे लगता है कि यह बहुत कठिन है। आप ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना संभव हो उतना खेलना चाहते हैं और दुर्भाग्य से, इस साल कार्यक्रम काफी व्यस्त है। लेकिन अपने देश के लिए खेलना बहुत पसंद है - और मुझे लगता है कि शायद अगले साल थोड़ा अंतर रह जाएगा।

# अपने पहले गोवा दौरे का आनंद ले रही हूं : अंजुम मुद्गिल

**एजेंसी। पणजी**

विश्व चैंपियनशिप में दो बार रजत पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज अंजुम मुद्गिल ने अपनी लय जारी रखते हुए गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में शनिवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। स्वर्ण पर निशाना साधने के कुछ घंटों बाद ही मुद्गिल ने गोवा में समुद्र के किनारे घूमना पसंद किया। पंजाब की इस निशानेबाज ने अपने राज्य की समरा के 458.2 स्कोर के मुकाबले 458.9 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मध्य प्रदेश की आशी चौकसे ने कुल 445.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। अंजुम ने कहा, " मैं पहली बार गोवा आई थी और मैं यहां के माहौल का आनंद ले रही



हूं। दिन की शुरूआत में स्वर्ण पदक जीतना अच्छा लगा, और कल चंडीगढ़ वापस रवाना होने से पहले मैं यहां की कुछ प्रसिद्ध जगहों का आनंद लेना चाहती हूं।" पहली बार गोवा में मुकाबला करने के बाद अंजुम ने कहा कि वह यहां की स्थितियों और बुनियादी ढांचे से बहुत खुश हैं। 37वें राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग प्रतियोगिताएं राजधानी पणजी से लगभग 40 किलोमीटर दूर मंड्रेम शूटिंग रेंज में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, " मैं पहली बार यहां पर खेलने आई हूं। यहां की सुविधाएं काफी अच्छी है और सभी निशानेबाज यहां मिलने वाली सुविधाओं से काफी खुश है।" राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद, 29 वर्षीय मुद्गिल दिवाली की छुट्टियों के लिए वापस चंडीगढ़ जाएंगी। लेकिन उनके पास आराम करने के लिए ज्यादा समय नहीं होगा क्योंकि उन्हें 24 नवंबर से डॉ.कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू होने वाली राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप की तैयारी करनी है।

उन्होंने कहा, " अगला लक्ष्य सीनियर नेशनल में अच्छा प्रदर्शन करना और राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीत की लय को जारी रखना है। दिवाली के लिए कुछ दिनों की छुट्टी होगी लेकिन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए तैयारी जारी रखनी होगी।"

## जिम्बाब्वे ने सिकंदर रजा को नया टी20 कप्तान नियुक्त किया



**हरारे।** ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर सिकंदर रजा को वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में स्थान हासिल करने के लिए जिम्बाब्वे की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह बदलाव जिम्बाब्वे द्वारा हाल ही में नामीबिया से टी20 सीरीज 3-2 से हारने के बाद आया है। रजा ने क्रेग एर्विन का स्थान लिया है, जो अब टेस्ट और वनडे में जिम्बाब्वे टीम का नेतृत्व करेंगे और उन्होंने 38 मैचों में जिम्बाब्वे की कप्तानी की थी। रजा ने इससे पहले 2015 से 2021 तक चार मैचों में जिम्बाब्वे की कप्तानी की थी, हालांकि वह स्टैंड-इन कप्तान के रूप में आए थे।

# विश्व कप से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने कमजोर पक्षों को सुधारेगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अगले महीने होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 से पहले अपने कमजोर पक्षों को सुधारने पर काम करेगी। टीम उन कमजोर पक्षों पर काम करेगी, जिनकी पहचान जोहोर कप 2023 में कांस्य पदक जीतने के दौरान हुई। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप 2023 के कांस्य पदक मैच में पाकिस्तान को 3-3 से स्कोर बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराकर अपने अभियान का समापन किया। सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ 3-6 से मिली हार के बाद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए पाकिस्तान को हराकर कांस्य



पदक जीता। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने जोहोर कप में टीम के प्रदर्शन को लेकर कहा, टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, हालांकि, मैं इसे संतोषजनक नहीं कहूंगा क्योंकि कुछ चीजें हैं जो हम बेहतर कर सकते थे। उन्होंने एक बयान में कहा कि अब हम बेंगलुरु लौटेंगे और एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 से पहले के सप्ताहों का उपयोग उन क्षेत्रों को सुधारने और तेज करने के लिए करेंगे जिन्हें हमने जोहोर बाहरू में इस प्रदर्शन के दौरान पहचाना था। इस टूर्नामेंट ने हमें अन्य टीमों के प्रदर्शन के बारे में भी जानकारी प्रदान की। हम एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में उसी अनुसार अपनी रणनीति बनाएंगे। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 अगले महीने 5 दिसंबर से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर (मलेशिया) में आयोजित होने वाला है। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 16 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिन्हें 4 पूल में विभाजित किया गया है।

भारत को पूल सी में स्पेन, कोरिया और कनाडा के साथ रखा गया है। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चिली और मेजबान मलेशिया पूल ए में हैं, जबकि जर्मनी, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र पूल बी में हैं, और नीदरलैंड, बेल्जियम, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड पूल डी में हैं। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरूआत 5 दिसंबर को कोरिया के खिलाफ करेगी।

# जोकोविच ने दिमित्रोव के साथ शिखर मुकाबले की तैयारी के लिए रुब्लेव को हराया



**एजेंसी। पेरिस**

नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में अपना सही रिकॉर्ड बरकरार रखा, क्योंकि दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव को 5-7, 7-6(7-3), 7-5 से हरा दिया और एटीपी मास्टर्स 1000 में रिकॉर्ड-विस्तारित सातवें खिताब के करीब पहुंच गए। जोकोविच अब पेरिस-बर्सी में सेमीफाइनल में 9-0 से आगे हैं, जहां वह रविवार के चैंपियनशिप मैच में अपने 40वें मास्टर्स 1000 खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, वहां उनके प्रतिद्वंद्वी बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव होंगे, जिन्होंने पहले स्टेफानोस सितसिपास को 6-3, 6-7 (1-7), 7-6 (7-3) से हराया था।

अगर जोकोविच रविवार को खिताब जीतते हैं, तो वह एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में कार्लोस अल्काराज पर अपनी बढ़त को 1490 अंक तक बढ़ा देंगे, जिससे यह अत्यधिक संभावना है कि वह आठवीं बार एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 सम्मान का दावा करेंगे। रुब्लेव अब एटीपी फाइनल्स में एक मजबूत वर्ष बिताने की तलाश में ट्यूरिन जा रहे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने विशेष रूप से 2023 में मास्टर्स 1000 स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है - वह इस वर्ष उस स्तर पर सबसे अधिक मैच जीतने के मामले में जानिक सिनर के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए पाक पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

**एजेंसी। बेंगलुरु**

पाकिस्तान पर शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लीग मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के रिची रिचर्डसन ने समय भत्ते पर विचार करने के बाद बाबर आजम की टीम को लक्ष्य से दो ओवर कम होने के कारण यह



सजा दी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, यदि खिलाड़ियों की टीम आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहती है, तो प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुमार्ना लगाया जाता है। बाबर ने अपराध स्वीकार किया और प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर पॉल विल्सन और रिचर्ड केटलबोरो, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर जोएल विल्सन ने आरोप लगाया।

## जका अशरफ की अगुवाई वाली पीसीबी प्रबंधन समिति को 3 महीने का विस्तार मिला

**लाहौर।** जका अशरफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड



(पीसीबी) प्रबंधन समिति को देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और पीसीबी के संरक्षक अनवर-उल-हक काकर ने तीन महीने का विस्तार दिया है। अशरफ के नेतृत्व वाली प्रबंधन समिति का गठन जुलाई 2023 में चार महीने की अवधि के लिए किया गया था, जो 5 नवंबर को समाप्त होने वाली थी और कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने अपने विशेषाधिकार का उपयोग करते हुए इसे तीन महीने का विस्तार दिया है। पीसीबी के बयान में कहा गया है, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के संरक्षक अनवर-उल-हक काकर ने पीसीबी प्रबंधन समिति को तीन महीने का विस्तार दिया है। जका अशरफ वर्तमान में 10 सदस्यीय प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं। अशरफ का विस्तार पाकिस्तान क्रिकेट के लिए बहुत महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जो शनिवार को बारिश से बाधित मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ में अभी भी बने हुए हैं।

## भारत की महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी में तीसरा रजत पदक जीता

**मुंबई।** भारतीय रग्बी महिला टीम ने एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी के पिछले तीन संस्करणों में तीसरी बार रजत पदक जीता है। एक साहसिक प्रयास में, भारतीय महिलाएं 3-4 नवंबर को कतर के दोहा में ओनाज़िया ट्रेनिंग पिच पर आयोजित फाइनल में यूएई से हार गईं। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ₹एशिया रग्बी सेवन्स ट्रॉफी में लगातार तीन रजत पदक महिला टीम के लिए एक सराहनीय परिणाम है। यह पिछले कुछ वर्षों में उनके प्रदर्शन की निरंतरता और खिलाड़ियों के मार्ग का एक प्रमाण है जो हमें इस तरह की क्षमता के साथ लगातार प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देता है। इस संस्करण में 5वें स्थान पर आने के लिए पुरुष टीम को भी बधाई।

### टाटा स्टील रन-ए-थान — राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय धावकों के साथ दौड़ी लौहनगरी

# हरि सिंह ने जीता 5 लाख का ईनाम

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स 5 लाख की ईनामी राशि वाले रन-ए-थान दौड़ में कई महिला एवं पुरुष अंतरराष्ट्रीय धावकों के साथ टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रनन कारपोरेट जगत समेत शहर के हजारों लोगों ने दौड़ लगाई, इसमें हर उम्र के लोग नजर आ रहे थे। टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि शहर के लोगों को फिट रखने एवं खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। जहा अब कई अंतरराष्ट्रीय धावकों को इस आयोजन का इंतजार रहने लगा है। वहीं शहर के लोगों को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावकों के साथ



दौड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। टाटा स्टील द्वारा आयोजित इनामी राशि वाले रन ए थान दौड़ में 10 किलोमीटर, 7 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, एवं 2 किलोमीटर के लिए अलग-अलग समय पर प्रतियोगिताएं हुईं, जहां आकर्षण का केंद्र 10 किलोमीटर की प्रतियोगिता रही। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय महिला एवं पुरुष धावकों ने 5 लाख की इनामी राशि जीतने के लिए दौड़ लगाई है। वहीं, खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन सहित कॉरपोरेट जगत के कई लोग एवं प्रशासनिक पदाधिकारी भी सड़क पर दौड़ते हुए नजर आए। वहीं, इन सभी प्रतियोगिताओं में हर उम्र के लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जहा कई लोग पूरे परिवार के साथ दौड़ का आनंद उठा रहे थे। 10 किलोमीटर पुरुष वर्ग में झारखंड के हरि सिंह ने इनामी राशि एवं ट्रॉफी को अपने नाम किया। जहां महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की रेणु सिंह ने इनामी राशि एवं ट्रॉफी पर कब्जा जमाया है। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया गया।